01 फरवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 104

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# देश का आम बजट आज

## केंद्र सरकार से सभी वर्गों ने लगा रखी है उम्मीद

- आर्थिक सर्वेक्षण पेश, 6.3 से 6.8 फीसदी रह सकती है जीडीपी वृद्धि दर
- बजट सत्र के पहले ही दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी के बयान पर घमासान



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद का बजट सत्र शुक्रवार को शुरू हो गया। पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों को संबोधित किया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बयान पर घमासान मच गया है। राष्ट्रपति भवन ने आपत्ति जतायी, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माफी मांगने की बात कही। उधर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। मोदी सरकार शनिवार को आम बजट पेश करेगी। प्रधानमंत्री ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए बजट को लेकर संकेत दिये हैं।

**राष्ट्रपति ने 59 मिनट का दिया अभिभाषण:** संसद के बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने 59 मिनट का अभिभाषण दिया। इस दौरान उन्होंने छात्र, मध्यमवर्गीय लोग, गरीबों, किसानों, आदिवासी, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग-टेक्नोलॉजी आदि का जिक्र किया।

**सोनिया ने क्या कहा:** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी पर विवाद हो गया। सोनिया गांधी ने द्रौपदी मुर्मू के लिए 'बेचारी' शब्द का इस्तेमाल किया। वहीं, राहुल ने भाषण को बोरिंग बताया। सदन के बाहर सोनिया और राहुल ने मीडिया से बात की। सोनिया गांधी ने कहा कि 'पुअर लेडी। वह बहुत थकी नजर आ रही थीं। वह बड़ी मुश्किल से बोल पा रही थीं।' वहीं, राहुल ने कहा कि यह बोरिंग था। वही बातें बार-बार रिपीट की गयीं।

**राष्ट्रपति भवन के सचिव ने जतायी आपत्ति:** राष्ट्रपति भवन के प्रेस सचिव ने सोनिया गांधी के बयान पर आपत्ति जतायी। उन्होंने कहा कि विपक्षी सांसदों का बयान दुर्भाग्यपूर्ण और राष्ट्रपति की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है।

**प्रधानमंत्री ने कहा, माफी मांगें:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के भाषण की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी का बयान राष्ट्रपति को अपमानित करने वाला है। द्रौपदी मुर्मू जी ओड़िशा के जंगलों के आदिवासी परिवार से निकल कर यहां पहुंची हैं। उनकी मातृभाषा हिंदी नहीं है और वह उड़िया बोलती हैं। मातृभाषा न होने के बाद भी उन्होंने हिंदी में अच्छे तरीके से बात की और प्रेरित किया। सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति जी को गरीब, थकी हुई कहा। राहुल गांधी को आदिवासी बेटी का बोलना बोरिंग लगता है। ये देश के 10 करोड़ आदिवासी भाई-बहनों का अपमान है। जमीन से उठ कर आने वाले लोगों को कांग्रेस का शाही परिवार बिल्कुल पसंद नहीं करता। गरीब, दलित, आदिवासी और ओबीसी समाज से जो लोग भी आगे बढ़ते हैं, उन्हें ये कदम-कदम पर अपमानित करते हैं। उन्हें अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

### सीतारमण लगातार आठवीं बार बजट पेश करेंगी

मोदी सरकार शनिवार को वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट पेश करेगी। इस बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार आठवीं बार बजट पेश करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले मीडिया से बातचीत में गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए बजट को लेकर संकेत दिये हैं।

### अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच महंगाई 4.9% रही

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सदन में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। इसके अनुसार 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 6.3% से 6.8% रहने का अनुमान है। वहीं खुदरा महंगाई अप्रैल-दिसंबर 2024 में 4.9% हो गयी। सर्वे में कहा गया है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए अगले एक से दो दशक तक 8% की दर से आर्थिक विकास करना होगा। चौथी तिमाही में महंगाई में कमी की उम्मीद है। खराब मौसम, कम उपज के चलते सप्लाई चेन में बाधा आने से खाने-पीने की महंगाई बढ़ी। सर्वे में कहा गया है कि लेबर मार्केट के हालात सात साल में बेहतर हुए हैं।

# अलर्ट मोड में रहे स्वास्थ्य विभाग: हेमंत

मुख्यमंत्री ने गुइलेन-बैरे सिंड्रोम को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारी की समीक्षा की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कांके रोड स्थित अपने आवासीय कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी के संक्रमण की रोकथाम एवं चिह्नित मरीजों के इलाज की व्यवस्थाओं को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री इरफान अंसारी ऑनलाइन जुड़े थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी के दुष्प्रभाव, लक्षण एवं बचाव से संबंधित जानकारी से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रहने और लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीबीएस बीमारी से ग्रस्त मरीजों की पहचान करने एवं अस्पतालों में उनके समुचित इलाज की विशेष व्यवस्था रखें। इस संक्रमण से बचने के लिए राज्य में व्यापक प्रचार-प्रसार करें। जीबीएस से बचाव के लिए आम जनमानस को जागरूक करने की आवश्यकता है।

**जीबीएस को लेकर घबराने की जरूरत नहीं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को जागरूक करें कि यह जीबीएस बीमारी कोरोना संक्रमण की तरह एक-दूसरे से नहीं फैलती है। इस बीमारी को लेकर बहुत घबराने की जरूरत नहीं है। लोगों के बीच यह संदेश पहुंचायें। यह बीमारी दूषित जल और कच्चा भोजन सेवन करने से फैलती है। लोगों में इस बीमारी को लेकर कोई भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित किया जाये। जागरूकता ही इस बीमारी से बचने का सबसे बेहतर माध्यम है।

**सिविल सर्जनों को दी गयी जानकारी:** समीक्षा के क्रम में रिम्स निदेशक प्रो राजकुमार ने सभी जिलों के सिविल सर्जनों को वर्चुअल माध्यम से गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी के मरीज की पहचान तथा उनका समुचित इलाज किस प्रकार किया जाये, इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही इस बीमारी से बचाव की गाइडलाइन शीघ्र सभी सिविल सर्जन सहित संबंधित तक उपलब्ध कराये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि रिम्स हाइ अलर्ट मोड में है। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### जांच के लिए नि:शुल्क सेंटर स्थापित करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस राज्य, शहर या जगहों पर गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी के मरीज ज्यादा पाये गये हैं, उन क्षेत्रों से झारखंड पहुंचने वाले व्यक्तियों की जांच की व्यवस्था करें। शहर के किसी स्थान पर गुइलेन-बैरे सिंड्रोम जांच का एक नि:शुल्क सेंटर स्थापित करें।

### अस्पतालों में बेड, दवा आदि की व्यवस्था रखें

हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि जीबीएस बीमारी से निपटने के लिए सभी अस्पतालों में बेड, दवा, मेडिकल ऑक्सीजन इत्यादि की पुख्ता व्यवस्था रखें। इस बीमारी से संबंधित कोई भी केस मिलने पर तत्काल रिम्स रेफर करें। संदिग्ध मरीजों को रिम्स तक पहुंचाने के लिए ट्रांसपोर्ट सिस्टम को अलर्ट रखें। उन्होंने सभी जिलों के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया कि इस बीमारी से संबंधित खबरों, गतिविधियों एवं अपडेट पर पैनी नजर रखें, ताकि बीमारी के खतरे से लड़ने की तैयारी समय रहते की जा सके। बीमारी के इलाज में किसी को कोई दिक्कत न हो यह भी सुनिश्चित करें।

## न्यूज रील्स

### केजरीवाल के सात विधायकों का इस्तीफा, पार्टी भी छोड़ी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पांच दिन पहले आम आदमी पार्टी (आप) के सात मौजूदा विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन सभी ने विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने और आप में भ्रष्टाचार को इस्तीफे की वजह बतायी। महरौली से दो बार के पार्टी विधायक नरेश यादव ने कहा कि आप का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए हुआ था। लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि भ्रष्टाचार आम आदमी पार्टी बिल्कुल भी कम नहीं कर पायी, बल्कि खुद ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है।

# महाकुंभ: स्नान का आंकड़ा 30 करोड़ के पार

- भगदड़ की घटना के बाद भी उत्साह नहीं हो रहा कम
- हर तरफ से कुंभ की ओर पहुंच रहे लोग, लग रहा जाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज/रांची।** महाकुंभ स्नान करने वालों की संख्या 30 करोड़ पार कर गयी है। मंगलवार की रात भगदड़ की घटना के बाद भी श्रद्धालुओं में उत्साह कम नहीं हुआ है। शुक्रवार को करीब 1.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। उधर, कुंभ मेला स्नान के बाद श्रद्धालुओं का सैलाब वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट में उमड़ रहा है। अयोध्या और काशी में पिछले चार दिनों में एक करोड़ तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं। प्रयागराज से लेकर फतेहपुर, कौशांबी, वाराणसी और अयोध्या तक जाम देखने को मिल रहा है। कई जगह वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। न्यायिक आयोग की टीम भी प्रयागराज कुंभनगर पहुंची है। टीम भगदड़ की जांच कर रही है।

**बिहार की सीमा सील :** महाकुंभ के दौरान प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या में श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ देखी जा रही है। प्रयागराज जंक्शन पर लाखों श्रद्धालु घर वापसी के लिए जमा हो रहे हैं। वाराणसी में गंगा के घाटों पर भारी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। अयोध्या में रामपथ और भक्तिपथ पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। महाकुंभ की ओर जाते श्रद्धालुओं का काफिला इस वक्त पूरे देश में दिख रहा है। इसका प्रभाव प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर साफ देखा जा सकता है। जीटी रोड पर विशेष रूप से छोटे और निजी वाहनों की संख्या अधिक दिख रही है। महाकुंभ के लिए यात्रियों की भारी संख्या और बढ़ते जाम के मद्देनजर बिहार सरकार ने अपनी सीमा सील कर दी है। इस वजह से गुरुवार रात को झारखंड सीमा पर 20 किलोमीटर तक जाम लग गया।

### न्यायिक आयोग के सवालों के जवाब नहीं दे पाये अधिकारी

प्रयागराज (आजाद सिपाही)। महाकुंभ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ की जांच करने शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे न्यायिक आयोग की टीम पहुंची। आयोग में रिटायर्ड जज हर्ष कुमार के अलावा पूर्व डीजी वीके गुप्ता और रिटायर्ड आइएएस डीके सिंह शामिल हैं। सर्किट हाउस में न्यायिक आयोग के तीनों सदस्यों ने बैठक की। इसमें कमिश्नर प्रयागराज जोन विजय विश्वास पंत, मेला अधिकारी विजय किरन आनंद, एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर, डीआइजी वैभव कृष्ण के साथ ही पुलिस के अन्य अफसर शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि मेला से जुड़े अधिकारी आयोग के सवालों का सही से जवाब तक नहीं दे पाये। सभी अधिकारी अपने कामों की वाहवाही करने में ही जुटे थे। इस पर आयोग ने कहा कि अगर सब ठीक था, तो भगदड़ कैसे हुई? आयोग ने अधिकारियों से चार सवाल पूछे।

# बांग्लादेशी को विदेशी साबित नहीं कर पा रही झारखंड पुलिस

अधिकांश जांच में साक्ष्य नहीं जुटा पायी पुलिस, आरोपी रिहा

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड की संथाल परगना पुलिस बांग्लादेशी नागरिकों को विदेशी साबित नहीं कर पा रही है। बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में पुलिस का अनुसंधान भी बहुत कमजोर है। आरोपियों को गिरफ्तार करने, उनके खिलाफ साक्ष्य जुटाने, न्यायालय को सबूत पेश करने में भी पुलिस सफल नहीं हो पायी है। झारखंड के जामताड़ा में एक और साहिबगंज जिला में घुसपैठ से संबंधित चार मामले दर्ज हुए। इन चारों मामलों में अनुसंधान नहीं के बराबर हुआ है। विधानसभा चुनाव में घुसपैठ का मामला जम कर उछला था। इस संबंध में 24 जनवरी को खुफिया विभाग की ओर से गृह और आपदा विभाग के अवर सचिव दयानंद कुमार को एक पत्र भेजा गया है। इस पत्र में साहिबगंज के राधानगर थाना कांड संख्या 131/14 दिनांक 15.05.2014 को दर्ज बताया गया है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया जा चुका है, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। राधानगर थाना में ही 12/16 दर्ज है। इस कांड की आरोपी को साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने दोष मुक्त कर दिया है। साहिबगंज पुलिस ने जिसे गिरफ्तार किया था, उसे बंग्लादेशी साबित नहीं कर सकी। राधानगर थाना में ही तीसरा मामला कांड संख्या 44/18 दर्ज है। यह मामला 12.05.2018 को दर्ज किया गया है। इसमें विदेशी नागरिक अधिनियम की सारी धाराएं लगायी गयी हैं। साक्ष्य के अभाव में इस मामले के भी सभी अरोपियों को दोष मुक्त कर दिया गया। राधानगर थाना में ही चौथा मामला कांड संख्या 110/17 दर्ज है। इस कांड के अभियुक्त सिद्धेश्वर सरकार को असत्यापित दिखाते हुए आरोप पत्र 30.09.2023 को समर्पित किया गया। विशेष शाखा के एसपी ने जामताड़ा थाना कांड संख्या 140/17 का भी जिक्र किया है। इसके एक अभियुक्त को जमानत मिल चुकी है। तीन अन्य आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और देवघर में बंग्लादशी घुसपैठ के अलावा फर्जी तरीके से आवासीय प्रमाण पत्र, वोटर कार्ड, आधार कार्ड बनाने से संबंधित मामला दर्ज नहीं है।

### रांची में गिरफ्तार हुई बांग्लादेशी महिला

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य पुलिस ने दिल्ली स्थित बांग्लादेशी दूतावास को सूचित किया है कि रांची की चुटिया पुलिस ने तीन जनवरी को सेट्टी नामक एक महिला को गिरफ्तार किया है। इसका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है।

# किन्नर अखाड़े में विवाद: संस्थापक ने ममता कुलकर्णी और लक्ष्मी नारायण को निकाला!

- संस्थापक अजय दास ने कहा, वे रास्ते से भटकीं
- लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने अजय दास के दावे को किया खारिज



आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** खुद को किन्नर अखाड़ा के संस्थापक बताने वाले ऋषि अजय दास ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि मैंने लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी और अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है। ममता को महामंडलेश्वर बनाने में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। जिस पर देशद्रोह का आरोप हो, उसे महामंडलेश्वर कैसे बनाया जा सकता है? दास ने ये भी कहा कि ये कोई बिग बॉस का शो नहीं है, जिसको कुंभ के दौरान एक महीने चला दिया जाये। लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी को मैंने किन्नर समाज के उत्थान और धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए आचार्य महामंडलेश्वर बनाया था, लेकिन वह भटक गयीं। ऐसे में मुझे एक्शन लेना पड़ा।

**त्रिपाठी ने दावा खारिज किया:** महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने अजय दास के दावे को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि वे कौन होते हैं मुझे अखाड़े से निकालने वाले। 2017 में अजय दास को किन्नर अखाड़े से निकाल दिया गया है। वो निजी स्वार्थ के लिए ऐसा कह रहे हैं। उधर, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा कि हम लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के साथ हैं। अजय दास हैं कौन? हम इन्हें नहीं जानते।

### दास ने पत्र किया जारी

अजय दास ने पत्र जारी कर कहा कि 2015-16 उज्जैन कुंभ में मैंने किन्नर अखाड़े के लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को आचार्य महामंडलेश्वर बनाया था। अब उन्हें किन्नर अखाड़ा के पद से मुक्त करता हूं। जल्द ही उन्हें लिखित सूचना दी जायेगी। उन्हें किन्नर समाज के उत्थान और धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए नियुक्त किया था, लेकिन भटक गयीं। उन्होंने मेरी बिना मंजूरी के जूना अखाड़ा के साथ लिखित समझौता 2019 के प्रयागराज कुंभ में किया, जो अनैतिक ही नहीं, बल्कि चारसौबीसी है।

### ममता का किन्नर अखाड़े में हुआ था पट्टाभिषेक

24 जनवरी को ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर की पदवी दी गयी थी। संगम में स्नान के बाद उनका पिंडदान कराया गया था। इसके बाद सेक्टर-16 में स्थित किन्नर अखाड़े में भव्य रूप से पट्टाभिषेक का कार्यक्रम हुआ था। उनका नया नाम श्रीयामाई ममता नंद गिरि रखा गया था। करीब सात दिनों तक वह महाकुंभ में ही रहीं।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
Garhwa- 822114, Jharkhand
(Established Under Govt. of Jharkhand Act -06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi
( Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust )
Website: www. bdsu.ac.in , Email Id: registrar@bdsu.ac.in / registrar.bdsu@gmail.com

VACANCIES
For Devki Mahaveer Homoeopathic Medical College & Research Hospital
BDSU invites application from eligible candidates for the following posts:

| Sl. no. | Department | Lecturer/Asst. Prof. | Reader/Asso.Prof. | Professor |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Human Anatomy | 01 | 00 | 00 |
| 02 | Human Physiology Biochemistry | 01 | 00 | 00 |
| 03 | Homoeopathic Pharmacy | 00 | 01 | 01 |
| 04 | Organon of Medicine | 01 | 01 | 00 |
| 05 | Homoeopathic Repertory | 00 | 01 | 01 |
| 06 | Homoeopathic Materia Medica | 00 | 01 | 01 |
| 07 | Community Medicine | 00 | 01 | 00 |
| 08 | Surgery | 00 | 01 | 00 |
| 09 | Practice of Medicine | 00 | 01 | 01 |
| 10 | Psychiatry | 00 | 01 | 01 |
| 11 | Paediatric | 00 | 00 | 01 |
| 12 | Research Methodology & Biostatics | 00 | 00 | 01 |

Interested Candidates may send their resume & attested education qualifications at given Email Id
bdsugarhwa@gmail.com / dmhmcrh_garhwa@rediffmail.com
On or before 28th February, 2025
Sd/- Registrar
Shortlisted experienced candidates will be called for Interview. Salary will be paid as per NCH/UGC/BDSU norms
Eligibility: As per NCH norms
Contact No.: +91- 6393841494, 8518049108

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 77,100 रु./10 ग्राम
चांदी 98,000 रु./प्रति किलो



# आम बजट से हर आम की बंधी हैं उम्मीदें

## ■ निर्मला सीतारमण की झोली से राहतों की बारिश की संभावना

## ■ मध्य वर्ग की हैं पांच चिंताएं, जिनके समाधान कोशिश जरूरी

## ■ मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में इस बार अधिक राहत मिलेगी!

**आजाद सिपाही विशेष**

**अब से कुछ घंटे बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट पेश करने के लिए तैयार हैं। देश भर में अर्थशास्त्री और उद्योग विशेषज्ञ बजट 2025 से बड़ी उम्मीदें लगाये बैठे हैं, जिनसे इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, एमएसएमइ और दूसरे जरूरी सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ने में मदद मिल सके। दूसरी तरफ भारत का आम नागरिक, खास कर मध्य वर्ग को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दूसरे बजट से राहतों की बारिश की उम्मीद है। सरकार द्वारा बजट में इस बार रेलवे, सड़क और रक्षा जैसे सेक्टर में पूंजीगत व्यय में निवेश पर फोकस रखने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को सुबह 11 बजे संसद पटल पर रिकॉर्ड आठवीं बार बजट 2025 पेश करेंगी। करदाता भी इस बार वित्त मंत्री से आयकर में राहत देने की उम्मीद कर रहा है। मध्य वर्ग और वेतनभोगी वर्ग को निर्मला ताई से बड़ी उम्मीदें हैं। उनके बीच चर्चा है कि हो सकता है कि 10 लाख तक की आय करमुक्त कर दी जाये। नये और पुराने टैक्स रिजीम, स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम, ऐच्छिक एनपीएस अंशदान से जुड़े बड़े ऐलान भी आम बजट में किये जा सकते हैं। आम लोगों को उम्मीद है कि उनकी पांच चिंताओं, महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक धीमापन, धीमी वेतन वृद्धि और आयकर पर इस बार जरूर ध्यान दिया जायेगा। वित्त मंत्री ने इस बारे में कई बार कहा भी है। दूसरी तरफ अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिद्वंद्विता का असर भी बजट पर देखने को मिल सकता है। क्या हो सकता है बजट का मुख्य आकर्षण और मध्य वर्ग की किन चिंताओं पर रहेगा वित्त मंत्री का फोकस, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार आठवीं बार बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं, वहीं आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। अब से कुछ घंटे बाद निर्मला ताई की झोली खुलेगी, जिससे राहतों की बारिश की उम्मीद पूरा देश कर रहा है।

### देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति

जहां तक देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति का सवाल है, तो अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोजगार के अवसरों को भी कम किया है, जबकि महंगाई के हिसाब से मजदूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से खासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है, जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्य वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है, जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आयी है। एक फरवरी को आम बजट में जिन पांच क्षेत्रों में आम लोग राहत की उम्मीद कर रहे हैं, वे इन्हीं चिंताओं के आसपास हैं।

### लगातार बढ़ती महंगाई

खाद्य वस्तुओं, खासकर सब्जियों, खाद्य तेलों और दूध की कीमतें बढ़ने से रसोई पर होने वाले घरेलू खर्च में बढ़ोतरी हुई है। खराब मौसम के कारण सब्जियों की आपूर्ति प्रभावित हुई और कीमतें बढ़ीं। खाद्य तेलों की कीमतों में वृद्धि का कारण था आयात शुल्क का बढ़ाया जाना, जबकि लागत में वृद्धि का हवाला देते हुए दूध की कीमतें बढ़ीं। हालांकि 25 जनवरी को सबसे बड़ी डेयरियों में से एक अमूल ने एक लीटर के पैकेट पर एक रुपये की कटौती कर कुछ राहत दी है। अर्थशास्त्री कहते हैं कि अमेरिका में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अनिश्चितता बहुत बढ़ गयी है। वह अप्रत्यक्ष कर कम करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन इससे घरेलू उद्योग प्रभावित होंगे, जबकि ट्रंप टैरिफ लगा देते हैं, तो महंगाई और बढ़ जायेगी। इसलिए सबसे पहले घरेलू स्तर पर चीजों को दुरुस्त करने की जरूरत है। महंगाई उनमें से एक है।

### आर्थिक धीमेपन की चिंता

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय का अनुमान है कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6,4% रहेगी। महामारी के दौरान आयी गिरावट के बाद से यह सबसे कम वृद्धि दर है। हालांकि 2024 के चुनावी वर्ष में आधारभूत ढांचे पर पूंजीगत खर्च में कमी को इस गिरावट का एक कारण माना जा रहा है। आधारभूत ढांचे की परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर सीमेंट, स्टील और मशीनरी का इस्तेमाल होता है, जिससे उन उद्योगों में तेजी आती है और मैन्युफैक्चरिंग और कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में नौकरियों के मौके बनते हैं। इसीलिए अर्थशास्त्रियों का कहना है कि विकास दर और रोजगार सृजन के लिए पूंजीगत खर्च को बढ़ाना जरूरी है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार मांग में कमी आने का एक पहलू गैर-बराबरी का बढ़ना भी है। असंगठित क्षेत्र में 94 प्रतिशत कामकाजी लोग हैं। वहां वेतन और महंगाई की मार से मांग के कम होने का असर अर्थव्यवस्था की रफ़्तार पर पड़ता है। असगंठित क्षेत्र में रोजगार सृजन का दारोमदार आधारभूत ढांचे पर पूंजीगत खर्च के बढ़ाने पर है और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए इसे बढ़ाने की जरूरत है।




### नौकरियों के घटते मौके

पिछली कुछ तिमाहियों से रोजगार सृजन की रफ्तार धीमी रही है और सरकार से इस ओर कुछ ठोस उपायों की घोषणा की उम्मीद की जा रही है। कोविड के दौरान कृषि में लगे लोगों की संख्या में अचानक तेजी से वृद्धि हुई थी, क्योंकि करोड़ों प्रवासी मजदूर अपने घरों को लौट गये थे। जो कामगार शहरों को छोड़ अपने घरों को लौटे थे, उनकी पूरी तरह वापसी नहीं हो पायी है। उसकी वजह नौकरियों की किल्लत और शहरों में जीवन यापन का बेतहाशा महंगा होना है। हालांकि सरकारी आंकड़ों में संगठित क्षेत्र में रोजगार में सुधार के संकेत मिलते हैं, लेकिन असंगठित क्षेत्र में रोजगार सृजन में अभी भी काफी गैप दिखाई देता है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इसके साथ ही मंझोले, माइक्रो और छोटे उद्योगों के लिए सरकारी मदद बढ़ाने जैसे अन्य उपाय करने होंगे। अर्थशास्त्री कहते हैं, पिछले साल तक सरकार का रवैया असंगठित क्षेत्रों को संगठित बनाने का था, जो कि असंभव है। मसलन कृषि में 85 प्रतिशत खेत पांच एकड़ से कम वाले हैं। इसी तरह जो माइक्रो सेक्टर है। उसमें एमएसएमइ का 97.5 प्रतिशत रोजगार है। इन्हें संगठित नहीं बनाया जा सकता। सरकार ने पिछले बजट में जो घोषणाएं की थीं, वो संगठित क्षेत्र लिए थीं। जो बड़े उद्योग हैं, वे उतना रोजगार नहीं पैदा करते, जितना कृषि और एमएसएमइ सेक्टर। इसलिए यहां सरकार को कुछ ठोस घोषणाएं करनी चाहिए। रोजगार सृजन का फोकस असंगठित क्षेत्र होना चाहिए।

### वेतन में धीमी वृद्धि

उपभोग में कमी की वजह मजदूरों और मध्यम आय वाली नौकरियों में वेतन वृद्धि की धीमी रफ्तार को भी माना जा रहा है। अर्थशास्त्री कहते हैं कि हाल की कुछ तिमाहियों में मजदूरी और वेतन में बहुत मामूली या नहीं के बराबर वृद्धि देखने को मिली है। कॉरपोरेट मुनाफे में वृद्धि के बावजूद महंगाई के अनुपात में वेतन नहीं बढ़े हैं।

अर्थव्यवस्था में वेतन का हिस्सा कम हो रहा है और कॉरपोरेट के मुनाफे का हिस्सा बढ़ रहा है। यह बात कुछ उद्योगों की रिपोटों में भी दिखाई देती है। देश की दूसरी तिमाही के नतीजों में बताया गया है कि दिहाड़ी मजदूरों की आमदनी पिछले 12 महीनों में 3.4 फीसदी बढ़ी, जबकि इसी दौरान वेतन पाने वाले कर्मियों के वेतन में 6.5 फीसदी का इजाफा हुआ। कुछ ऐसी ही तस्वीर उद्योग संगठन फिक्की और स्टाफिंग सॉल्यूशन कंपनी क्वेस कॉर्प की पड़ताल में सामने आयी है। इनके अनुसार 2019 से 2023 के बीच इंजीनियरिंग, मैन्यूफैक्चरिंग, प्रॉसेस और इनफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में वेतन में मिश्रित वृद्धि 0.8 फीसदी देखी गयी, जबकि एफएमसीजी कंपनियों में वेतन वृद्धि 5.4 फीसदी थी। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि असंगठित क्षेत्र में छोटे और लघु उद्योगों को बढ़ावा देंगे, तो रोजगार का बड़े पैमाने पर सृजन होगा और तब वेतन भी बढ़ना शुरू होगा।

### आयकर

आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक कर का बोझ है। हालांकि वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन बजट में आयकर पर सरकार फैसला लेती है। खाद्य तेलों जैसी आवश्यक वस्तुओं और पेट्रोलियम पदार्थों पर आयात शुल्क पर भी फैसला लिया जाता है। और सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन शुल्कों को और तर्कसंगत बना कर आम लोगों को कुछ राहत दे।

हालांकि मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग की ओर से आयकर को कम करके बड़ी राहत देने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। विपक्षी दलों ने मध्य वर्ग के लिए कर का बोझ कम किये जाने की मांग की है और आयकर में 10 लाख रुपये तक की छूट की मांग की है। हालांकि अर्थशास्त्रियों के अनुसार आयकर छूट में बहुत कुछ उम्मीद नहीं है, क्योंकि इससे प्रत्यक्ष कर पर जो असर पड़ेगा, वह वित्तीय घाटे को बढ़ायेगा। अप्रत्यक्ष कर घटाने का ट्रंप का दबाव पहले ही वित्तीय घाटे की ओर ले जाने वाला है। सरकार ने 2019 में कॉरपोरेट टैक्स में कटौती कर दी थी, जिससे राजस्व में 1.6 लाख करोड़ रुपये कम हो गया। संगठित क्षेत्र के पास बहुत पैसा है और वो निवेश कर सकता है। जरूरत है छोटे और मंझोले उद्योगों की मदद करने की।

कुल मिला कर यह बजट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के रास्ते पर ले जायेगा या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि निर्मला सीतारमण की झोली से कितनी राहत निकलती है और मोदी सरकार आम लोगों की पांच चिंताओं को दूर करने के लिए कितना आगे बढ़ने की हिम्मत जुटा पाती है।

---

## बाबूलाल मरांडी ने लिखा सीएम हेमंत को पत्र, कहा-

# आदिवासी समाज पर दायर मुकदमे की निष्पक्ष जांच हो

**जैन समाज और आदिवासी समाज के बीच चल रहे विवाद का स्थायी समाधान निकाला जाये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में बताया गया है कि गिरिडीह जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में आदिवासी समाज के खिलाफ दर्ज एक मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मरांग बुरू सावंता सुसार बैसी संस्था के प्रतिनिधियों ने एक ज्ञापन सौंपा है। इस पत्र के माध्यम से बाबूलाल ने पारसनाथ शिखर क्षेत्र में स्थित आदिवासी समाज के पारंपरिक पूजा स्थल मरांगबुरू जुग-जाहेरथान की सुरक्षा की भी अपील की है।

इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि पारसनाथ पहाड़ पर आदिवासी समाज की पूजा, सोहराय एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान सदियों से आयोजित होते आ रहे हैं। विशेष रूप से, जुग जाहेर थान और दिशोम मांझीथान जैसे पवित्र स्थल आदिवासी समुदाय के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं, जहां वे पारंपरिक बलि प्रथा के तहत पूजा करते हैं। पत्र में पूर्व सीएम बाबूलाल ने लिखा है कि 19 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी और समर्थकों के साथ पारसनाथ शिखर क्षेत्र में पूजा-अर्चना की थी। इस दौरान कुछ समर्थकों द्वारा बकरों की बलि दी गयी, जिसके बाद पुलिस ने मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद 5 निर्दोष आदिवासी नागरिकों-बुधन हेंब्रोम, साहेबराम मुर्मू, फागू मरांडी, सिकंदर हेंब्रोम और अर्जुन हेंब्रोम को आरोपी बनाया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस ने जानबूझकर आदिवासी समुदाय के लोगों को परेशान करने के लिए उनका नाम आरोपियों के तौर पर डाला। जबकि जिन व्यक्तियों के साथ ढोल, मांदर और तलवार लेकर बकरों की बलि दी गयी, उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पारसनाथ शिखर क्षेत्र में आदिवासी समाज और जैन समाज के बीच पिछले कुछ सालों से पूजा स्थल और अन्य सांस्कृतिक मुद्दों को लेकर विवाद बढ़ रहा है। इससे इलाके में तनाव पैदा हो गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच करायी जाये और आदिवासी समुदाय के निर्दोष लोगों को फंसाने की कोशिश को रोका जाये। इसके अलावा जैन समाज और आदिवासी समाज के बीच चल रहे विवाद का स्थायी समाधान निकाला जाये। ताकि इस पवित्र शिखर क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनी रहे। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे इस मामले में सार्थक पहल करें। ताकि देश-विदेश से आने वाले जैन तीर्थ यात्रियों और आदिवासी समाज के धर्मावलंबियों को सुखद अनुभव हो।

---

## राष्ट्रपति को अपमानित करने वाली कांग्रेस जनता से माफी मांगे

# यह राष्ट्र, भारत के संविधान, महिला और आदिवासी समाज का अपमान: संजय सेठ

**संसद को मनोरंजन स्थल समझने वाली कांग्रेस और सोनिया ने राष्ट्रपति का अपमान किया**

**विकसित भारत की मजबूत नींव है राष्ट्रपति का अभिभाषण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद सोनिया गांधी के द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पुअर लेडी कहने पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे संविधान विरोधी, राष्ट्र विरोधी, महिला विरोधी और आदिवासी विरोधी करार दिया है। रक्षा राज्य मंत्री ने एक बयान में कहा कि बजट से पूर्व राष्ट्रपति का अभिभाषण हमारे भविष्य के सपनों की नींव होता है। आज भी अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति ने विकसित भारत की मजबूत नींव रखने का कार्य किया है परंतु संसद को मनोरंजन स्थल समझने वाले कांग्रेसी नेताओं ने इनका उपहास उड़ाया। राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताया। सोनिया गांधी ने पुअर महिला और बेचारी महिला कहकर उन्हें अपमानित किया। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि संवैधानिक तरीके से चुनी गयी राष्ट्रपति का अपमान नकली गांधी परिवार के लोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के लक्ष्य के साथ सभी देशवासियों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इस कड़ी में भाजपा ने ही एक आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद पर आसीन कर देश का गौरव बढ़ाया। आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाया। सोनिया गांधी का यह बयान आदिवासियों का भी अपमान करने वाला है और देश की सशक्त नारी शक्ति का अपमान है।

श्री सेठ ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि एक महिला एक महिला के बारे में ऐसा कैसे सोच सकती है। परंतु जिन्हें तानाशाही करने की आदत लग गयी हो, वह किसी को भी बर्दाश्त नहीं कर सकते। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में लोकतंत्र और संसद को सिर्फ मनोरंजन स्थल बनाकर रखा था। आज भी वह ऐसा ही करना चाहते हैं। परंतु देश की जनता मोदी के नेतृत्व में मजबूती से इनका प्रतिवाद करने को खड़ी है। संजय सेठ ने सोनिया गांधी और पूरे कांग्रेस परिवार को देश से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की है।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.8 °c | 14.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.29 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# एमवीआइ बिना जांच किये नहीं दें फिटनेस सर्टिफिकेट: दीपक बिरुआ

**ड्राइविंग लाइसेंस देने की प्रक्रियाओं में भी लायें सुधार**

**सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग संबंधित जानकारियां अब बच्चों के सिलेबस में**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि एमवीआइ फिटनेस देने में सावधानी बरतें साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस देने की सभी प्रक्रियाओं को भी सही तरीके से फॉलो किया जाये। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आये। वह शुक्रवार को होटल रेडिशन ब्लू रांची में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार सड़क सुरक्षा 2025 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

**छात्रों को दी जायेगी जानकारी:** मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस देने की प्रक्रिया को सही तरीके से फॉलो नहीं करने से लोग सड़क दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इसलिए सड़क दुर्घटना और ड्राइविंग संबंधित बातों को अब छात्रों के सिलेबस में शामिल किया जायेगा। ताकि भविष्य में हमारे बच्चे ड्राइविंग संबंधित महत्वपूर्ण बातों को आत्मसात कर आनेवाले समय में सुरक्षित और बेहतर तरीके से वाहन चला सकेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात करेंगे। लोग सड़क सुरक्षा की बातों को अपनी आदत में डालेंगे तो दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।

**फिटनेस देने में कोताही न बरतें :** मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि एमवीआइ जिस तरह बिना सोचे समझे या बिना जांच किये या फिर अन्य कारणों से फिटनेस दे देते हैं वह नहीं होना चाहिए। यह दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है। मंत्री ने कहा कि बहुत सारी खामियां हैं, जिसपर विभाग ध्यान दे। ताकि झारखंड में होनेवाले सड़क दुर्घटना में कमी लायी जा सके।



## सड़क सुरक्षा पर विभाग करे व्यापक प्रचार-प्रसार

मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है। सामूहिक जिम्मेवारी के तहत इसपर काम किया जाये। मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में होने वाले प्रयासों को देखा जाए तो आंकड़ों के हिसाब से सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या अधिक है और घायलों की संख्या कम है। तो इसपर निश्चित तौर पर स्वास्थ्य विभाग, इंजीनियरिंग सेल समेत अन्य सेक्टर को बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है। हम प्रयास करेंगे सड़क सुरक्षा संबंधित चीजों को लेकर आज जिस तरह से चर्चा होगी। एक्सपर्ट के तमाम राय आदि महत्वपूर्ण सुझावों व मंतव्य पर विभाग इसमें नए तरीके अपनाते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों को सार्थक बनायें। आप सबों के सुझाव को सरकार आत्मसात कर बेहतर काम करेगी। ताकि सड़क सुरक्षा पर व्यापक काम किया जा सके।

## रेस्क्यू पार्ट को न करें नजरअंदाज : कृपानंद झा

मौके पर विभागीय सचिव कृष्णानंद झा ने कहा कि सड़क दुर्घटना में रेस्क्यू पार्ट को कभी भी नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सड़क हादसे के साथ ही एंबुलेंस, ट्रॉमा सेंटर तैयार है या नहीं ध्यान दें। उन्होंने रोड सेफ्टी के तहत चिंता जाहिर करते हुए कहा कि छोटे या बड़े किसी भी तरह के सड़क हादसे को लेकर डाटा कैप्चर नहीं होता है यह एक विडंबना है इस पर ध्यान देने की जरूरत है।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आइपीएस अधिकारी आरके मल्लिक ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरके मल्लिक को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। बताते चलें कि आरके मल्लिक शुक्रवार 31 जनवरी को रिटायर हो गये।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आइपीएस अधिकारी एमएस भाटिया ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से झारखंड लौटे

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आज का दिन अनुकूल है,जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

**वृष** राजनीतिक लाभ, कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** इच्छित कार्य सफल होगा, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।

**कर्क** शुभ कार्य का सम्पादन करेंगे, सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा, उद्योग-व्यापार में सफलता।

**सिंह** सामाजिक सम्पर्क प्रभाव का लाभ उठा सकते हैं,आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी।

**कन्या** नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, धनागम के अवसर बढ़ेगें।

**तुला** विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

**वृश्चिक** राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

**धनु** आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## वित्त मंत्री ने केंद्र से राज्य के बकाये की मांग की

# केंद्र के बजट से कोई अपेक्षा नहीं : राधाकृष्ण किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि उन्हें केंद्र सरकार के बजट से कोई अपेक्षा नहीं है। लेकिन उन्होंने मांग की है कि केंद्र सरकार राज्य के बकाये की राशि का भुगतान करे। वे शुक्रवार को धनबाद में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पास झारखंड के बकाये की राशि 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये है, जिसका भुगतान उन्हें करना चाहिए। यह राशि राज्य के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मार्च में वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना है, इसलिए उन्होंने सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक करने का फैसला किया है, ताकि राजस्व लक्ष्य को पूरा किया जा सके। मंईयां योजना में गड़बड़ी के मामले में कहा है कि दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। राधाकृष्ण किशोर धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी पहुंचे। यहां पर धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने उनका स्वागत किया। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने धनबाद में सील बंद पड़े पुराने कांग्रेस कार्यालय की वस्तु स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद मंत्री राधाकृष्ण किशोर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक के आवास जाकर उनका हाल समाचार भी लिये। उक्त अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट मनोज यादव, जिला उपाध्यक्ष बीके सिंह, रामजी भगत नवीन सिंह प्रभात सिरोलिया, दिनेश सिंह, पप्पू पांडेय, आशीष सिन्हा, रवि कांत यादव, मृत्युंजय सिंह, वीरेंद्र यादव मणिभूषण तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।



# सीता कर सकती हैं झामुमो में घर वापसी



**बीजेपी छोड़ने के सवाल पर कहा- समय बतायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन एक बार फिर घर वापसी करने वाली हैं। ऐसी चर्चा जोर-शोर से है। सीता सोरेन लोकसभा चुनाव से पहले जेएमएम छोड़ बीजेपी में शामिल हुफ थीं। जानकारी के मुताबिक परिवार के बड़े-बुजुर्गों के सामने सीता सोरेन की ओर से पार्टी में वापसी की इच्छा जतायी गयी है। सीता सोरेन ने जेएमएम में शामिल होने के सवाल पर कहा, मैं अभी कुछ भी नहीं कह सकती हूं। सब कुछ समय बतायेगा। चर्चा करने वालों को चर्चा करने दीजिये। आना-जाना तो लगा रहता है। परिस्थिति सब काम करवाती है। फिलहाल मुझे सरस्वती पूजा से जुड़े कार्यक्रमों में जाने के लिए दुमका जाना है। कहा जा रहा है कि दो फरवरी को वह दुमका में घर वापसी कर सकती हैं। उसी दिन दुमका में झामुमो के स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन होना है। गांधी मैदान में इसकी भव्य तैयारी की जा रही है। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे।

## लैंड स्कैम: इडी कोर्ट ने सद्दाम को बेल देने से किया इनकार



रांची (आजाद सिपाही)। लैंड स्कैम के आरोपी सद्दाम को रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया है। उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। सेना के कब्जे वाली भूमि और रांची के चेशायर होम रोड स्थित भूमि की फर्जी कागजात के सहारे भूमि की खरीद-बिक्री करने से जुड़े इस केस में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, शहर के चर्चित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश और राजेश राय समेत कई लोग आरोपी हैं। इस केस के अन्य अभियुक्तों की जमानत याचिका निचली अदालत से खारिज की जा चुकी है। जिसके बाद कई अभियुक्तों ने हाइकोर्ट में जमानत की गुहार लगायी है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा: चंपाई



**यह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नहीं पूरे आदिवासी समाज का अपमान है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर आदिवासी समाज समेत पूरे देश को गर्व है। उनके इस अपमान को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठी एक आदिवासी महिला के बारे में कांग्रेस की यही सोच है। यह आदिवासी समाज का अपमान है। चंपाई ने कहा कि इसके साथ-साथ, यह सभी महिलाओं का अपमान है। कभी आदिवासी धर्म कोड हटाने, तो कभी आंदोलन कर रहे आदिवासियों पर गोली चलवाने वाले कांग्रेसियों का यही चरित्र है। यही इनकी सच्चाई है। ये लोग यह कभी पचा ही नहीं सकते कि कोई आदिवासी महिला देश के सबसे बड़े पद पर पहुंचे। आजादी के साढ़े सात दशकों बाद, यह सम्मान भी भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के कार्यकाल में ही संभव हो पाया।

# गोड्डा में नाबालिग के साथ रेप, फिर जहर देकर हत्या

## पीड़िता की मां ने अनवर अंसारी नामक युवक पर करायी एफआइआर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है, जहां एक नाबालिग लड़की के साथ रेप के बाद उसकी हत्या कर दी गयी। घटना सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र की है, जहां लड़की के साथ दुष्कर्म के बाद जहर देकर उसकी हत्या कर दी गयी। पीड़िता की मां ने अनवर अंसारी नामक युवक पर आरोप लगाया है, जिसने उनकी बेटी को जबरन घर से ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे जहरीली दवा खिलाकर मार डाला। घटना की सूचना मिलते ही सुंदर पहाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा भेज दिया है। एसपी अनिमेष नेथानी ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# पेसा कानून का विरोध करेंगे : हिमांशु नाथ राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदान विकास परिषद केंद्रीय समिति की बैठक पेसा कानून को लेकर शुक्रवार को हुई। बैठक केंद्रीय कार्यालय डिप्टी पाड़ा रांची में अध्यक्ष प्रोफेसर पांडेय हिमांशु नाथ राय की अध्यक्षता में हुई। परिषद के सभी लोगों ने कहा है कि राज्य में निवास करने वाले गैर आदिवासी सदान के लिए पेसा कानून काला कानून है। इसका विरोध किया जायेगा। इस कानून के विरोध में सदान के मौलिक अधिकार को बचाने के लिए आंदोलन को लेकर अति आवश्यक बैठक पांच फरवरी को केंद्रीय कार्यालय डिप्टी पाड़ा रांची में होगी। सदान विकास परिषद का गठन 1987 में किया गया है। इस बैठक में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस बैठक के लिए परिषद के केंद्रीय समिति ने विजय महतो को मुख्य संयोजक बनाया है। यह ऐतिहासिक बैठक होगी जिसमें सदान के मौलिक अधिकार, पेसा कानून पर विशेष रूप से बात होगी और आगे आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जायेगी।

बैठक में अरुण कश्यप, डॉ दिलीप सोनी, डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, विजय महतो, शैलेश्वर दयाल सिंह, लालचंद महतो, ब्रजेदु सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।




# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के बच्चों का उम्दा प्रदर्शन

## वार्षिक खेल महोत्सव उड़ान 2024-25 का आयोजन

**100 मीटर दौड़, रिले दौड़, बाधा दौड़ और धीमी साइकिल दौड़ का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने वार्षिक खेल महोत्सव, उड़ान 2024-25 का आयोजन किया। इस खेल प्रतियोगिता में छात्रों और शिक्षकों ने एथलेटिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के बच्चों ने शानदार छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया। इस नृत्य में मार्शल आर्ट, लोक परंपरा और कहानी कला का अद्भुत मिश्रण था। यह नृत्य भगवान बिरसा मुंडा को उनकी 150वीं जयंती पर समर्पित था। नृत्य में बिरसा मुंडा के जीवन की कहानी और उनकी देशभक्ति की भावना को बच्चों ने बखूबी दर्शाया। प्रतियोगिताओं में ट्रैक और फील्ड स्पर्धाएं शामिल थीं। 100 मीटर दौड़, रिले दौड़, बाधा दौड़ और धीमी साइकिल दौड़। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी जगन्नाथन थे। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में प्रोफेसर डॉ विजय कुमार सिंह, रजिस्ट्रार, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची, समरजीत जाना, प्राचार्य जेवीएम श्यामली, नीरज कुमार सिन्हा, प्राचार्य, फिरायालाल पब्लिक स्कूल, रांची शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मार्च पास्ट था। एनसीसी के छात्रों के साथ प्रत्येक हाउस के छात्रों ने गर्व से अपनी खेल भावना और एकता का प्रदर्शन किया। विभिन्न आयोजनों के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में यजुर्वेद हाउस ने सर्वश्रेष्ठ सदन बनने का गौरव प्राप्त किया।

प्राचार्या परमजीत कौर ने शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और अनुशासन को बढ़ावा देने में खेल के महत्व पर जोर देते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेल दिवस हमारे स्कूल के कैलेंडर का एक अभिन्न अंग है, और हम अपने छात्रों को अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए देखकर रोमांचित हैं। अपने समापन भाषण में मुख्य अतिथि ने छात्रों के प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें खेल के प्रति अपने जुनून को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## एनटीपीसी का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा परियोजना प्रभावित पेटो गांव में ग्राम वासियों और जरूरतमंद व्यक्तियों को शुक्रवार को कंबलों का वितरण किया गया। इस अभियान में कंबलों का वितरण पेटो गांव में रहने वाले परिवारों को किया गया। परियोजना ने शुक्रवार को नि:शुल्ख मेडिकल कैंप का आयोजन केरेडारी मे करवाया, जहां पर 147 ग्रामवासियों ने अपना मेडिकल चेक अप करवाया। इस कैंप मे ग्राम वासियों को बुखार, सर्दी और खांसी की जांच ग्राम निवासियों को उपलब्ध कारवाई गयी। जल्द ही चट्टी बरियातु परियोजना द्वारा सभी जरूरत ग्रामीण लोगों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा। कंबल वितरण को लेकर सुबह से ही गावों में जरूरतमंदों की भीड़ लगने लगी थी। मेडिकल कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा खनन प्रभावित लोगो के सुरक्षित सेहत के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है। यह कंबल वितरण और नि:शुल्क मेडिकल कैंप का कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस मौके पर परियोजना के उप महाप्रबंधक बी नवीन कुमार ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मार्खम कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ संध्या प्रेम ने कहा कि कॉलेज के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह व प्रयोगशाला प्रभारी कृष्णकांत तिवारी जी ने अपने कार्यकाल में पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा तथा कर्मठतापूर्वक कार्य किया है, जिसे कॉलेज परिवार हमेशा याद रखेगा। उक्त बातें स्थानीय मार्खम कॉलेज के भूगोल विभाग के तत्वावधान में विवेकानंद सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या ने कही। समारोह में कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ श्याम किशोर सिंह ने कहा कि सेवानिवृत होने वाले हमारे दोनों सहयोगियों की आज से जीवन के नए अध्याय की शुरुआत होगी। इन्होंने अपनी सेवाकाल में कर्तव्यों का निर्वहन भली-भांति निभाया, जिसे महाविद्यालय परिवार कभी भूल नहीं सकता। डॉ ब्रह्मदेव त्रिवेदी ने कहा कि दोनों सहयोगियों ने आज अपनी सेवाकाल से सिर्फ अवकाश प्राप्त किया है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ सरोज कुमार सिंह ने अपने संबोधन ने कहा कि यह विदाई समारोह नहीं बल्कि यह विजय समारोह है। विभावि भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश महतो ने कहा कि डॉ प्रदीप भूगोल विभाग के लिए एक लाइट हाउस की तरह रहे। इस अवसर पर शिक्षकों में मुख्य रूप से डॉ अजीत कुमार तिवारी, प्रो गजेंद्र कुमार सिंह, डॉ जीके झा, डॉ विनय कुमार बैठा, डॉ अभिषेक कुमार, प्रो एसएन त्रिपाठी, डॉ रंजीत कुमार दास, प्रो मर्सी अंजना तिर्की, डॉ अमृता एक्का, डॉ कल्पना छाया लकड़ा, डॉ संजय कुसुम लकड़ा, प्रो काजल किरण, प्रो बलवंती कुमारी, प्रो अनुभा स्टेफी तिर्की, डॉ कनक रागिनी, डॉ लाडली कुमारी, डॉ सिंधु केरकेट्टा, डॉ मिथिलेश,प्रो संतोष रविदास, प्रो अंतरा गुप्ता, डॉ शमीमा कलीम, डॉ आशीष प्रवीण, डॉ सुधीर कुमार तिवारी,समेत कई शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में अजित कुमार सिंह, नीरज कुमार, सूर्यकांत गांगुली, कल्याणी देवी, सोनी बरियार, ज्ञान रंजन, बबीता, उज्जवल कुमार, निशांत कुमार, रमण मिश्रा समेत भूगोल विभाग के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## बकसपुरा में विदाई समारोह का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बकसपुरा के प्रधानाध्यापक मो निजामुद्दीन अंसारी की सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित सभी शिक्षकों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने सेवानिवृत्त शिक्षक को अंगवस्त्र और उपहार भेंट देकर विदाई दी गयी। उन्हें जीवन की दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके कुशल स्वास्थ्य की कामना की गयी। सेवानिवृत्त शिक्षक मो० निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान विद्यालय के विकास के विभिन्न कार्यों सहित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सभी शिक्षकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों का भरपूर सहयोग मिला। कहा कि अपने सेवा काल के दौरान बच्चों और स्थानीय लोगों द्वारा मिले स्नेह और प्यार को ताउम्र भूल नहीं पाउंगा बकसपुरा मुखिया नन्हकू महतो, कुणाल कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रकाश महतो, महंत पांडेय, जय कुमार पांडेय, विष्णु महतो, रोहित सिंह, रमेश सिंह, जागेश्वर महतो, मुरलीधर महतो, सुरेश कुमार, पोखन महतो, महेंद्र प्रसाद, बासुदेव महतो, उत्तीम महतो, युगल रविदास, शंभू महतो, देवनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## हनुमान प्राण प्रतिष्ठा और एकादशी उद्यापन महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सतडीहा पंचायत अंतर्गत ग्राम नवादा में श्री श्री 108 श्री रामचरितमानस नवाह परायण सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा और एकादशी उद्यापन महायज्ञ को लेकर विधिवत पूजा अर्चना कर विधायक अमित कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, यज्ञाचार्य राम शरण जी महाराज, मुखिया संगीता देवी, यज्ञसुत्रधार वासुदेव यादव, देवनारायण यादव, प्रेम यादव सहित कई लोगों ने दीप प्रज्वलित और फीता काटकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार यादव, संचालन मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव ने किया। कुमारी कन्या और महिलाओं के द्वारा 551 कलश यात्रा रवाना हुए। ढोल बाजे के साथ धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, जय श्री राम, हर हर महादेव आदि नारों के साथ उत्तर वाहिनी बराकर नदी में मंत्रौच्चारण के साथ कलश में जल भरकर भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप में प्रवेश किया। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ कर्ता वासुदेव गोप धर्मपत्नी धनेश्वरी देवी, यज्ञ संरक्षक राम शरण जी महाराज, उप पंडित सहदेव यादव, पूर्व मुखिया अंजू देवी, पंसस बलराम यादव, डॉक्टर रामकृष्ण यादव, सुभाष चंद्र यादव, मंटू पंडित, प्रभु यादव, सत्यम पंडित, अशोक रजक, गणेश राणा, पंकज यादव, जागेश्वर यादव, दिलीप शर्मा, विजय कुमार यादव, शिबू पासवान, राम प्रकाश यादव, राम मनोहर यादव, रामाशीष, सुजीत, बलराम, पुष्कर, अमित, भास्कर, नवनीत सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# एसीबी ने पंचायत सचिव को छह हजार रिश्वत लेते दबोचा

**मास्टर रोल पर हस्ताक्षर के लिए ले रहा था रिश्वत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग एसीबी टीम ने इचाक प्रखंड में कार्यरत पंचायत सचिव रमेंद्र कुमार सिन्हा को छह हजार रिश्वत लेते दबोचा है। इचाक प्रखंड के अलौंजा गांव निवासी ओम प्रकाश मेहता, पिता-स्व रामलाल महतो ने एसीबी को आवेदन दिया था कि इन्हें मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम अलौंजा कला में अपने जमीन पर टीसीबी निर्माण कार्य के लिए योजना मिला है, जिसका योजना सं-3416007018/ आइएफ/7080903613734 है। इस योजना का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इस योजना में लगभग 25,500/- रू का भुगतान हो चुका है। शेष राशि 17,000 रू का भुगतान के लिए मास्टर रौल पर हस्ताक्षर करने के लिए पंचायत सचिव रमेन्द्र कुमार सिन्हा को दिये तो पंचायत सचिव के द्वारा बोला गया कि पहले जो भुगतान हुआ है उसका और अब जो भुगतान होगा उसका मिलाकर 6,000 रू दो तब आपका मास्टर रौल को आगे बढ़ायेंगे और आपका शेष राशि का भुगतान करवायेंगे। ये घूस देना नहीं चाहते थे। इस लिए एसीबी के पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया था। जब एसीबी ने इस मामले का सत्यापन किया तो मामला सही पाया। एसीबी ने हजारीबाग थाना कांड सं 02/2025 दर्ज किया। शुक्रवार को एसीबी टीम ने अभियुक्त रामेन्द्र कुमार सिन्हा, पिता-ब्रजकिशोर महतो, ग्राम-होहद, पो-सिकनी, रामगढ़, थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़, सम्प्रति पंचायत सचिव, अलौन्जा खुर्द, हदारी, प्रखंड-इचाक, जिला-हजारीबाग को 6,000 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोचा।

# हजारीबाग की विरासत को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**हजारीबाग का इतिहास, सभ्यता और संस्कृति से जुड़ी सभी जानकारियां आम आवाम को भी सुलभ हो इसके प्रयास किये जाने चाहिए: उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिला जनसंपर्क कार्यालय के द्वारा शुक्रवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद इनडोर स्टेडियम, हजारीबाग में हजारीबाग की विरासत थीम पर आधारित एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में हजारीबाग के सभी पत्रकार एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय शामिल हुईं। सेमिनार की विधिवत शुरूआत नैंसी सहाय, आनन्द, डॉ शत्रुघ्न पांडे, शुभाशीष दास, बुलू इमाम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि आज के इस हजारीबाग लिगेसी पर आधारित कार्यक्रम के माध्यम से हजारीबाग की पुरानी ऐतिहासिक विरासत को करीब से समझने का अवसर मिला है।

हजारीबाग की विरासत और संस्कृति के अनछुए पहलुओं को हमारे बीच उपस्थित वक्ताओं के द्वारा सुनने और समझने का भी अवसर मिला है। पत्रकार साथियों से भी यह अपेक्षा है कि आज के इस कार्यक्रम के माध्यम से जितनी भी जानकारियां हजारीबाग की सभ्यता और संस्कृति से जुड़ी साझा की जायेगी उन्हें प्रमुखता से आम आवाम को सुलभ हो सके इसके प्रयास जरूर करे। जिला प्रशासन भी हमेशा इस प्रकार के आयोजन कर वृहत जानकारी और सकारात्मक पहल को लेकर प्रयासरत रहेगा। उपनिदेशक, जनसंपर्क श्री आनंद ने सेमिनार का विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि हजारीबाग में मानव सभ्यता के प्रारंभ से लेकर आधुनिक काल तक के मानक संदर्भ इस प्रकार से सुलभ है जिससे सभ्यता के विकास की व्याख्या हो सकती है। इस्को गुफा चित्र के अंकन की बारीकियां स्थानीय कोहबर एवं सोहराय चित्रकला में उपस्थित है, जो सभ्यता के विकास की निरंतरता को दर्शाती है। पद्मश्री बुलू इमाम ने हजारीबाग क्षेत्र के विभिन्न पुरातात्विक स्थलों यथा दैहर, बहोरनपुर, इचाक, इटखोरी से प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हजारीबाग का इलाका बौद्ध धर्म का प्रसिद्ध केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के चरण भी यहां पड़े हैं। जैन धर्म की भी ऐतिहासिकता इस क्षेत्र में उपलब्ध रही है। मेगालिथ पर अपने किये गये विभिन्न शोधों का हवाला देते हुए शुभाषीश दास ने कहा कि पूरी दुनिया में मेगालिथों को लेकर लोग अत्यंत संवेदनशील है। कई देशों में वहां के मेगालिथ साइटों को विशेष धरोहर की सूची में शामिल किया जा चुका है। स्थानीय संत कोलंबस कॉलेज के प्राध्यापक डॉ शत्रुघ्न कुमार पांडे ने भी अपने विचार रख इतिहास के पन्नो को याद कराया। सभा में अतिथियों के वक्तव्यों के बाद ओपन सेशन आयोजित किया गया जिसमें पत्रकारो ने अपने वक्तव्य को सबों के समक्ष साझा किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जिला जनसंपर्क अधिकारी रोहित कुमार ने कहा कि आज के इस सेमिनार में प्रस्तुत वक्ताओं के अभिभाषण को पुस्तिका के रूप में प्रकाशित किया जायेगा।

# पूर्व एसडीओ की अग्रिम जमानत याचिका को कोर्ट ने किया खारिज

**पत्नी को जला कर मारने का है लगा है आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** पूर्व एसडीओ अशोक कुमार का अग्रिम जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया। इन पर अपनी पत्नी अनिता देवी का जलाने का आरोप है। 26 दिसंबर को हजारीबाग सदर के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी की आग से जलने की घटना घटी थी। जिनकी मौत रांची के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी। 29 जनवरी को केस डायरी कोर्ट में पहुंची थी और 31 जनवरी को सुनवाई की तिथि तय की गई थी। जिला जज कशिका एम प्रसाद की कोर्ट में दोपहर के समय जमानत याचिका पर सुनवाई शुरू हुई और अंत में कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी की गयी और बताया गया कि पूर्व एसडीएम अशोक कुमार निर्दोष हैं। बचाव पक्ष ने कई तर्क दिये थे, लेकिन कोर्ट ने सभी दलीलें खारिज कर दीं। दूसरी ओर सूचक पक्ष की ओर से सरकारी वकील और पूर्व बार संघ अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिन्हा उर्फ मने बाबु ने जमानत याचिका खारिज करने की अपील की। जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब पूर्व एसडीएम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, खबर संकलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसडीओ के अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करने की बात कही है। ज्ञात हो कि 26 दिसंबर को झील रोड स्थित एसडीओ आवास में सुबह करीब 6:30 से 7 बजे एसडीएम की पत्नी अनीता देवी गंभीर रूप से झुलस गई थीं। मृतिका के परिजनों ने अशोक कुमार, उनके भाई और भाई की पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया था। बतला दें कि घटना के एक माह बाद भी एसडीओ पुलिस पकड़ से बाहर है।

# बरसात आते ही टापू बन जाता है ककरचोली गांव

**विकास के लिए रास्ता देख रहे ग्रामीण**

बिनोद





**जयनगर (आजाद सिपाही)।** देश की आजादी के 78 वर्ष व झारखंड राज्य बने 25 वर्ष बीत जाने के बाद भी कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड अंतर्गत राजस्व गांव ककरचोली सुविधाओं के लिए तरस रहा है। यह गांव प्रखंड मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर की दूरी पर दक्षिण पश्चिम दिशा में स्थित है। इस गांव में 5 हजार लोग निवास करते हैं। गांव में दलित, पिछड़ी जाति अल्पसंख्यक वर्ग के लोग रहते हैं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण सड़क विहीन ककरचोली गांव टापू बना हुआ है। इस गांव को पंचायत का भी दर्जा मिला है। इस पंचायत में शुरू से दो बार महिला मुखिया बनी थी। अब इस वर्ष पुरूष मुखिया बने हैं। अब तक किसी जनप्रतिनिधि ने इस गांव की सुध नहीं ली। बरसात आते ही गांव टापू बन जाता है। गांव के अधिकांश लोग मजदूरी व कृषि कर जीविकोपार्जन करते हैं। गांव में एक उत्क्रमित मध्य विद्यालय है। इसके अलावा कुछ भी सुविधा नहीं है। गांव की एक और नदी दूसरी और रेलवे पटरी है। चार दिवारी बंद कर रेलवे को भी घेर दिया है। इसके अलावा गांव से निकलने का कोई रास्ता नहीं है। आने जाने के लिए लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं। इसके बाद पगडंडी रास्ता से कुछ दूरी चलने के बाद गांव के लोगों को पक्की सड़क का नसीब होता है। लोगों को जीने के लिए सबसे पहले सड़क की आवश्यकता होती है जो अब तक नहीं मिल पाया है। गांव के लोग खेतों की मेढ़ के सहारे चलकर गांव से निकलते और पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में यदि किसी की अचानक तबीयत खराब हो जाती है तो एंबुलेंस भी गांव में नहीं पहुंच पाती है। वह भी दो किलोमीटर की दूरी पर ही रुक जाती है। मरीज किसी तरह वहां तक पहुंचते हैं और तब एंबुलेंस पर चढ़ते हैं। बरसात में सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। बरसात खत्म होने के बाद ग्रामीणों को कुछ राहत मिलती है। सिर्फ नदी पार करके सीमेंट, छड़ ढोने के लिए मात्र साधन ट्रेक्टर ही है। कोडरमा लोकसभा तथा बरकट्ठा विधानसभा में कितने सांसद व विधायक बना कर प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा गया परंतु वर्षों बीतने के पश्चात भी इस गांव के आने जाने के सड़क के बारे में किसी का ध्यान नहीं है। विधानसभा चुनाव 2024 में ककरचोली के मतदाताओं ने मतदान बहिष्कार करने का निर्णय लिया लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कई लोगों ने समझा बुझा कर मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ कराई। ककरचोली के उप मुखिया हाशिम खान ने बताया कि यह एक राजस्व गांव है। यहां दलित, पिछड़ी और अल्पसंख्यक जाति के ही लोग रहते हैं। गांव को सभी जनप्रतिनिधि अब तक उपेक्षित करते आ रहे हैं अन्यथा कब ही पुल और सड़क बन गयी होती। इसके बीच में एक नदी भी है दूसरी रेलवे पटरी भी है। रेलवे द्वारा घेराबंदी करने के बाद अब रेलवे पटरी पार कर मुख्य सड़क जाने का कोई भी रास्ता नहीं बचा है।

## सरस्वती पूजा को लेकर टाटीझरिया थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**टाटीझरिया(आजाद सिपाही)।** शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजनोत्सव संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को टाटीझरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गयी जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सीओ नीलु टुडु और संचालन थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी और दोनों समुदाय के गणमान्य लोग शामिल हुए। सीओ नीलू टुडू और बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ने कहा कि पूर्व की तरह ही इस बार भी सरस्वती पूजा शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में क्षेत्र में मनाये। जागरूक बुद्धिजीवी लोग इसमें सहयोग करें यदि विसर्जन के समय स्थान में परिवर्तन करना है तो एक आवेदन थाना में देना जरूरी है थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि पूजा कमेटियों से हुड़दंगियो पर नजर रखेगी फूहड गीतों के बजाने पर रोक रहेगी। असमाजिक तत्वों के गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पकड़े जाने पर तुरंत कार्रवाई की जायेगी। बैठक में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, झामुमो अध्यक्ष रवि सिंह, मुखिया सुरेश यादव, उपेंद्र पांडेय, मिथलेश पाठक, महेश अग्रवाल, राजेश यादव होपन सिंह, कृष्ण साव, सहदेव यादव, प्रकाश रवि, महेंद्र यादव, सुरेंद्र प्रसाद, कौलेश्वर कुमार, सुजीत कुमार, नारायण प्रसाद, महेंद्र यादव, विजय ठाकुर, रोहित कुमार, सूरज कुमार, एएसआई दीपक कुमार, सोना राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर प्रकाशित होने से केरेडारी क्षेत्र में अवैध चिमनी ईंट संचालकों में हड़कंप



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग जगहों में अवैध तरीके से चलाए जा रहे चिमनी ईंट भट्ठों के संचालन की खबर आजाद सिपाही ने प्रमुखता से उठायी थी। अब इस खबर के छपने के बाद अवैध भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया है। अवैध ईंट भट्ठों के संचालन की खबर प्रकाशित होने के बाद सूत्रों से मिली जनाकरी अनुसार इट भट्ठा संचालक संबंधित विभाग के बाबुओं के दफ्तर में भी हाजरी लागते हुए भी देखे गये जबकि अवैध कोयले और बालू के वैध कागजात तैयार करने में जुटे हैं। वहीं भट्ठा में कार्य कर रहे मजदूरों को भी किसी अनजान व्यक्ति या अधिकारी से भट्ठा से सबंधित कोई भी जानकारी साझा करने से कर रहे हैं परहेज, बता दे कि केरेडारी थाना क्षेत्र के बुंडू पताल और कंडाबरे में अवैध तरीके से लगभग आधा दर्जन चिमनी ईंट भट्ठा धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है। बता से की उक्त चिमीनी भट्ठा में अवैध चोरी का कोयला भी खापया जा रहा है। जिसके साथ पर्यावरण को भारी नुकसान भी हो रहा है। जानकारी के अनुसार केरेडारी में पांच चिमीनी ईंट भट्ठा संचालित किया जा रहा है। जिसमें सूत्रों मुताबिक पताल में प्रमोद जशवाल, बुंडू में जितेंद्र साव, मदन साव, राजेश कुमार, कंडाबरे में रामचंद्र साव, द्वारा चिमनी ईंट भट्ठा खुलेआम वर्षो से संचालित कर रहे हैं जिसके बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किया जाना कई प्रश्न उत्पन्न करते हैं ईंट भट्ठा के लिए पर्यावरण सहमती पत्र (ईसी), भट्ठा लगाने के लिए जमीन का परमिशन (सीटीसी), भट्ठा संचालन सहमति पत्र (सीटीओ) आवश्यक है।

## सरस्वती पूजा को लेकर बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक बरकट्ठा थाना परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी गौतम उरांव और संचालन एसआई रतन शर्मा ने की। थाना प्रभारी गौतम उरांव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के गाइडलाइन के तहत ही सरस्वती पूजा मनायी जायेगी। शराब और अश्लील गानों पर पूर्णत: रोक रहेगी। यह त्योहार लोगों को शिक्षा प्रदान करता है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि वह अपने अपने गांव में सक्रिय रहे और अफवाह पर ध्यान नहीं दें। जुलूस निकालने पर चर्चा करते हुए पिछले वर्ष के तरह सरस्वती माता के प्रतिमा को विसर्जन करने का निर्देश दिया गया, लोगों से किसी भी बात की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील किया। मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, शिक्षक यमुना प्रसाद, दिनेश प्रसाद, शैर मोहम्मद, श्यामा साव, एजाज अंसारी, राजेंद्र प्रसाद, राजेंद्र यादव, तुलसी प्रसाद, रईस कौशर, रविन्द्र शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## इचाक अंचल के सीआइ को दी गयी विदाई



**इचाक (आजाद सिपाही)।** अंचल के सीआइ सह कर्मचारी अवध किशोर यादव को अंचलकर्मियों द्वारा शुक्रवार को विदाई दी गयी। अपने कार्यकाल से सेवानिवृत होने पर उन्होंने क्षेत्रवासियों के बीच दिये सेवा को याद किया। इस दौरान अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने सेवानिवृत सीआइ अवध किशोर के पैर छूकर भावविभोर हो गये। अगस्त 2019 में अवध किशोर यादव ने इचाक अंचल में कर्मचारी के पद पर नियुक्त हुए थे। इस दौरान सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता के अलावा कर्मचारी मनोज कुमार, कर्मी राजेंद्र राणा, अमीन महेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## कट ऑफ डेट के विरोध में 6 फरवरी को प्रखंड मुख्यालय बड़कागांव में धरना-प्रदर्शन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम जुगरा, आराहारा, चेपाकला, चेपाखुर्द, डाडी कला, पंकरी बरवाडी, समेत दर्जनों गांव के ग्रामीणों द्वारा दिनांक 6 फरवरी 2025 दिन गुरुवार को एनटीपीसी के कट ऑफ डेट को लेकर एकदिवसिये धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस संबंध में विस्थापित और प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। ज्ञात हो की जिस तिथि से इस क्षेत्र के ग्रामीणों को पूर्ण रूपेण विस्थापित किया जायेगा उस तिथि से कट ऑफ डेट की मांग ग्रामीण कर रहे हैं, जबकि एनटीपीसी 2016 को कट ऑफ डेट मानते हुवे विस्थापन का लाभ देती है। इसी के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रखा गया जो 10:00 बजे दिन से शाम के 4:00 बजे तक है। इसमें लगभग 500 से 1000 के बीच महिला पुरुष उपस्थित होने की संभावना है।

## बच्चों ने किया वाटर पार्क का भ्रमण



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, के बच्चों ने वाटर पार्क में उत्साहित होकर भ्रमण किया। जिसमें शिशु मंदिर के कक्षा द्वितीय से पंचम तक के बच्चे शामिल हुए। यह आयोजन स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम का हिस्सा था। जिसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन का अवसर प्रदान करना। वाटर पार्क में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के वाटर राइड्स और आकर्षणों का आनंद लिया। उन्होंने वाटर स्लाइड्स, वेव पूल और अन्य आकर्षणों में भाग लिया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह की झलक देखने को मिली। विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने कहा, ्हमारा उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन का अवसर प्रदान करना है। वाटर पार्क में यह आयोजन बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव है। मौके पर वरिष्ठ आचार्य महेश्वर महतो, रीता तिवारी, विकास कुमार कुशवाहा, दुर्गेश कुमार, श्रीकांत द्विवेदी, दयाशंकर उपाध्याय, वीणा कुमारी, सोमा चाकी, प्रवीण कुमार राय और कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनके सर्कस का रामगढ़ में हुआ शुभारंभ



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर में एक बार फिर लोगों का मनोरंजन करने के लिए सर्कस लगा है। डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार शुक्रवार की शाम शहर के बाजारटांड़ में लगे एनके रोलेक्स सर्कस के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान डीसी ने कहा कि सर्कस आज भी लोगों के मनोरंजन का साधन है। पिछले कई दशकों से सर्कस ने लोगों का मनोरंजन किया है। पहले तो इसमें तरह-तरह के जानवर भी हुआ करते थे। लेकिन अब एक से एक कलाकार लोगों का मनोरंजन करते हैं। रामगढ़ शहर में सर्कस में मौत का कुआं भी लगा है, जो लोगों को भायेगा। एसपी अजय कुमार ने कहा कि बीते कई दशकों में सर्कस ने अपनी एक अलग ही पहचान बना रखी है। सर्कस नाम सुनते ही न सिर्फ बच्चों में बल्कि युवाओं और बुजुर्गों में भी एक अलग उत्साह दिखायी देता है। सर्कस देखने के लिए लोग पूरे परिवार के साथ आते हैं। 2 घंटे तक पूरे परिवार का मनोरंजन कलाकार करते हैं। सर्कस के कुछ कार्यक्रमों का लुत्फ भी अधिकारियों ने उठाया। इस मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिनेशझमुंडा, पूर्व वार्ड सदस्य संजीत कुमार सिंह और छोटू सिंह, भाजपा नेता रंजन फौजी उर्फ छोटन सिंह, महेश चौधरी, सुबोध सिंह, पिंकू कुमार, ऋषिकेश सिंह, सर्कस के मैनेजर एमएस रहमान उर्फ हैप्पी, करण देव राय, रूपेश सिंह आदि मौजूद थे।

## कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। मार्शल आर्ट सितोरियो कराटे डो फेडरेशन ऑफ झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वाधान में शुक्रवार को फंडामेंटल साइंस स्कूल लादी में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कराटे प्रशिक्षण संसाई कंचन दास ने बताया कि लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग देने के उद्देश्य से इस स्कूल में केंद्र खोला गया है। कराटे प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार ने फीता काटकर किया। मौके पर संसाई कंचन दास ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में महिला कराटे प्रशिक्षका सृष्टि कुजूर और आस्था सिंह ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान द्वारा द्वारा सप्ताह में दो दिन लड़कियों को कराटे का गुरु सिखाया जाएगा। मौके पर भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह अनुशासन की भी सीख देता है। शिविर में दर्जनों छात्राओं को मार्शल आर्ट के लाभों से अवगत कराते हुए कराटे के विभिन्न गुर सिखाये गये। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ कुशवाहा, सरिता देवी, रूपम कुमारी, सानिया, फिरदौस, बबीता देवी, सुनैना, निकिता, मनीषा, तनुजा परवीन, श्वेता, संजना सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

## चार एकड़ में पोस्ता की खेती को पुलिस और वन विभाग ने किया नष्ट



हंटरगंज /चतरा (आजाद सिपाही)। पुलिस और वन विभाग की टीम अफीम की फसल नष्ट करने के लिए लगातार अभियान चला रही है। जिसमें पुलिस को अप्रत्याशित सफलता भी हाथ लगी है। वहीं अफीम खेती करनेवालों की कमर टूट रही है। लगातार विनिष्ट से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस और वन विभाग की लगातार कार्रवाई के कारण इस वर्ष अफीम तस्करों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। हंटरगंज सहित तमाम वैसे इलाके जहां अफीम की फसल उगाई गयी है, उन्हें युद्ध स्तर पर नष्ट किया जा रहा है। अफीम नष्ट करने के लिए पुलिस की टीम ट्रैक्टर और जेसीबी लेकर मैदान में उतर रही है। हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के वशिष्ठ नगर जोरी अंतर्गत कोल्हुआ में शुक्रवार को 4 एकड़ में लगी अफीम खेती को पुलिस और वन विभाग ने ट्रैक्टर से जोत कर नष्ट कर दिया है। ज्ञात हो कि इसी गांव के ग्रामीणों ने दस दिन पूर्व दो एकड़ में लगे पोस्ता खेती को अपने हाथों नष्ट किया था। इस प्रकार के अभियान से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ हैं। इस अभियान में जोरी थाना सब इंस्पेक्टर प्रमोद पांडे, वन कर्मी कपिलदेव कुमार मेहता, रितेश बाखला, राजीव रंजन, के अलावा जिला बल के कई जवान शामिल थे।

## आवारा कुत्तों के काटने से कई लोग घायल

पतरातू (आजाद सिपाही)। इन दिनों पतरातू प्रखंड क्षेत्र में आवारा और पागल कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके कारण लोग बाग कुत्तों को देखकर भयभीत हो रहे है। शुक्रवार को ही प्रखंड क्षेत्र के अलग इलाकों में दो बच्चों समेत सात लोगों को कुत्ते ने काट लिया। जो इलाज कराने के लिए पतरातु स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार हफुआ निवासी ढाई वर्षीय अदीबन नुरी, रफीक अंसारी और एहसान अंसारी, छापर निवासी बुधनी देवी, हेंदेगीर निवासी रिंकू कुमार, भुरकुंडा निवासी आकाश कुमार और सौंदा डी निवासी प्रवीण को कुत्ते ने काट लिया। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। साथ ही डॉग बाइट के शिकार लोगों को एंटी रेबीज का इंजेक्शन दिया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने अथवा नियंत्रण करने की मांग की है।

# जेएसएलपीएस ने किया रोजगार मेला का आयोजन

**25 कंपनियों ने रोजगार मेला में लिया हिस्सा, 800 युवाओं ने दिखायी दिलचस्पी**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। रामगढ़ महाविद्यालय में शुक्रवार को जेएसएलपीएस द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में 25 कंपनियों ने हिस्सा लिया। इस मेले बेरोजगार पाने के लिए युवाओं की भीड़ उमड़ी। 1000 युवाओं ने रोजगार के लिए अपना पंजीकरण कराया। जिसमें से 800 युवाओं ने रोजगार के प्रति दिलचस्पी दिखाई। पलाश (झारखंड स्टेट लाईवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी) द्वारा 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025 तक मनाए जा रहे चौथे जनजातीय गौरव दिवस के तहत व ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 का आयोजन किया गया। रोजगार मेला का मुख्य उद्देश्य रामगढ़ जिले के युवक युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना व नियोक्ताओं के साथ सीधा संपर्क करना था। इस अवसर पर पूरे देश से 25 नियोक्ताओं ने अपना स्टॉल लगाया। वही वे युवकों युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में योग्यता के आधार पर ट्रेनिंग देकर रोजगार प्रदान करते है। कार्यक्रम में विधायक ममता देवी, जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला अग्रणी प्रबंधक, रामगढ़ कॉलेज के प्रिंसिपल, आरएसईटीआई डायरेक्टर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रबंधक उपस्थित हुए। साथ ही राज्य कार्यालय से स्किल डोमेन से साइ दत्ता और अमित कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह के द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। उनके द्वारा जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला के उद्देश्य के बारे में बताया गया। ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए युवक और युवतियों को जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

**विधायक ने 10 उम्मीदवारों को जॉब ऑफर लेटर दिया:** विधायक ममता देवी और जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा कुल 10 उम्मीदवारों को जॉब ऑफर लेटर दिया गया। आज के कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के जिला कार्यालय की तरफ से जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह, जिला प्रबंधक जॉब्स एंड स्किल मेरी कुल्लू समेत सभी जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित जिला और पूरे प्रखंड की टीम उपस्थित थी। कार्यक्रम में लगभग 1200 युवक और युवती उपस्थित हुए।

### विधायक ममता देवी ने बढ़ाया हौसला

विधायक ममता देवी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुए युवक, युवतियों का हौसला बढ़ाया गया। उनके द्वारा रोजगार हेतु कोई भी समस्या का निराकरण हेतु सहमति जताई गयी। साथ ही उन्होंने सभी से रोजगार मेला का पूरा लाभ लेने की अपील की। आज के जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने हेतु 25 नियोजकों ने हिस्सा लिया। जिसके अंतर्गत युवाओं को अलग अलग कंपनियों में रोजगार दिलाया जायेगा। रोजगार प्रदान करने हेतु 25 विभिन्न कंपनियां ने भाग लिया। वही कुल पंजीकरण की संख्या 1000 रही। रोजगार प्राप्त करने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों की संख्या 800 रही।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर बैठक

# 15 दिन में दें लक्ष्य-उपलब्धि की रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता




चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक की गयी। बैठक में जानकारी दिया गया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान भारत के जनजाति समुदाय के संपूर्ण उत्थान के लिए एक अति महत्त्वकांक्षी योजना है। चतरा जिले के 12 प्रखंड के 83 गांव के 1827 अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवारों के कुल 7700 व्यक्तियों को इस अभियान के अंतर्गत लक्षित किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत वर्तमान वर्ष को शामिल करते हुए वर्ष 2028-29 तक के कुल 5 वर्षों में 17 मंत्रालयों के 25 से अधिक महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों/याजनाओं का कियान्वयन सैचुरेशन मोड में किया जाना है, जिसमें अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युतीकरण, मोबाईल कनेक्टिविटी, मोबाईल मेडिकल यूनिट्स, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना अंतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शन, आधार कार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण, समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत छात्रावास तथा क्लासरूम का निर्माण, स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स, ट्राइबल मार्केटिंग सेटर्स का निर्माण, वन अधिकार पट्टा से आच्छादित व्यक्तियों को कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन से जोड़ने सहित 25 से अधिक योजनाओं का सैचुरेशन मोड में विभिन्न विभागों के द्वारा क्रियान्वित किया जाना है। उपायुक्त रमेश घोलप ने जिला स्तरीय सभी विभाग चिन्हित जनजातीय ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन कर अपने योजनाओं से संबंधित गैप एनालिसिस कर टारगेट और अचीवमेंट का रिपोर्ट वर्षवार 15 दिनों के अंदर जिला कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिये। प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समिति का निर्माण करेंगे और सभी संबंधित विभागों के प्रखंड स्तरीय अधिकारियों/कर्मियों को शामिल करेंगे। प्रत्येक ग्राम के लिए एक जिम्मेवार सरकारी कर्मी को नोडल के रूप में प्रतिनियुक्त करेंगे। प्रत्येक निर्धारित ग्राम में धरती आबा अभियान के गाईडलाइन के अनुसार ग्राम सभा आयोजित करते हुए सभी मूलभूत आवश्यकताओं की गैप एनालिसिस विहित प्रपत्र में तैयार करेंगे। उपरोक्त ग्राम सभा में जेएसएलपीएस के महिला समूह के सदस्य, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया और ग्राम प्रधान को अवश्य शामिल करेंगे। उपर्युक्त निदेशित बिंदुओं का अनुपालन करते हुए ससमय कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी दौलत कुमार, सभी संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## कुंदा थाना में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

# इलाके में अश्लील गाना बजाने पर प्रतिबंध: सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता




कुंदा /चतरा। कुंदा थाना परिसर में शुक्रवार को सरस्वती पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित अंचल अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने सरस्वती पूजा को लेकर जिला प्रशासन के गाइडलाइंस की जानकारी दिया। गाइडलाइंस के मुताबिक डीजे पर अश्लील गीतों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है, इसलिए पूजा कमेटी के लोग इसे गंभीरता से लें। कहा गया कि पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन के दौरान भक्त सुरक्षित रहे इसे लेकर शाम से पूर्व ही प्रतिमा विसर्जन करेंगे। जबकि पूजा के दौरान बेहतर व्यवस्था और शांति के लिए वालिंटियर नियुक्त करेंगे ताकि शांति पूर्ण तरीके से पूजा संपन्न हो सके। कहा गया कि पूजा के दरमियान पुलिस प्रशासन तत्परता के साथ लोगों की सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखेगी।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी। किसी तरह की अनहोनी होने पर पूजा कमेटी के लोग अविलंब पुलिस प्रशासन को सूचित करेंगे ताकि समय पर पहुंच कर पुलिस पूजा में बाधा उत्पन्न करने वालों से सख्ती से निपट सके। इस दौरान उन्होंने पूजा में अश्लील गीत संगीत पर रोक लगाने, शराब पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। मौके कुंदा अंचल अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा,कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू, सिकीदाग पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश यादव, सतेन्द्र सिंह समेत अन्य कई बुद्धिजीवीयों ने भी अपने सकारात्मक विचार व्यक्त किये। मौके पर थाना के कई पुलिस पदाधिकारी, पुलिस जवान समेत थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के दर्जनों बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

# श्री गुरु नानक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**विद्यालय पढ़ाई के साथ बच्चों के बीच कर रहा है प्रतियोगिता का आयोजनः हरजाप**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में फाइनल का प्रथम चरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार तेजिंदर सिंह सोनी थे। विद्यालय के छात्रों ने मुख्यातिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर किया गया। स्वागत भाषण विद्यालय की प्रबंधन ने दिया। कार्यक्रम में नन्हें विद्यार्थियों के द्वारा मनोरम नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के मध्य 100 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, सैक रेस, स्पून मार्बल रेस करवाया गया। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में खेल भावना पर बल देते हुए विद्यार्थियों को खेलकूद में उत्साहपूर्वक भाग लेने की सलाह दी गयी। उन्होंने जीवन में खेल का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को खेल के साथ-साथ मन लगाकर एकाग्रचित होकर पढ़ाई करने की बात भी कही। विद्यार्थियों को खेल शपथ सरदारनी जसविंदर होरा द्वारा दिलायी गयी। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह के अनुसार विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास और बच्चों की खेलों में रुचि के अनुसार उनको अपने भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है। खेल कूद प्रतियोगिता के पहले चरण में जो भी प्रतिभागी विजयी हुए उन्हें मेडल और सर्टिफिकेट देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रेसिडेंट सरदार परम दीप सिंह कालरा सहित रामगढ़ के अन्य अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक, विद्यार्थी और सहायक कर्मचारियों ने योगदान दिया।

## विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया दो योजनाओं का शिलान्यास



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के तालाटांड पंचायत में डीएमएफटी मद से स्वीकृत प्राथमिक विद्यालय पलानी के परिसर पर पेभर ब्लॉक निर्माण और पंचायती राज विभाग 15वें वित मद से स्वीकृत तालांटड पंचायत के पलानी गांव के मुंडा टोला में सावन महतो के घर से प्रभु मुंडा के घर तक नाली निर्माण का कार्य का शिलान्यास बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधिवत पूजा अर्चना और नारियल फोड़कर शुक्रवार को किया। इस दौरान विधायक रौशन लाल चौधरी ने बताया कि यह तो शरुआत है आने वाला समय में पूरे बड़कागांव विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी। इस मौके पर पूर्व जीप सदस्य मनोज राम, मुखिया रीझन देवी, किशोर महतो, महेंद्र महतो, नागेश्वर महतो, राजेश महतो, प्रधान महतो, दर्शन महतो, पंचम मुंडा, शिबू उरांव, नंदकिशोर मांझी, रवि मुंडा, यशोदा देवी, वैजयंती देवी, दिलशाद आदि लोग शामिल थे।

## झाकोमयू पुंडी शाखा कमेटी का पुनर्गठन



कुजू (आजाद सिपाही)। झारखंड कोलियरी मजदुर यूनियन पुडी शाखा कमेटी का पुनर्गठन को लेकर पुण्डी परियोजना के निकट सरना स्थल पर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सावना मांझी और संचालन अनिल बास्के ने किया। मौके पर मुख्य रूप से पर्यवेक्षक क्षेत्रीय अध्यक्ष बोधन मांझी, क्षेत्रीय सचिव रामकुमार सिंह और अंकेक्षक सुरेशचंद्र पटेल द्वारा पुण्डी शाखा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सावना मांझी, उपाध्यक्ष राजकुमार मांझी और विनोद गंझू, सचिव बबलू मांझी, संयुक्त सचिव राजेश मांझी, सह सचिव महेश मांझी और अनिल बास्के, कोषाध्याय चेतलाल मांझी, कार्यकारिणी अध्यक्ष लक्ष्मण बास्के, संगठन सचिव रामेश मांझी का चयन किया गया। साथ ही, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संतु मांझी, सोनाराम मांझी, तालो मांझी, शिवनंदन महतो, पानो देवी, सुकूमुनी देवी, बुधनी देवी, मंगरा मांझी, बाहाराम मांझी, मनू मांझी, चेतलाल महतो, नंदलाल महतो शामिल है।

## राकोमयू जीएम यूनिट सचिव सेक्रेटरी ने सीसीएल जीएम को दिया पत्र

कुजू (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के जीएम यूनिट शाखा सचिव रोहन महतो ने सीसीएल कुजू जीएम को विभिन्न मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने जीएम कार्यालय में सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक एंबुलेंस सहित चालक उपलब्ध होने, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका में आश्रितों के नाम, जन्मतिथि और आधार कार्ड में सुधार करने, कर्मचारियों को आवास मुहैया कराने अन्यथा एचआरए भत्ता देने, मुरपा पुनर्वास स्थल के शिबूटोला के रैयतों को जमीन के बदले नौकरी देने, इएंडएम विभाग में कैंपर गाड़ी देने, नयामोड़ चौक से जीएम कार्यालय तक सड़क पर पानी छिड़काव करने, सभी कर्मचारियों का पहचान पत्र बनवाने, नयामोड़ इएंडएम वर्कशॉप के मुख्य द्वार के आगे का नाला ठीक करने, वीटीसी सेंटर में जेनरेटर की व्यवस्था करने, कई वर्ष से प्रतीक्षारत कर्मचारियों को प्रमोशन करने, सीएसआर के तहत बगलता गांव में डीप बोरिंग करवाने और जीएम कार्यालय विद्युत विभाग में कर्मियों को टूल किट और एल्यूमीनियम की छोटी सीढ़ी देने की मांग की है।

## प्रज्ञा केंद्र संचालकों का प्रशिक्षण शुरू

हंटरगंज/ चतरा। प्रखंड सभागार में हंटरगंज, प्रतापपुर और कुंदा प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों के पंचायत भवन में कार्यरत प्रज्ञा केंद्र संचालकों (भीएलई) का दो दिवसीय प्रशिक्षण 31 जनवरी को शुभारम्भ किया गया। जिसका समापन आज 01 फरवरी 2025 को होगा सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-26 के सफल क्रियान्वयन हेतु ई ग्राम स्वराज, टीएमपी, पीडीआई के अलावे जेम पोर्टल संचालन हेतु हंटरगंज प्रतापपुर ईवम कुंडा प्रखंड के पंचायत सिफ्टेड भीएलई प्रखंड सभागार मेंका दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इसमें पंचायत स्तर से जनकल्याणकारी योजना का पंजीकरण और लोगों का जीवन स्तर बेहतर के लिए विभिन्न अन्य कार्यो के बारे में भी विस्तार से प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया। साथ ही अन्य तकनीकी समस्याओं का निदान कैसे करना है, उसकी भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ममता कुमारी, अरुण मुंडा, निखिल गौरव, लोकेश कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, सीताराम रजक, दीपक कुमार, पंकज कुमार और संचालक थे।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **ई-निविदा सं.:** C-710-CTQ-GCT (1) **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** चेतर-(CTQ) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास (2) **चेतर स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत:** रू० 26,66,52,332/- (3) **ब्याने की राशि:** रू० 2,66,65,300/- (4) **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई-निविदा बंद होने की तारीख 24.02.2025 को 15:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 24.02.2025 को 15:30 बजे से। (5) **वेबसाइट, का विवरण:** http://www.ireps.gov.in. ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/02029/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24-25/32

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 17818 date 09.01.2025, I, Meena Murmu D/o Baharam Manjhi aged about 23 Years, R/o Village-Sarubera, P.O. Sarubera, P.S.- Mandu, District-Ramgarh, Jharkhand do hereby solemnly declare as under:- 1. That my actual and correct name is MEENA MURMU which has been mentioned in my UID card bearing no. 4328 5181 6543 and all Educational Certificates. 2. That due to mistake my name as MEENA KUMARI had been mentioned in my Bank of India, Sarubera bank account bearing no. 486910110001859. 3. That MEENA MURMU and MEENA KUMARI both name is of same and single person i.e. myself. 4. That if any type of litigation/fraud arises due to name change, I will solely responsible 5. That this affidavit is required for needful authority concern.

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in
06

# कनाडा : सही साबित हुआ भारत

कनाडाई आयोग की रिपोर्ट ने आखिरकार दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। मंगलवार को आयी इस रिपोर्ट में यह साफ कर दिया गया कि कनाडा में जून 2023 में हुई खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ का कोई सबूत नहीं है। जाहिर है, इसके बाद कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोप मुंह के बल गिरे नजर आ रहे हैं।

**ट्रूडो का झूठ :** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जब अपने देश की संसद में यह आरोप लगाया था, तब भी उनके उस कृत्य को गैरजिम्मेदाराना माना गया था। भारत ने आरोपों को बेतुका बताते हुए उनसे सबूत मांगे थे, जो वह कभी दे नहीं पाये। और अब उनके ही देश के आयोग की रिपोर्ट बताती है कि उनका वह बयान सफेद झूठ पर आधारित था।

**रिश्तों में गिरावट :** जस्टिन ट्रूडो के झूठे आरोपों के बाद स्वाभाविक ही दोनों देशों के रिश्तों में गिरावट आयी। भारत ने ट्रूडो के बयानों को राजनीति से प्रेरित बताया था, लेकिन कड़ा भारत विरोधी रुख भी घरेलू राजनीति में उनकी खास मदद नहीं कर पाया। आखिर उन्हें अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा करनी पड़ी। अब वह नया नेता चुने जाने तक के लिए इस पद पर हैं।

> भारत पहले से कहता रहा है कि कनाडा और अन्य यूरोपीय देशों में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अलगवावादी तत्व जिस तरह की भारत विरोधी गतिविधियां खुलेआम चला रहे हैं, उन पर प्रभावी रोक लगाने की जिम्मेदारी उन देशों की है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल :** अब जब निज्जर हत्याकांड से जुड़े कनाडा के आरोप पूरी तरह खारिज हो चुके हैं, तब भारत विरोधी तत्वों को खुली छूट देने के मसले पर नये सिरे से बात होनी चाहिए। भारत पहले से कहता रहा है कि कनाडा और अन्य यूरोपीय देशों में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अलगवावादी तत्व जिस तरह की भारत विरोधी गतिविधियां खुलेआम चला रहे हैं, उन पर प्रभावी रोक लगाने की जिम्मेदारी उन देशों की है। कनाडा सरकार को तो उस पर काम करना ही चाहिए, अन्य देशों को भी इस पहलू पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

**रिश्तों पर हो पुनर्विचार :** चूंकि कनाडा में इसी साल चुनाव होने हैं, इसलिए दोनों देशों के पास मौका है कि अतीत की गलतियों को पीछे छोड़ते हुए रिश्तों को पटरी पर लाने की नये सिरे से कोशिश की जाये। अगर कनाडा सरकार अपनी भूल समझते हुए अहम मसलों पर अपने रुख में पॉजिटिव बदलाव लाती है, तो द्विपक्षीय रिश्तों को बेहतर भविष्य देना मुश्किल नहीं होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**लोकतंत्र की धारणा राजतंत्र या तानाशाही और कुलीनतंत्र की धारणा के विपरीत है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनता के विचारों के आदान-प्रदान के कारण लोकतंत्र को शासन की सर्वोत्तम व्यवस्था कहा जाता है। लोकतंत्र में जनता अपने शासक का समय-समय पर चुनाव करती है और चुनाव के पहले भावी शासक जनता से विनती करते हैं कि उन्हें ही चुना जाये। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन द्वारा लोकतंत्र को अच्छी तरह से परिभाषित किया गया था-लोकतंत्र जनता की, जनता के लिए और जनता के द्वारा सरकार है।**

# लोकतांत्रिक प्रशासन प्रणाली- अतीत, वर्तमान और भविष्य



**डॉ सुधा कुमारी**

प्राचीन विश्व इतिहास में जिन पसंदीदा विषयों के इर्द-गिर्द कहानियां बुनी गई हैं, वे हैं- राजमुकुट, सिंहासन, सिंहासन के लिए युद्ध और राजसी शान-शौकत वाले जीवन के पहलू। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को देख लें- हमेशा किसी न किसी राजसिक कथा से भरपूर। वैदिक युग या प्राचीन दुनिया में प्रशासन की पद्धति राजतंत्र थी, जिसमें जमींदार, जागीरदार, सूबेदार, राजा, महाराजा, सम्राट, चक्रवर्ती सम्राट- जैसे विभिन्न स्तर के पद थे। आखिरी पद- चक्रवर्ती सम्राट- तक पहुंचने के लिए आसपास के छोटे राज्यों में घुसपैठ कर सेना के साथ घोड़ा दौड़ाया जाता था। उस घोड़े को शांतिपूर्ण तरीके से अपने राज्य से गुजरने देना आक्रमणकारी राजा की अधीनता को स्वीकार करना था। जो राजा अपनी सीमा में घोड़े को रोकता था, उसे घोड़े की रक्षक सेना से युद्ध करना पड़ता था। प्राचीन भारत में सभी लोग राजा को भगवान का रूप और अपने उद्धारकर्ता के रूप में मानते थे और राजतंत्र की छत्रछाया में रहने को इच्छुक (या विवश) होते थे। उन दिनों कहीं भी लोकतंत्र या प्रजातंत्र जैसा जनता की आवाज बुलंद करने का जरिया मौजूद नहीं था।

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में, भारत में वैशाली गणराज्य (अब बिहार राज्य का अंश) था जिसके महाजनपद थे- वज्जि (राजधानीः वैशाली), कोसल (राजधानीः श्रावस्ती), काशी (राजधानीः वाराणसी), मगध (राजधानीः पाटलिपुत्र)। वैशाली गणराज्य प्राचीन विश्व इतिहास में अबतक उपलब्ध लोकतंत्र का प्रथम निशान था। वैशाली पर राजगृह के शक्तिशाली सम्राट अजातशत्रु ने हमला किया और जीत लिया। उसी शताब्दी में यूरोप के प्राचीन एथेंस शहर-राज्य ने सभी जमींदारों को विधान सभा में बोलने की अनुमति दी, जिससे भविष्य में लोकतंत्रों का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस विश्लेषण के बाद यह निष्कर्ष निकलता है कि लोकतंत्र आधुनिक समय और सभ्यता के विकास की देन है। भारतीय संदर्भ में चार युगों में अंतिम युग कलियुग की एक प्रभावशाली उपलब्धि लोकतंत्र को माना जा सकता है।

> आज कल आधुनिक उपकरणों से लैस होकर मतदाता फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर के हैंडल से भी चल रहा है।



लोकतंत्र की धारणा राजतंत्र या तानाशाही और कुलीनतंत्र की धारणा के विपरीत है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनता के विचारों के आदान-प्रदान के कारण लोकतंत्र को शासन की सर्वोत्तम व्यवस्था कहा जाता है। लोकतंत्र में जनता अपने शासक का समय-समय पर चुनाव करती है और चुनाव के पहले भावी शासक जनता से विनती करते हैं कि उन्हें ही चुना जाये। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन द्वारा लोकतंत्र को अच्छी तरह से परिभाषित किया गया था-लोकतंत्र जनता की, जनता के लिए और जनता के द्वारा सरकार है।

लेकिन लोकतंत्र में जन-प्रतिनिधि चुनने का निर्णय एक गंभीर विषय है और इसके लिए स्वतंत्र रूप से सोचनेवाला सक्रिय दिमाग, शिक्षा और जागरूकता की आवश्यकता है ताकि एक सही प्रतिनिधि चुना जाय जो उसके क्षेत्र का कल्याण कर सकता है। कुछ विशिष्ट तकनीकी और कानूनी मुद्दे भी हैं, जैसे- जनता की शिक्षा का अभाव। लोकतंत्र विविध प्रकार के जन-साधारण - शिक्षित-अनपढ़, गरीब-अमीर, विद्वान-मंदबुद्धि, अपराधी-संत- सभी प्रकार के वयस्क मतदाता को समान मताधिकार और प्रतिनिधि चुनने की स्वतंत्रता देता है। जन-प्रतिनिधि चुनने के लिए जनता को शैक्षणिक योग्यता की कोई आवश्यकता नहीं है।

इसी तरह, जन-प्रतिनिधि बनने के लिए भी शैक्षणिक योग्यता की कोई आवश्यकता नहीं है। जैसे सभी प्रकार की जनता को मतदान करने का समान अवसर मिलता है, वैसे ही सभी प्रकार के प्रतिनिधियों को भी निर्वाचित होने का समान अवसर मिलता है। जन-प्रतिनिधि बनने के लिए निर्धारित आवश्यक योग्यताएं हैं- देश की नागरिकता, वयस्क होना, स्वस्थ मानसिक स्थिति। लेकिन शिक्षा जैसी अनिवार्य योग्यता को जन-प्रतिनिधि बनने के लिए आवश्यक और महत्वपूर्ण नहीं माना गया है और जनप्रतिनिधियों को भी इस तरह के बंधन से मुक्त रखा गया है। वास्तव में, अंगूठे के निशान वाला दयालु मंत्री अपने शिक्षित अधीनस्थों द्वारा बहुत उपयोगी माना जाता है। पढ़ा-लिखा और सख्त मंत्री खतरे की निशानी माना जाता है, जिससे अधीनस्थ सुरक्षित दूरी बनाकर रखते हैं।

लोकतंत्र का एक और मुद्दा है- मतदाता और जन-प्रतिनिधि की स्वच्छ पृष्ठभूमि का। एक मशहूर शायर इकबाल ने कहा था- जम्हूरियत (लोकतंत्र) वह तर्जे-हुकूमत (प्रशासन का तरीका) है, जिसमें इंसान को गिनते हैं, तौला नहीं करते।

इसका मतलब है कि लोकतंत्र में मतदाताओं की संख्या या मात्रा गिनी जाती है, उनकी गुणवत्ता या निर्णय लेने की क्षमता, वैचारिक या बौद्धिक स्तर को मापा नहीं जाता। ऐसा लगता है कि लोकतंत्र के प्रवर्तकों ने जन-प्रतिनिधि की योग्यता मापने को, उनके निजी जीवन, उनकी व्यक्तिगत पृष्ठभूमि का परीक्षण करने को लोकतंत्र के लिए आवश्यक नहीं माना। इस महान प्रजातांत्रिक पर्व में पढ़े-लिखे और बुद्धिजीवी जब अपना कर्तव्य निभाने, जन-प्रतिनिधि का चुनाव करने मतदान केंद्र पर जाते हैं तो उन्हें अक्सर निराशा हाथ लगती है।

वास्तविकता यह है कि कोई अनपढ़ मतदाता अपने जैसा जन-प्रतिनिधि ठीक समझता है और उसे ही चुनना चाहता है, तो वह किसी पढ़े-लिखे व्यक्ति को नहीं चुनेगा। काले धन का व्यापारी अपने जैसे कालाबाजारी वाले व्यक्ति को ही चुनेगा। अपराधी किस्म का मतदाता अपनी रक्षा करनेवाले जन-प्रतिनिधि को चुनना पसंद करेगा। कानून मानता है कि जब तक अपराध साबित नहीं हो जाता, आरोपी तब तक दोषी नहीं माना जायेगा। लोग कानून के इस सुनहरे सिद्धांत का सम्मान करते हुए गंभीर मामलों के आरोपी को भी अपना प्रतिनिधि चुन रहे हैं।

मतपत्र की गिनती में कठिनाई, बूथ पर कब्जा करने के आरोप- प्रत्यारोप और मतपेटी की लूटपाट की घटनाओं को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) लायी गयी थी, लेकिन इस मशीन की विश्वसनीयता के ऊपर भी आरोप- प्रत्यारोप चलते रहते हैं। इसके साथ, कुछ आर्थिक भ्रष्टाचार के मुद्दे भी हैं। हम अक्सर चुनाव के बाद घोड़ों के व्यापार (हॉर्स ट्रेडिंग) की परंपरा देखते हैं और पार्टियों को एक दूसरे पर आर्थिक भ्रष्टाचार द्वारा जन-प्रतिनिधि हड़पने का आरोप लगाते हुए सुनते हैं। जो चुनाव में बंदूक-गोली (बुलेट) या मतपत्र (बैलट) से भी नहीं जीत पाया, वह आर्थिक भ्रष्टाचार से जीत सकता है। कवि इकबाल या अब्राहम लिंकन को भी इसके बारे में कोई पूर्वाभास नहीं था, वर्ना उन्होंने कभी लोकतंत्र को परिभाषित नहीं किया होता। आर्थिक भ्रष्टाचार के मुद्दे का दूसरा पहलू भी है- गरीब और भूखे मतदाताओं का दो वक्त के भोजन या जीवन की कुछ आरामदायक सुख-सुविधाओं के बदले में अपना वोट डाल देना। इसका कोई सबूत नहीं दिखता है।

जैसा कि शुरुआत में ही इसका विश्लेषण किया गया था, लोकतंत्र आधुनिक युग की देन है, इसलिए लोगों के मन में यह सवाल या संदेह होना स्वाभाविक है कि प्राचीन युग या वैदिक आर्यों के सत्य युग में वापस जाने की जल्दबाजी में, हम कड़ी मेहनत से अर्जित लोकतंत्र के शासन से हाथ न धो लें। लेकिन यह सवाल या संदेह पूरी तरह से निराधार है। हाँ, यह सही है कि यह लोकतंत्र की व्यवस्था काफी पुरानी हो चुकी है। लोकतंत्र के चार स्तंभ- विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और प्रेस- सबकी की संरचना पुरानी हो रही है। यदि लोकतंत्र के चार स्तंभों का कायाकल्प किया जाये तो भवन नया और मजबूत हो जायेगा और हमारा लोकतंत्र एक नई ताकत और जोश के साथ आसमान की ऊंचाइयों को छुएगा। आज कल आधुनिक उपकरणों से लैस होकर मतदाता फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर के हैंडल से भी चल रहा है। लेकिन सबसे आवश्यक है कि मतदाता और जन-प्रतिनिधि के लिए शिक्षा, आर्थिक स्थिति, मानसिक अवस्था और अच्छी पृष्ठभूमि की भी योग्यता होनी चाहिए। तो चलिए, कामना करते हैं कि लोगों के दिल में लोकतंत्र के लिए प्यार बना रहे और इसके स्तंभ मजबूत रहें, ताकि शासन-व्यवस्था सफलतापूर्वक चले।

**(डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# मो सब्बीर आलम हत्याकांड के पांच आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर कपाली में मो. सब्बीर आलम हत्या कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पांच हत्या कांड में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियो में गौसनगर कपाली निवासी 23 वर्षीय सलामत अंसारी उर्फ आर्यन खान,ताजनगर कपाली के 19 वर्षीय फरहान अली,19 वर्षीय गुलाम खान उर्फ तन्नी,19 वर्षीय इस्तामुल मलिक और ताजनगर कपाली निवासी 22 वर्षीय अरबाज खान उर्फ बाजू शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तीन डैगर (चाकू) और चार मोबाइल फोन बरामद कर लिया। सलामत अंसारी उर्फ आर्यन खान पर पूर्व में भी कई आपराधिक इतिहास रहा है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापामारी दल में एसडीपीओ चांडिल अरविंद कुमार सिन्हा, सर्कल इंस्पेक्टर अजय कुमार, कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार, पुलिस अधिकारी असलम अंसारी, आईओ कौशल कुमार, सुमित तिर्की, हीरालाल गुंडु सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल रहे।

# आचार संहिता उल्लंघन मामले में मंत्री और भाजपा नेता बरी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कोल्हान के चाईबासा एमपी एमएलए विशेष न्यायालय ने पांच साल पूर्व आचार संहिता उल्लंघन मामले में झारखंड के शिक्षा मंत्री सह घाटशिला विधायक रामदास सोरेन और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार को बरी कर दिया। लोकसभा चुनाव 2029 में झामुमो व भाजपा कार्यकर्ता द्वारा सरकारी खंभे व भवनों में पार्टी का झंडा और बैनर लगाने पर सोनारी थाना में मामला दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई चाईबासा विशेष अदालत में चल रही थी। कोर्ट ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में यह फैसला सुनाया। कोर्ट के फैसले पर दोनों नेताओं को बड़ी राहत मिली है।

# बेघर हुए परिवारों को जिला प्रशासन ने आवंटित फ्लैटों में शिफ्ट होने का किया आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गम्हरिया।** बीते दिनों टायो कॉलोनी में टाटा स्टील के पांच मंजिला मकान में हादसे के बाद कुल 17 टायों कर्मी प्रभावित हुए थे। शुक्रवार को अंचल अधिकारी अरविंद कुमार बेदिया ने प्रबंधन व प्रभावितों के साथ वार्ता की। मौके पर उन्होंने बेघर हुए परिवारों को फ्लैट के वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए आवंटित फ्लैट में जाने के लिए आग्रह किया। अंचल अधिकारी अरविंद कुमार बेदिया ने बताया डीसी के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम के द्वारा टाटा प्रबंधन से पीड़ित परिवार को राहत पहचाने के लिए लगातार वार्ता चल रही थी। बैठक के बाद सभी प्रभावित कर्मियों को आवंटित फ्लैटो में जाने का अनुरोध किया गया। ताकि खुले आसमान के नीचे रात गुजारना ना पड़े। उन्होंने कहा कुछ फ्लैट जर्जर हालत में है जिसे टाटा प्रबंधन से वार्ता कर जल्द दुरुस्त की जायेगी। आवंटित फ्लैट में बिजली और पानी की सुविधा दी गयी है। अगर किसी तरह की भी त्रुटि पायी जाती तो समाधान निकाला जायेगा। बैठक में जमीनदोज फ्लैट में रहने वाले पारस नाथ महतो, असित कुमार सिंह, गुरुचरण महतो,दिलीप कुमार सिंह, नंदजी सिंह,सुनील कुमार मिश्रा, गौतम महतो,अशोक महतो,पवन कुमार साहू,ललिंदर प्रसाद, झुन झुनू पांडे,शिव शंकर शर्मा, श्याम शर्मा,सहदेव महतो, शशि रंजन सहित जिला प्रसाशन के अधिकारी और टाटा स्टील के पदाधिकारी शामिल रहे।

# नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल का तीसरा वार्षिक समारोह का आयोजन

**आजाद सिपाही संववाददाता**




**जमशेदपुर।** राजेंद्र विद्यालय सभागार में नेताजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के द्वारा संचालित नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल का तीसरा वार्षिक समारोह फेस्टिवा के दूसरे दिन विभिन्न शाखाओं में आयोजित किया गया। शुक्रवार को तीन दिवसीय वार्षिक समारोह के दूसरे दिन मुख्य अतिथि नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह उपस्थित हुए। मौके पर अथितियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर व गणेश वंदना के साथ महोत्सव का शुरूआत की गयी। इस अवसर पर बारीडीह, बिरसानगर व कदमा शाखा में बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भांगडा, शिव तांडव, पारंपरिक नृत्य व कई अन्य प्रदर्शनों करते हुए अपने अनूठी प्रतिभा का परिचय दिया। परसूडीह के बच्चों ने एक नाटक के जरिये वृद्धाश्रम के क्रूर सत्य को समाज के सामने उजागर किया। वहीं दूसरी तरफ पोखारी के बच्चों ने माइम एक्ट से लोगों का दिल जीत लिया।इस अवसर पर विद्यार्थी विभिन्न रंगों के परिधानों व भेष-भूषा से सुसज्जित होकर संस्कृति की विविधता में एकता के महत्व को दशार्ते हुए मनमोहक दिखे। दिनभर चलने वाले कार्यक्रम में बच्चों ने सामूहिक गीत व भाषण के माध्यम से टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमेन स्वर्गीय रतन टाटा को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर नर्सरी से कक्षा नौवीं तक के छात्रों को उनकी शैक्षणिक व उपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पदक व प्रमाण पत्र भेट कर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने कहा पूर्व में छोटी सी शाखा से शुरू हुई नेताजी सुभाष ग्रुप ऑफ स्कूल आज लगभग 15 हजार से ज्यादा छात्रों को शिक्षा देने वाले विद्यालय बन चुकी है। शिक्षा के प्रति अपने उद्देश्यों की पूर्ति करने के लिए नेताजी सुभाष परिवार प्रतिबद्ध है। शिक्षा तक समाज के सभी वर्गों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन प्रयासरथ है। मौके पर उन्होंने नेताजी सुभाष विद्यालय में नामांकन लेने पर विश्वविद्यालय प्रबंधन की तरफ से बच्चों को सबसे बेहतरीन छात्रवृत्ति के प्रस्ताव देने का घोषणा की।उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों व शिक्षकों को कड़ी मेहनत के लिए बढ़ावा मिलता है। उन्हें अपने जीवन को और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर सभी विद्यालयों के प्रभारी, प्रबंधन के पदाधिकारी, शिक्षकगण और अभिभावकगण मौजूद रहे।

# भाजपा में अमरप्रीत सिंह काले जैसे समर्पित कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ : डॉ राजीव कुमार

**भाजपा के जिला सदस्यता प्रभारी और मंडल अध्यक्ष ने काले को दिलायी भाजपा की सक्रिय सदस्यता**

**काले ने दो रेफरल कोड से 1510 नये सदस्यों को जोड़ा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने साकची कालीमाटी रोड में सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। शुक्रवार को अभियान में जिला सदस्यता प्रभारी डॉ. राजीव कुमार सहित अन्य भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। अभियान के दौरान अमरप्रीत सिंह काले ने दो रेफरल कोड के माध्यम से 1510 नये सदस्यों को भाजपा से जोड़ा। जिसमे 1,000 सदस्य उनके व्यक्तिगत रेफरल व 510 सदस्य कार्यालय के रेफरल से जुड़े।सदस्यता अभियान पार्टी को मजबूत करने और जनता के बीच भाजपा की विचारधारा को पहुंचाने का प्रभावी माध्यम साबित होरही है। मौके पर उन्होंने पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री काले ने कहा यह अभियान राज्य में भाजपा को और अधिक सशक्त बनाने व जनता के विश्वास को मजबूत करने में अहम भूमिका निभायेगी। मौके पर जिला सदस्यता प्रभारी डॉ. राजीव कुमार ने अमरप्रीत सिंह काले के समर्पण का जमकर सराहना की। उन्होंने कहा काले ने न केवल अपनी सक्रिय सदस्यता ली, बल्कि अपने प्रयासों से हजारों नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ा। सभी नये कार्यकर्ता प्रेरित होकर पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। मौके पर साकची मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह,रामकेवल मिश्रा, अखिलेश पांडे,पंकज वर्मा, जूगुन पांडे,प्रिंस सिंह, बिभाष मजुमदार, निर्मल दीक्षित, अंकित मोदी, रितिका श्रीवास्तव, डी मनी, सिमी कश्यप, अनूज मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बसंत पंचमी पर्व को लेकर की गयी शांति समिति की बैठक, डीजे रहेगा पूरी तरह प्रतिबंधित



**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना थाना परिसर के सभागार में सरस्वती पूजा (बसंत पंचमी) को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता सीओ विकास पांडे ने की। इस अवसर पर सीओ विकास पांडेय ने कहा कि माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार किसी भी शादी समारोह सहित पूजा पंडालों में डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध है। जिसे लेकर हम सभी को मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा अर्चना सादगी से करने की जरूरत है। प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि कहा कि डीजे के बैगर भी सरस्वती पूजा धूम-धाम से मनाया जा सकता है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि पूजा के बाद रात्रि आठ बजे से पूर्व लाउडिस्पिकर या अन्य छोटे ध्वनि यंत्रों का प्रयोग किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों और पूजा पंडालों से प्रतिमा विसर्जन हर हाल मे संध्या से पूर्व विसर्जन करने की बात कही। इस अवसर पर 20सूत्री अध्यक्ष मंसूर अंसारी, रमना मुखिया दुलारी देवी, सिलिदाग मुखिया अनीता देवी, कर्णपुरा मुखिया अजीत कुमार पांडेय, मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा आदि ने संबोधित किया। मौके पर मुन्ना सिंह, नागेंद्र सिंह, रामचंद्र राम, बुधन सिंह, विनोद विश्वकर्मा, अकलू साह, सहित कई लोग मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा आयोजन को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन ने की। इस दौरान सभी डीजे संचालक, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। बैठक में सरस्वती पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने के साथ ही सभी पूजा समितियों को निर्देश दिया गया कि वे समय सीमा और प्रशासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करें। विशेष रूप से ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित लगाया गया है। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि सरस्वती पूजा खासकर विद्यार्थियों का पूजा है, लेकिन सभी शांतिपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा मनाये। कहा कि किसी भी तरह की अफवाह से बचे और कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने के साथ ही मूर्ति विसर्जन सूर्यास्त से पूर्व ही करने का आग्रह किया। बैठक में पूजा आयोजकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एसआइ परवेज आलम, दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद, उदय शर्मा, जगबंधु महतो, मुखिया शैलेश चौबे, नंदलाल पाठक, बेबी देवी, समाजसेवी अख्तर अंसारी, विनोद यादव, राकेश रवि, बुचूल राम, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी, आत्मानंद विश्वकर्मा, मंटू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## विस्थापितों ने सेल के डीजीएम आवास का चार घंटे तक किया घेराव



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सेल के क्रशर प्लांट की कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में मजदूरों का 41 दिनों से जारी धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को जारी रहा। विस्थापितों और मजदूरों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेल के उपमहाप्रबंधक एसयू मेधा के आवास का चार घंटे तक घेराव किया। बाद में प्रदर्शनकारियों को उपमहाप्रबंधक के नहीं होने की जानकारी मिलने के बाद धरना पुनः सेल के प्रशासनिक भवन के गेट पर शिफ्ट हो गया। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों से सीएआइएसफ की हल्की नोंकझोंक भी हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साह ने कहा कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत विस्थापित और मजदूर सेल के उपमहाप्रबंधक के आवास का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए आये हुए थे। उसके बाद भी भय से उपमहाप्रबंधक आवास छोड़कर चले गये। उन्होंने कहा कि सेल प्रबंधन मजदूरों का रिटेचमेंट और ग्रेच्युटी के पैसा का भुगतान, तुलसीदामर डोलोमाइट खदान को चालू करने, क्रशर प्लांट कटिंग के ऑक्शन को रद्द करने जैसी उनकी मांगें नहीं मानती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## एमडीए की सफलता के लिए टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** फाइलेरिया से संबंधित एमडीए कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बीडीओ नंदजी राम की अध्यक्षता में सीएचसी स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएचसी प्रभारी डॉक्टर दिनेश कुमार, पीओ स्नेहा बूटे सहित शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस के कर्मी उपस्थित रहे। मौके पर फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत 10 से 25 फरवरी तक चलने वाले एमडीए कार्यक्रम को लेकर भी विशेष रूप से चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मियों ने प्रखंड और अंचल प्रशासन से कार्यक्रम की सफलता के लिए सहयोग मांगा गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जेएसएलपीएस सहिया, सहिया साथी, सेविका, सहायिका और पंचायत स्तरीय कर्मियों के माध्यम से इसका प्रचार प्रसारऔर लोगों को उसके लिए जागरूक किया जाये। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम मोनिका डोडराय, एमटीएस विद्यानंद प्रजापति, बीपीओ भवनाथपुर रविंद्र कुमार मेहता, केतार के रवि वैद्य, मंगल मिश्रा, अनूप कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## मोहित चौधरी ने किया 8वीं बार रक्तदान, बचायी महिला की जान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** युवा और समाज के प्रेरणास्त्रोत रंका निवासी स्वयंसेवक मोहित कुमार चौधरी हैं। जिनका ब्लड ग्रुप ओ निगेटिव काफी दुर्लभ है, जो बहुत कम लोगों में होता है। उन्होंने चिनिया थाना क्षेत्र के निवासी गोपाल यादव की पत्नी कबूतरी देवी एक निजी अस्पताल में दो दिन से रक्त की कमी से जूझ रही थी। इस दौरान उनके पुत्र बसंत यादव ने उनसे संपर्क किया। इसपर उन्होंने सदर हॉस्पिटल ब्लड बैंक पहुंचकर अपनी 8वीं बार रक्तदान किया। चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा के चेयरमैन सह मझिआंव चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि रक्तदान करना बहुत ही अच्छा कार्य है। रक्तदान को युवा और समाजसेवी जीवनदान समझते हैं। यह बहुत बड़ी बात है। रक्तदान से किसी भी प्रकार की शारीरिक क्षति नहीं होती है। रक्तदान करने से शरीर हमेशा स्वस्थ रहता है। 18 से 60 वर्ष के स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से जरूरतमंद लोगों को रक्त की पूर्ति होती है और शरीर के लिए भी लाभदायक होता है। वहीं ह्रदय संबंधित गंभीर बीमारी होने की आशंका कम हो जाती है। वहीं डेंटल सर्जन डॉ अशोक कुमार सोनी ने कहा रक्तदान महान कार्य है। अपना खून देकर किसी की जिंदगी बचाने से बड़ा पूण्य का कार्य हो ही नहीं सकता।

# बरडीहा के स्कूल में वर्षों से पढ़ाने नहीं आये दो शिक्षक, नाबालिग भतीजा लेता है क्लास

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव/गढ़वा।** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के सलगा पूर्व प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़े ही लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। अचानक निरीक्षण के दौरान विद्यालय के दोनों शिक्षक विनोद कुमार प्रजापति और अजय कुमार राम अनुपस्थित पाये गये जांच उपरांत पाया गया कि दोनों शिक्षक वर्षों से स्कूल नहीं आ रहे हैं सरकार की आंख में धूल झोंक कर बिना पढ़ाई ही वेतन उठा रहे हैं।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश कुमार सहाय ने बताया कि दोनों शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो जिला शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की सिफारिश की जायेगी। जांच के दौरान चौंकाने वाली खबर यह आई है कि शिक्षक का नाबालिक भतीजा स्कूल चल रहा था। और अच्छा तो उसी के सहारे पढ़ाई कर रहे थे। इस जांच के बाद शिक्षा विभाग है। जहां बिना पढ़ाई ही शिक्षक को वेतन मिल रहा है। प्रशासन ने जल्द शख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## बकाया भुगतान को लेकर कुलसचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। संबद्ध डिग्री महा विद्यालय महासंघ का नीलांवर पीतांवर विश्वविद्यालय ईकाइ का 16 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल महासंघ के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय के नेतृत्व में कुलसचिव और एफए (वित्त अधिकारी) से मुलाकात कर उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन की बकाया राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में महासंघ के महासचिव डॉ बनंसीधर सिंह, डॉ प्रेमचंद महतो, डॉ संजीव मिश्रा, प्रो नागेंद्र साव, प्रो संतोष मिश्रा, डॉ श्याम मिश्रा, डॉ. अरुण कुमार सिंह, प्रो एनके तिवारी, प्रो त्रिपुरारी कुमार, प्रो प्रदीप कुमार गुप्ता, शशिराय सिंह, महिल सिंह, प्रोआशा कुमारी, और प्रो. अखिलेश कुमार शुक्ला शामिल थे।**

# डॉ जगदीश्वर पांडेय को महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ विनोद पाठक के सेवानिवृत होने के पश्चात राजनीति शास्त्र विषय के प्राध्यापक डॉ जगदीश्वर पांडेय को महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्राचार्य डॉ जगदीश्वर पांडेय ने कहा कि मेरी प्राथमिकता में महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण बनाना है।साथ ही साथ महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पठन पाठन से संबंधित वातावरण उपलब्ध कराने की कोशिश करूंगा। मैं राज्य सरकार और विश्वविद्यालय से वांछित कार्यों को पूर्ण करने की हरसंभव कोशिश करूंगा। नवनियुक्त प्राचार्य को बधाई देने वालों में डॉ मनोज पाठक, डॉ नीता कुमारी,डा बीपी पांडेय, डॉ रविकांत कुमार, डॉ कुंदन, डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ अंजली अर्चना, प्रो सतीश पाण्डेय, प्रो आशीष कुमार वैद्य,विवेक कुमार पाठक, प्रो ऋषिकेश दुबे, प्रो रामा मेहता, प्रधान सहायक विनोद सोनी, अरविंद जायसवाल, सुजीत कुमार, गुप्तेश्वर मिश्रा जावेद अंसारी, रमेश चौधरी,सूरज सिंह, अशोक उरांव आदि के साथ सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मी शामिल हैं।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के पिपरडीह गांव निवासी 15 वर्षीया एक नाबालिग युवती के साथ छेड़-छाड़ करने व गलत करने के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर आगे की अनुसंधान कर रही है। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि पिपरडीह गांव की 15 वर्षीया पीड़िता के द्वारा शुक्रवार को आवेदन दिया गया है जिसमें




पीड़िता द्वारा आरोप लगाया गया है कि प्राथमिक अभियुक्त रंगनाथ यादव उर्फ रघुनाथ यादव पिता गजल यादव तथा पीड़िता की मां दोनों पिपरडीह निवासी के द्वारा जबरदस्ती अश्लील कार्यो को करते दिखाया गया और रंगनाथ यादव द्वारा पीड़िता को अकेला देखकर धड़ पकड़ गलत करने का प्रयास किया गया। जिसको लेकर दोनों ही आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर ली है । उक्त मामले के आलोक में थाना कांड संख्या 9/25 धारा 74/75/351, 8/12/10/18 पोस्को एक्ट दर्ज कर किया गया है। मामले की अनुसंधान का जिम्मा एसआई जुली टुडू को सौंपा गया है।

## सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा सौहार्दपूर्ण, सादगी, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर थाना परिसर में एक बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने किया। उक्त बैठक में सीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस या पूजा के समय डीजे बजाने पर प्रतिबंध किया गया है। किसी भी कीमत पर नहीं बजेगी डीजे वहीं उन्होंने कहा कि जो भी डीजे संचालक डीजे बजाते पकड़े जाते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वहीं उन्होंने पूजा कमेटी के लोगों से सख्त हिदायत देते हुए कहा कि भड़काऊ गाना नहीं बजाना हैं ताकि दूसरे धर्म के लोगों को ठेस पहुंचे। जिसमें उक्त बातों पर दोनों समुदाय के लोगों ने सहमति जतायी। मौके पर थाना स्टाफ नसीम अंसारी, चंदन प्रधान, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, शोभा जयसवाल, विवेक सोनी, अशोक कमलापुरी, मुखदेव उच्च विद्यालय कारमडीह के प्रधानाध्यापिका सुष्मिता कुमारी, प्रखंड और नगर पंचायत क्षेत्र के डीजे संचालक,सभी सरस्वती पूजा कमेटी के सदस्य एवं सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत, दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर आज जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडो से आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी। आज के जनता दरबार में लगभग 30 आवेदन प्राप्त हुए जिसे जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याएं को सुना और उनके आवेदन को संबंधित पदाधिकारी के पास अग्रसारित कर प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन,आवास योजना, बैंक से संबंधित मामले, स्वास्थ्य, वृद्धा पेंशन, राशन, पानी आदि से संबंधित मामलों से लोगों ने अवगत कराया। जिसे जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार ने अधिकारियों से बात कर तुरंत मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# गढ़वा जिला की महिला कबड्डी टीम लगातार दूसरी बार बनी स्टेट चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** पलामू जिला के पुलिस लाईन स्थित मैदान में 28 से 30 जनवरी तक आयोजित 17वीं राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता गढ़वा जिला महिला कबड्डी टीम लगातार दूसरी बार स्टेट चैंपियन बनी। फाइनल मुकाबले में गढ़वा ने कोडरमा जिला को 26 प्वाइंट से हराकर यह उपलब्धि प्राप्त की। विजेता और उपविजेता टीम को मेदिनीनगर के प्रथम मेयर श्रीमती करुणा शंकर के द्वारा खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर के सम्मानित किया गया। इसकी जानकारी गढ़वा जिला कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष सोमनाथ शाह ने देते हुए कहा कि कोच अनंजय सिंह के नेतृत्व में गढ़वा जिला महिला कबड्डी टीम लातेहार को 46 पॉइंट से गिरिडीह को 6 पॉइंट से सेमीफाइनल मैच में हजारीबाग को 36 पॉइंट से और फाइनल में कोडरमा जिला को 26 पॉइंट से हराकर लगातार दूसरी बार स्टेट चैंपियन बनी।

गढ़वा जिला के बबीता कुमारी को बेस्ट कैचर का अवार्ड से नवाजा गया। गढ़वा जिला महिला टीम को चैंपियन बनने पर गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सभी पदाधिकारी ने बधाई दी। वही गढ़वा जिला कबड्डी संघ के संरक्षक दीपक प्रताप देव ने सभी खिलाड़ियों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के लिए मैं हर समय खड़ा हूं और उनका हौसला को बढ़ाने का काम करेंगे। गढ़वा महिला कबड्डी टीम के खिलाड़ियों को आगामी 2 फरवरी को अपने आवास पर सम्मानित करने की बात कही।

## सरस्वती पूजा को लेकर ओपी के स्वागत कक्ष में शांति समिति की बैठक



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा को लेकर ओपी के स्वागत कक्ष में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ओपी प्रभारी उपस्थित पूजा समिति और विद्यालय प्रधान से स्पष्ट कहा कि झारखंड हाई कोर्ट के निर्देशानुसार डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। उसके अलावा मूर्ति विसर्जन साम पांच बजे तक करने का निर्देश दिया। विसर्जन के वक्त नदी में कम उम्र के बच्चों को उतरने पर सख्ती रहेगा। विसर्जन की जुलूस में आपत्ति जनक और अश्लील गानों का प्रयोग नहीं होगा। उसके अलावा ओपी प्रभारी ने यह भी कहा कि पूरी तरह से शांति और सौहार्द वातावरण को बनाये रखना है। अवैध तरीके से शराब का सेवन और बिक्री करने पर सख्त करवाई होगी। बैठक में एसआइ बीरेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि सूर्यदेव सिंह, अरुण मिश्रा, मुकेश चौबे, अवधेश सिंह, नित्यानंद कुमार सहित क्षेत्र के पूजा समिति के लोग व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापित पांच शिक्षक सेवानिवृत्त हुए

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापित पांच शिक्षक सेवानिवृत्त हुए। जिसमें तीन प्रभारी प्रधानाध्यापक और दो सहायक अध्यापक शामिल हैं। राजकीय प्राथमिक विद्यालय भिलमा के प्रभारी प्रधानाध्यापक सतीश कुमार पांडेय, प्रावि शिवरी के प्रभारी हेडमास्टर चंद्रिका राम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजा घटहुआं के प्रभारी हेडमास्टर अलखदेव राम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडीपुर के सहायक अध्यापक सिकंदर प्रसाद मेहता और उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोखापी के सहायक अध्यापक जगरनाथ सिंह ने सेवानिवृत्त हुए। एक साथ पांच शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने से शिक्षक समुदाय के बीच उदासी है।साथ ही सरकारी सेवा से बेदाग सकुशल सेवानिवृत होने पर सभी शिक्षकों ने बधाई दिए हैं।

## भंडरिया थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना परिसर में दिन शुक्ररवार को भंडरिया थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह के अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। इस बैठक में थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने कहा कि सरस्वती पूजा सरस्वती पूजा में भंडरिया थाना अंतर्गत किसी जगह पर विवादित जानकारी ली। वही सरस्वती पूजा विसर्जन में डीजे बजा पर प्रतिबंध है, अश्लील गाना और भड़काऊ गाना नहीं बजाना है। इस मौके पर उपस्थित जिला पार्षद सदस्य हिरवंती देवी, बजका पंचायत के मुखिया सबिता देबी, राजेश कुमार वर्मा, सुशील कुमार सिन्हा, निर्मला ठाकुर, भंडरिया प्रखंड के सभी स्कूल के शिक्षक और गाने मान्य लोग उपस्थित थे।

## पीएलवी ने ग्रामीणों को 8 मार्च को लगने वाली लोक अदालत के बारे में दी जानकारी



**बड़गड़ (आजाद सिपाही)।** सर्वोच्च न्यायालय नालसा नयी दिल्ली के निर्देशन में उच्च न्यायालय झालसा रांची के मार्गदर्शन में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष नलिन कुमार और सचिव रवि चौधरी के निर्देश पर 31 जनवरी 2025 को 90 दिवसीय आउटरीच अभियान के तहत बड़गड़ प्रखंड के बोडरी गांव में ग्रामीणों के बीच 8 मार्च को लगने वाला लोक अदालत में बिजली बिल, शराब ,भूमि विवाद, घरेलू हिंसा और अन्य मामले पर सुलह समझौता और बाल विवाह, दहेज प्रथा, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, राशन ,पेंशन, अनाथ बच्चों को मिलने वाली स्पॉन्सरशिप इत्यादि बिंदुओं पर पीएलभी राजेंद्र राम, शिवपूजन चौधरी के द्वारा बैठक कर ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण पुरुष और महिलाएं उपस्थित थे।

**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**Government of Jharkhand**
**e-procurement Notice inviting RFP (4th Call)**
**for**
**Engineering, Procurement & Construction (EPC)**

**Ref No: SHAJ/Tech/CW/Angarha-Rahe Road/2024/78** **Date: 31.01.2025**

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites Request for Proposal for Engineering Procurement & Construction basis from eligible bidders for **Construction of H.L. bridge over Gunga nala in 5th km of Angarha-Hahe-Rahe road including ROB**. The approximate cost of the work is Rs. **82.73** Crore.
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Request for Proposal (RFP) document for Engineering, Procurement & Construction document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **05.02.2025 (03:30 P.M.) to 20.02.2025 (upto 12:30 P.M.).**
The complete RFP Application shall be submitted online by **20.02.2025 (upto 12:30 PM)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned website. It will opened on **21.02.2025 (at 03:00 PM).**
3. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) & **Bid Security (EMD)** of Rs. 0.83 crore (Rs. Eighty Three Lakhs) only. Tender fees and Earnest money Deposit(EMD) shall be deposited online as per Information technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.

Sd/-
Member (Technical)
State Highways Authority of Jharkhand Deen Dayal Nagar
(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)
Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,
E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com

PR 345581 State Highway Authority of Jharkhand(24-25)D

## एंबुलेंस को वाहन ने मारी टक्कर, चालक घायल



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पलामू से रांची रिम्स मरीज लेकर जा रहा 108 एंबुलेंस कुडू - रांची मुख्य पथ एनएच 75 थाना क्षेत्र के ढुलवा खुटा पुल के समीप अनियंत्रित बस के चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना बुधवार - गुरुवार की मध्य रात्रि 12: 30 बजे की है। इस दुर्घटना में एंबुलेंस का अगला हिस्सा पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि एंबुलेंस में सवार मरीज और परिजन बाल-बाल बच गये। हालांकि एंबुलेंस चालक पलामु के सतबरवा निवासी गौरव कुमार 27 पिता अशोक चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कुडू सिएचसी में इलाज के बाद चालक और मरीज को एंबुलेंस से रिम्स भेजा गया।

# दुष्कर्म के दो मामलों के दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अलग अलग इलाके में दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को मिलते ही थाना कांड संख्या 12/25 दर्ज कर आरोपी का गिरफ्तारी में जुट गये। जबकि दूसरा सेन्हा थाना कांड संख्या 7/25 के आलोक में भी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। दोनों कांड के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

वही जानकारी के अनुसार बताया जाता है.कि सेन्हा थाना कांड संख्या 12/25 मामले में आरोपी को बदला डूमर टोली से गिरफ्तार किया गया। जबकि दूसरे आरोपी को लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ थाना क्षेत्र के मरंगलोइया से गिरफ्तार किया गया। विधिवत कारवाई करते हुए दोनो आरोपी को दुष्कर्म मामले में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चला कर बदला डूमर टोली निवासी जलिंद्र ठाकुर का पुत्र रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया। जबकि दूसरे दुष्कर्म घटना के आरोपी को मरंगलोइया निवासी आसीम अंसारी के पुत्र साबिर अंसारी को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी अलग अलग दुष्कर्म मामले का आरोपी होने की पुष्टि होने के पश्चात सेन्हा पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए जेल भेजा गया है।

# डॉ रामेश्वर उरांव ने हिसरी में लगवायी हाइ मास्ट लाइट



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बाहुल्य गांव मोहल्ले में रात में रोशनी के लिए ग्रामीणों की सहूलियत को देखते हुए अपने विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में हाइ मास्ट लाइट, सोलर लाइट की लगाने का कार्य किया जा रहा है। किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम हिसरी में हाइ मास्ट लाइट का निर्माण किया गया। जिससे गांव में रोशनी की व्यवस्था रात में की गयी। जिसका उद्घाटन कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल के द्वारा हिस्ट्री गांव पहुंच लाइट जलाकर एवं फीता काट उद्घाटन किया गया। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने डॉ रामेश्वर उरांव का आभार किये। जिनके प्रयास से कई गांव मोहल्ले में हाइ मास्ट का लाइट का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से किसको प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत, पंचायत समिति सदस्य नौशाद अहमद, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरशद अयूब, दानिश अली, पंचायत अध्यक्ष शेख सादिक, शेख आजम समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दो ट्रकों की टक्कर, बचे चालक



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू – चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 पर अमझरिया घाटी के समीप शुक्रावार की शाम करीब 4 :30 बजे दो ट्रकों की आमने–सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमें दोनों ट्रकों के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रहा कि दोनों ट्रक चालक बाल–बाल बच गये। मिली जानकारी के अनुसार कुडू की ओर आरहे ट्रक संख्या जेएच 02 बीएन – 4509 में कोयला और चंदवा की ओर जा रहे ट्रक सीजी 30 इ – 2774 में सीमेंट लोड था। दुर्घटना में दोनों ट्रक चालक कुडू थाना क्षेत्र के सुंदरू निवासी एनुल अंसारी और गढ़वा निवासी कमलेश को मामूली चोट आयी है।

## जिप अध्यक्ष के सहयोग से मजदूर का पार्थिव शरीर लोहरदगा आया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आंध्रप्रदेश मजदूरी करने गए कैरो के मजदूर केशवर उरांव के पार्थिव शरीर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी के सहयोग से लोहरद?गा आया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले आंध्रप्रदेश में मजदूरी करने कैरो थाना क्षेत्र के इरगांव बाघी गांव निवासी मजदूर केशवर उरांव गया हुआ था। घर वापस आने के क्रम में बीच रास्ते में वो रेल दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना जिस स्थान पर हुई वह स्थान नालगेंडा है। जो तेलंगना राज्य में स्थित है। घटना की जानकारी मृतक की पत्नी मनिया उरांव एवं उनके रिश्तेदार प्रकाश उरांव के द्वारा जिला परिषद अध्यक्ष को दिया गया। उन्होंने इस बाबत उपायुक्त लोहरदगा से वार्ता की और श्रम विभाग से कहकर पेपर प्रक्रिया पूरा करवाया एवं तत्काल उनके शरीर को उनके पैतृक गाँव मंगवाया। वही एंबुलेस का खर्च की राशी भी मुहैया करवाया। बताया गया कि दुर्घटना–26/01/25 को हुई थी और 30/01/25 को उनका मृत शरीर उनके गांव लाया गया। रात में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उराव, जितेन्द्र भगत, शनिदेव भगत, प्रकाश उरांव, गुड़ी पंचायत अध्यक्ष मंजन उरॉव, प्रेम उराँव, धमडु उरांव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# ट्रिपल टेस्ट सर्वे में गड़बड़ी की आशंका, डीसी को सौंपा मांगपत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** राज्य में नगर निकाय चुनाव से पूर्व ओबीसी आरक्षण निर्धारित करने के लिए ट्रिपल टेस्ट सर्वे की प्रक्रिया शुरू की गयी थी। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के निर्देशानुसार, बीसी-वन और बीसी-टू वर्ग के नागरिकों का अध्ययन कर डेटा एकत्र किया जाना था। यह सर्वे बूथ स्तर से लेकर निकाय स्तर तक डोर-टू-डोर सर्वेक्षण के माध्यम से 31 जनवरी तक पूरा किया जाना था। हालांकि, स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लोहरदगा जिले के शहरी क्षेत्रों में इस प्रक्रिया का सही ढंग से पालन नहीं किया गया। उनका कहना है कि किसी भी तरह का प्रचार-प्रसार नहीं हुआ और न ही कोई सर्वेक्षण दल उनके घरों तक पहुंचा। इससे अंदेशा है कि ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया में अनियमितता बरती जा रही है। इस बाबत शहर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ टी साहू की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। डॉ टी साहू ने कहा कि झारखंड के 15 जिलों धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, गोड्डा, लातेहार, पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा और पलामू में यह प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। लेकिन यह दावा गलत और भ्रामक है, क्योंकि वास्तव में कई जगहों पर सर्वे हुआ ही नहीं।

ओबीसी वर्ग के लोगों ने इस प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए इसे जनसंख्या आंकड़ों को छुपाने की साजिश बताया। उनका कहना है कि पूर्व में भी ओबीसी जनसंख्या को सही तरीके से नहीं दर्शाया गया था और इस बार भी उनके अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से मांग की है कि ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाये।

# तालाब का निरीक्षण कर दिन में ही मूर्ति विसर्जन करें : सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा के थाना परिसर सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने किया। उसके बाद बैठक में उपस्थित चंदवा के प्रबुद्ध नागरिक रामयश पाठक ने कहा कि माता सरस्वती की पूजा आगामी 3 फरवरी को निर्धारित की गयी है। पूजा के उपलक्ष में हम सभी चंदवा के नागरिक स्थानीय प्रशासन शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर बैठे हैं सभी का दायित्व है कि समाज के अंदर अच्छे और बुरे लोगों को पहचान कर सामाजिक स्तर से पूजा संपन्न कराया जाये। आज तक चंदवा में किसी तरह की अनहोनी सामाजिक रूप से तो नहीं हुई है परंतु प्रशासन अगर अलर्ट है तो अच्छी बात है श्री पाठक ने सुझाव दिया कि स्कूल के आसपास जो भी छोटी-मोटी दुकान हैं, उन सभी दुकानदारों को प्रशासन सचेत करें की कोई भी मादक पदार्थ की बिक्री नहीं की जाये जिससे नवयुवक बेकाबू हो जाये। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि पूजा करनी अच्छी बात है परंतु सामाजिक दायरे में रहकर सभी बच्चे तथा स्कूल प्रबंधक पूजा अर्चना करें। क्योंकि मां सरस्वती विद्या की माता है उन आशीर्वाद से विद्या सीखने की जरूरत है। वही इस अवसर पर चंदवा के अंचल पदाधिकारी जयशंकर पाठक ने कहा कि जहां कहीं भी पूजा हो रही हो मूर्ति विसर्जन के समय विशेष ध्यान रखा जाये दिन में ही नदी तालाब का निरीक्षण कर कोशिश करें कि दिन में ही मूर्ति विसर्जन हो और विसर्जन के समय सावधानी बरतनी की जरूरत है पूजा को लेकर सभी पहलुओं पर चर्चा की गयी। अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी समापन संबोधन करते हुए कहा कि जहां जैसा देखा जायेगा वहां पुलिस के जवान भी लगाए जायेंगे।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने की। बैठक में बीडीओ प्रतिमा कुमार व प्रखंड के जनप्रतिनिधि व पूजा समिति के लोग शामिल हुए। बीडीओ व थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से सरस्वती पूजा शांति पूर्वक मनाने कि अपील की। बताया गया कि सरस्वती पूजा के लिए सभी पूजा समितियों से पूजा संबंधी जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि पूजा व विसर्जन जुलूस में कोई धारदार हथियार नहीं रखेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही कहा कि पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भी उपस्थित लोगों से पूजा में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। सभी जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा का दायित्व देते हुए पूजा तथा विसर्जन जुलूस पर नजर रखने को कहा गया। कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने को कहा गया। इस मौके पर एसआइ पप्पू गुप्ता, किस्सा साहू, जुलफान अंसारी, निरंजन उरांव,गुलाम अंसारी के साथ दर्जनों प्रतिनिधि मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त हुए बीडीओ, बीइइओ और जनसेवक, दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू / लोहरदगा।** कुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव, बीइइओ अरबिंदा कुमारी और जनसेवक माधो भगत की सेवानिवृत होने पर एक साथ भावभीनी विदाई दी गयी। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित विदाई कार्यक्रम में सीओ मधुश्री मिश्रा, बीएओ सुनील चंद्र कुंवर, किशोर उरांव सहित सभी कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और आम लोगो ने फुल माला और उपहार देकर सम्मानित किया। आगे का जीवन स्वस्थ और सुखमय तरीके से व्यतीत करने की मंगल कामना की। कार्यक्रम का संचालन किशोर उरांव ने किया।

मौके पर सीओ श्रीमती मिश्रा ने शायराना अंदाज में बीडीओ को अपना बड़ा भाई जैसा बताते हुए कहा कि सभी कार्यों को सेवा भाव से करना इनकी विशेषता रही। आमजनों की सेवा के लिए हर वक़्त उपलब्ध रहे। बीएओ सुनील चंदर कुंवर ने कहा कि सरकारी सेवा से सेवामुक्त एक स्वत प्रक्रिया होती है। सभी को एक दिन सेवामुक्त होना है। लेकिन स्वच्छ सेवानिवृति का क्षण तब खुशनुमा पहलु होता है। बीडीओ श्री साव ने बिना तनाव के हर विकट परिस्थिति का सामना करते हुए हर छोटे-बड़े कर्मियों, पदाधिकारियों एवं आम जानो को सम्मान दिया। वहीं विदाई समारोह के दौरान बीडीओ श्री साव भावुक हो गये। उंन्होने कहा कि मात्र 16 माह तक यहां सेवा देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सभी कर्मियों के साथ एक परिवार की तरह काम करने की कोशिश की। कुछ कमी रही हो या मेरी बातों से किसी को तकलीफ हुई तो उसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं। आप सभी के सहयोग से ही सेवाकाल को नियमित ढंग से पूरा कर पाया हुं। मौके पर सीडीपीओ सोनिया मंजुल, कल्याण पदाधिकारी अवध प्रसाद, नवीन कुमार टिंकू, सदरुल अंसारी, विकास शाहदेव, सबरेज आलम, अंचल कर्मी दिलीप कुमार सहित सभी कर्मी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## प्रखंड कार्यालय का आधार सेंटर बंद रहने से लोग परेशान

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय में आधार रजिस्ट्रेशन सेंटर दिखावे के लिए खोला गया है। सेंटर अकसर बंद ही रहता है। ऑपरेटर आता भी है तो कुछ देर बाद बंद कर चला जाता है। उक्त बातें प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्तिथ आधार केंद्र पहुंचे ग्रामीणों ने बीडीओ रेशमा रेखा मिंज से कही। शुक्रवार को कई महिला -पुरुष ग्रामीण अपने बच्चों को लेकर प्रखण्ड कार्यालय में आधार रजिस्ट्रेशन और अंगूठा निशान को अपडेट कराने के लिए आये थे। दर्जनों से अधिक ग्रामीणों ने बताया कि दो दिनों से ब्लॉक का चक्कर काट रहे परंतु गेट के बाहर पेपर में लिखकर चिपका दिया जा रहा है कि आज आधार केंद्र बन्द रहेगा। बन्द क्यों है इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। वही बीडीओ के पास शिकायत करने पहुंचे दर्जनों ग्रामीणों की शिकायत के बाद आधे घंटे के अंदर आधार कार्य चालू कर दिया गया।

# किराना दुकान में लगी आग लगभग 4 लाख का नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सदर थाना अंतर्गत ईंटा बरही बाजार के निकट विजय प्रसाद केशरी के पुत्र दुकान मालिक पिंटू प्रसाद केशरी का किराना दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। पिंटू प्रसाद केसरी ने ईटा गांव निवासी मकान मालिक स्व देवठान उरांव के पुत्र कैलाश उरांव के घर को किराया में लेकर किराना दुकान चल रहा था। दुकान में आग लगने से दुकान के अंदर रखें डी फ्रीज, आटा, चावल, डाल, मसाला, तेल, रस्सी सहित अन्य खाद्य सामग्री एवं जन उपयोगी सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। दुकान मालिक पिंटू प्रसाद केसरी ने बताया कि अज्ञात राहगीरों के माध्यम से बीती रात लगभग 11:00 बजे उसे सूचना मिली की दुकान में आग लग गयी है, गांव की ओर से चाबी लेकर पहुंचे तब तक दुकान में पूरी तरह से आग लग चुकी थी। खुद वह आसपास के लोगों की मदद से पानी डालकर आग को बुझाया गया परंतु दुकान में रखें सामान पूरी तरह से जल गया। बताया कि दुकान में रखें सामान के जलने से उन्हें 3 से 4 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना लोहरदगा सदर थाने को दी गयी, तत्पश्चात शुक्रवार की सुबह पुलिस बल उक्त घटनास्थल पहुंचकर मामले का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण किसी के द्वारा लगाया गया या शार्ट सर्किट से हुआ या स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## प्रवीण कुमार ने बरवाडीह की मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के मुख्य सड़को पर डीएमएफटी फंड से स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग बरवाडीह पूर्वी पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को आवेदन देकर की है। बरवाडीह पूर्वी पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार के द्वारा उपायुक्त को दिए गए आवेदन मे कहा गया है कि लातेहार जिला मुख्यालय और बेतला नेशनल पार्क के तर्ज पर बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के मुख्य सड़को पर स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग उपायुक्त से की है ।उन्होंने कहा कि बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय समेत कई अन्य मुख्य सड़को पर रात्रि मे अंधेरा रहता है जिससे रात्रि मे राहगीरों को आने जाने मे काफी परेशानी होती है राहगीरों को रात्रि मे परेशानी को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के मुख्य सड़को पर स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग की है।

## कांग्रेसियों ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी सहयोगी सगीर अंसारी, हाफिज अंसारी के के नेतृत्व में गरीब व असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। विदित हो कि ठंड के बढ़ते प्रकोप से बचाने के दिशा में पहल करते हुए प्रखंड व पंचायत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उगरा, झालजमीरा पंचायत के विभिन्न ग्राम में गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण के दौरान पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब असहाय और दबे कुचले लोगों की पार्टी है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा हर सम्भव गरीब असहाय लोगों का सेवा में तत्पर रहते हैं। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत देश की सेवा और गरीब असहाय लोगों की संघर्ष के साथ सेवा करते 138 वर्ष पूर्ण कर लिया है। वही उन्होंने कहा की देश में मल्लिका अर्जुन खड़गे की अगुआई में संविधान की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी जा रही है और कांग्रेस पार्टी का हाथ को मजबूत करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। बताते हुए कहा कि कांग्रेसियों द्वारा ठंड को देखते हुए गरीब व असहाय वृद्ध वृद्धाओं सहित दर्जन भर से अधिक महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया है तथा प्रखंड क्षेत्र के अन्य पंचायत ग्राम में कंबल वितरण भी किया जायेगा।

# जनता दरबार में कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज कार्यालय में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में दूरदराज से पहुंचे लोगों ने बीडीओ के समक्ष अपनी अपनी समस्याओं को रखा। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने फरियादियो की समस्याओं को सुनते हुए निदान किया। इस अवसर पर लोगों ने दो दर्जन से अधिक पेंशन, राशन, आवास समेत अन्य समस्याओं रखा। बीडीओ ने पेंशन के आवेदन का तत्काल निष्पादन किया। वहीं विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदनों को निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया। मौके पर प्रखंड कर्मी व दूरदराज से पहुंचे फरियादी शामिल थे।

# डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं, समाधान का दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाात



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया।

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा।

बरवाहीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत, ग्राम ओपाग के निवासियों ने जनमन आवास योजना में फर्जी तरीके से मनरेगा का पैसा निकासी किये जाने के संबंध में उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं तथा लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उपायुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधित, समितियों के मछली पालन करने को लेकर चल रहे विवाद, केसीसी लॉन के माफी के गड़बड़ी संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन आन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

# हैदरनगर बाजार में दिनदहाड़े व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, हमलावर गिरफ्तार

## पैदल पहुंचे बदमाश चार गोली मारने के बाद रेलवे क्रॉसिंग की ओर भागा

**हत्या के कारणों का खुलासा नहीं, जांच में जुटी पुलिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर में शुक्रवार की दोपहर दिनदहाड़े 45 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्य कर दी गयी। मृतक की पहचान बहरवा खांड निवासी इमामुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है। वह पेशे से किसान था। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हमलावर पैदल ही आया था और इमामुद्दीन को चार गोलियां मारने के बाद पैदल ही रेलवे क्रॉसिंग की तरफ भाग निकला। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत इमामुद्दीन अंसारी को हैदरनगर प्राथमिक स्वास्थ्य पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गोली मारने के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। जिस समय गोली चली उस समय इमामुद्दीन अंसारी के साथ गांव के मोहम्मद अब्बास भी थे। उन्होंने बताया कि इमामुद्दीन अंसारी घर से बाजार आए थे। चौक बाजार की ओर से दोनों रेलवे गुमटी की ओर आ रहे थे। तभी जगदंबा कॉम्प्लेक्स के पास एक व्यक्ति चौक बाजार की ओर से आया। उसने इमामुद्दीन से कहा कि 'बहुत हीरो बनते हो, बॉस बनते हो'। यह कहते हुए उसने बंदूक निकाल कर एक के बाद एक चार गोली मार दी, जिससे इमामुद्दीन अंसारी खून से लथपथ होकर वहीं गिर गया। वहां कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का भी माहौल पैदा हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने गंभीर हालत में इमामुद्दीन को हैदरनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। बाद में पुलिस अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। एसआई विवेक कुमार ने बताया कि पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। दूसरी ओर, सूत्रों की मानें तो पुलिस ने हमलावर को जपला स्टेशन परिसर से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी पहचान लड्डू के रूप में बतायी जा रही है, जो हैदरनगर मेन रोड स्थित ब्रह्मस्थान के समीप रहने वाले जग्गू मंसूरी का बेटा बताया जा रहा है। उसके पास से हमले में इस्तेमाल बंदूक को भी बरामद कर लिया गया है। हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।



इमामुद्दीन अंसारी को अस्पताल लेकर पहुंचे लोग।

### पांच साल से घर पर रह रहे थे इमामुद्दीन

मृतक इमामुद्दीन के गांव के लोगों ने बताया कि इमामुद्दीन अंसारी पांच साल पहले तक दूसरे राज्यों में प्लांट में मजदूरी करता था। अब उनके पुत्र बाहर काम करते हैं। इमामुद्दीन पांच वर्ष से घर पर ही रहते थे। लोगों ने बताया कि उनका किसी के साथ किसी तरह के विवाद की जानकारी उन लोगों के पास नहीं है।

# पुलिस प्रशासन की सुस्ती कोयल रिवर फ्रंट की पहचान मिटा रहा : अरुणा शंकर





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट में लगे धौलपुर ग्रील को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े जाने के पांच दिन बाद शुक्रवार तक आरोपित के पकड़े नहीं पकड़े जाने पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि आरोपित का पकड़ा नहीं जाना यह साबित करता है कि सुरक्षा के लिए जिस सीसीटीवी कैमरों को लगाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए गए वह महज दिखावा बनकर रह गया है। घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगा होने के बाद भी क्लियर फोटो नहीं दे पाया। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रशासन ऐसे सीसीटीवी कैमरों के भरोसे कैसे बड़ी घटना में लिप्त आरोपितों को पकड़ पाएंगी। इस छोटी सी घटना से अंदाज लगाया जा सकता है कि शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे कमीशन की भेंट चढ़ गये हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य होता है जिस कोयल रिवर फ्रंट की चर्चा पूरे झारखंड में होती है जहां सैकड़ो लोगों को रोजगार मिल रहा है। सरकार भी पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करती है वही प्रशासन आज तक तोड़ने वाले को पूर्व और वर्तमान में अभी तक पकड़ नहीं पायी है। प्रथम महापौर ने प्रशासन से भी कहा कि शहर की सुंदरता को बर्बाद ना होने दें। बहुत मुश्किल से हम सभी ने मिलकर इसे सवारा है। इसे बचाने में सहयोग करें। प्रथम महापौर ने पुलिस से अनुरोध किया है कि इस घटना को गंभीरता से लें अन्यथा उपद्रवियों का मनोबल और बढ़ेगा। देखते ही देखते कोयल रिवर फ्रंट पूर्व की तरह अय्याशी और गंदगी का अड्डा बन कर रह जाएगा।

## पंचायत सचिव को दी गयी विदाई




**पाटन/पलामू (आजाद सिपाही)।** पाटन प्रखंड सभागार में सेवानिवृत पंचायत सचिव विनय शर्मा को बीडीओ अमीत कुमार झा, सीओ राकेश श्रीवास्तव ने माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीपीएस अहमद हुसैन और संचालन जन सेवक आलोक पांडे ने किया। इस दौरान सेवानिवृत्ति पंचायत सचिव की बीडीओ ने खूब प्रशंसा की। कहा कि इनके 26 वर्षों का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। कुछ कर्मियों द्वारा इनकी उपलब्धता भी बताई गई। सीओ राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि सेवानिवृत होने पर अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखते हुए परिवार जनों सॉन्ग समय व्यतीत करेंगे। मौके पर बीपीओ स्वीटी सिन्हा, मुखिया जैनुल सिद्दीकी, पूर्व मुखिया शिव शंकर साव, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

# आयुक्त का सरल स्वभाव काम करने की ऊर्जा को बढ़ाता है : डीसी

**आयुक्त की सेवानिवृत्ति पर समारोह आयोजित कर दी विदाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा सेवानिवृत्त हो गये। उनकी सेवानिवृत्ति पर आयुक्त के आवासीय परिसर में शुक्रवार को समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। अपनी विदाई पर आयुक्त ने कहा कि कार्यालय के पदाधिकारियों के साथ ही प्रमंडल क्षेत्र के पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के पदाधिकारियों ने टीम भावना के साथ कार्य करते रहे हैं, इससे पलामू प्रमंडल विकास के राह पर है। यहां के आमलोगों ने भी विकास के कार्यों में सहभागी बनते रहे हैं। उन्होंने आयुक्त कार्यालय की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी के सहयोग एवं सकारात्मक प्रयास से विकास कार्यों को गति देने में मदद मिली है। बताया कि उन्होंने विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में कार्य किया। वहां की टीम भी काफी को ऑपरेटिव थी। उन्होंने सभी के प्रति आभार जताया। वहीं, गढ़वा के डीसी ने आयुक्त के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि आयुक्त का सरल स्वभाव काम करने की ऊर्जा को बढ़ाता है। वे हमेशा से पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के बीच तालमेल बनाकर सकारात्मक सोच के साथ कार्य किये हैं। पलामू प्रमंडल में इनके कार्यो की हमेशा सराहना की जायेगी। इनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विकास के कई कार्य हुए हैं। इस मौके पर पलामू के पूर्व बंदोबस्त पदाधिकारी अमित कुमार, प्रभारी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उनके द्वारा किये गये कार्यो को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने आयुक्त के कायाकाल में हुए विभिन्न कार्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



विदाई समारोह में आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव मनीष कुमार सहित आयुक्त कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कार्यालय के पदाधिकारी एवं सभी कर्मीगण एवं विश्वविद्यालय की ओर से कुल सचिव डॉ. शैलेश मिश्र, कुलानुशासक डॉ. केसी झा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रवि शंकर , सहायक कुल सचिव रजी खान, कुलपति के पीए राजीव मुखर्जी, कुल सचिव कार्यालय के वेद प्रकाश शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## पांकी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बाल सुरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** नवज्योति डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से पांकी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में किशोरियों-बालिकाओं के उत्थान एवं बाल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बालिकाओं को महिला और बाल सुरक्षा कानून के बारे में जानकारी दी गयी। संस्था के प्रतिनिधि सचिव हरेंद्र कुमार ने किशोरियों के उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों से अवगत कराया। वहीं, विद्यालय की वार्डन संगीता ने सभी छात्राओं को किशोरी सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े खतरों की पहचान करने एवं उन्हें रोकने के लिए उठाने वाले कदम के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण और किशोरी सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा, आपातकालीन सहायता और रिपोर्टिंग के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। हेल्पलाइन नंबर 1098 (बाल हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन) के संबंध में बालिकाओं को बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं और प्लस टू कक्षा की 55 से अधिक छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बच्चों को समृद्ध करती समृद्धि की पाठशाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था वर्षों से संसाधन ना होते हुए भी जरूरतमंदों महिलाओं और बच्चों के लिए काम करता आ रहा है। लेकिन वर्तमान में एक महान शख्सियत ने मिशन समृद्धि संस्था के कार्यो से संतुष्ट होकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया जिसके लिए हम सब उनके आभारी हैं। बच्चों को प्रतिदिन चना गुड़ आज मिल रहा है तो इसके पीछे उनका और आरती श्रीवास्तव का ही योगदान है। पूर्व में भी बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जाता रहा है, लेकिन प्रतिदिन संभव नहीं हो पाता था। उम्मीद है कि अब पाठ्य और खाद्य सामग्रियों की कभी दिक्कत नहीं होगी। अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि इस पाठशाला में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा और सेवा दी जा रही है तो इसके पीछे निःस्वार्थ सेवा देने वाली महिला टीम है। जिनके परिश्रम से जनकपुरी और कचरवा टोला के ऐसे बच्चे शिक्षित हो रहें हैं जिनके परिवार में पढ़ाई की कोई पृष्ठभूमि नहीं है। पाठशाला की विशेषता को देखते हुए अब तो बच्चे भी आने लगे हैं जिनके घरों में शिक्षा का महत्व है। यह पाठशाला नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए समाज को सभ्य सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक सौपने का अपना लक्ष्य बनाया है। बच्चों की संख्या घटती बढ़ती रहती है। जिससे पाठशाला परिवार दुखी भी होते हैं। संख्या कितना भी हो यह मायने नहीं रखता, मायने रखता है बच्चों का सही ढंग से शिक्षा पाना। नागरिकों का सहयोग भी मिल रहा है। इसमें बैजंती गुप्ता, रंजीता, वीणा, राज, आशा शर्मा, ममता कुमारी अन्य का सराहनीय योगदान रहता है।



# पलामू डीसी के स्टेनोग्राफर और आदेशपाल हुए सेवानिवृत्त, समाहरणालय में दी गयी विदाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी कार्यालय के स्टेनोग्राफर वीरेंद्र कुमार ठाकुर एवं आदेशपाल दिलीप कुमार शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गये। इस अवसर पर समाहरणालय सभागार में सेवानिवृत्त हुए दोनों कर्मियों के लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। डीसी शशि रंजन ने दोनों ही कर्मियों को शॉल ओढाकर व बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही दोनों ही कर्मियों को बतौर सम्मान अन्य उपहार भी प्रदान किया गया। डीसी ने दोनों ही कर्मियों को उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने दोनों सेवानिवृत्त कर्मियों से भविष्य में अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखते हुए परिवारजनों संग समय व्यतीत करने की बात कही। गौरतलब हो कि वीरेन्द्र कुमार ठाकुर 16 नवंबर 1990 को समाहरणालय में योगदान दिये थे। इसके बाद पहली पोस्टिंग के रूप में अपर समाहर्ता के कार्यालय में अपनी सेवाएं दी। इसके बाद एसडीओ लातेहार, एसडीओ सदर सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय में अपनी सेवायें देने के बाद आज सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने कुल 34 वर्ष तक अपने कार्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया। इसी तरह डीसी के आदेशपाल दिलीप कुमार ने भी 33 वर्ष की सेवा प्रदान करने के बाद सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर मेदिनीनगर नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता समेत अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में समाहरणालय कर्मी उपस्थित रहे।




## पीपरा में 600 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड अंतर्गत भूपेंद्र सुपर मार्केट की ओर से 600 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान पीपरा के डिहरिया, गहोरा दमवा आदि गांवों में भूपेंद्र सुपर मार्केट की ओर से प्रदत्त संस्था के एजीएम आशा कुमारी और ममता देवी ने साड़ी का वितरण किया। आशा कुमारी ने बताया कि भूपेंद्र सुपर मार्केट हर तबके के लोगों को राशन के साथ सामान खरीदारी के लिए क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराती है। इस दौरान संस्था के डीलर रंजू देवी, मीना देवी, आरती देवी के अलावा सुनीता, सबिता, मानती, ललिता, रीना आदि थे।

## गुरु नानक कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से लगायी गयी प्रदर्शनी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गुरु नानक कॉलेज के एसजेएस ग्रेवाल ऑडिटोरियम भूदा कैंपस में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने रचनात्मक तरीके से मॉडल्स प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आरएस मोड़ कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रवीन सिंह एवं बीबीएमकेयू सामाजिक विज्ञान की डीन डॉ संजू कुमारी शामिल हुए, जिन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के 80 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर 17 मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रवीण सिंह ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। कहा कि गुरुनानक कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी बहुत ही शानदार है। हर महाविद्यालय को इस तरह के कार्यक्रम करने चाहिए। वहीं, डॉ संजू कुमारी ने कहा कि इस विषय पर प्रदर्शनी की उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। वहीं, डॉ जितेंद्र आर्यन पीजी डिपार्टमेंट बीबीएमकेयू, अमूल्य वेग पीजी डिपार्टमेंट बीबीएमकेयू, शर्मिला बनर्जी रिटायर्ड प्रोफेसर एवं पत्रकार राजीव कुमार ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और निर्णायक की भूमिका निभाई। कालेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं को प्लैटफॉर्म मिलता है। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ मीना मालखंडी ने किया। इसमें प्रथम स्थान राज्य पुनर्गठन एवं इलेक्शन प्रोसेस (रिया गुप्ता, भैरव कुमार, पूजा कुमारी), द्वितीय इसरो और चंद्रयान (अनंत रंजन, अमन सिंह, सुनील शर्मा, रिया श्रीवास्तव, सक्षम, रवि, मयंक, नितेश आकिब खान), तृतीय स्थान दो टीमों को मिला ओल्ड पार्लियामेंट और न्यू पार्लियामेंट एवं प्लानिंग कमीशन (आलिया, प्रियंका, लकी, अंजलि, रिमझिम, श्रुति, कशिश, तेजस्विनी, राधा, किरण, स्नेहा, उजमा, आयशा, भूमि)। इस मौके पर भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो अमरजीत सिंह, प्रोफेसर इंचार्ज बैंक मोड केंपस डॉ रंजना दास, प्रो संतोष कुमार, प्रो दीपक कुमार, प्रो डॉ मीना मालखंडी, प्रो नीता ओझा, प्रो दलजीत सिंह, प्रो पुष्पा, प्रो पीयूष अग्रवाल, प्रो नमिता, प्रो सिमरन छाबड़ा के साथ-साथ शिक्षकेत्तर कर्मी संजय सिंह, रंजीत मिश्रा आदि थे।

## छतरपुर में कृषक गोष्ठी का आयोजन



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ ने की। इसमें कृषि उत्पादन और गुणवत्तापूर्ण उत्पादकता बढ़ाने के विषयों पर चर्चा की गई। गोष्ठी में जैविक खेती, बीजोपचार, जैविक कीटनाशकों के उपयोग और जागरूकता पर विशेषज्ञों ने किसानों को विस्तृत जानकारी दी। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ प्रमोद कुमार ने किसानों को घर पर ही जैविक कीटनाशक जैसे अग्नि अस्त्र, निमास्त्र, बिवेरिया ह्यूसीयाना आदि तैयार करने की विधियां बताईं। साथ ही, मृदा संरक्षण के लिए प्रति कट्ठा 400-600 ग्राम मियूरेट और पोटाश डालने की सलाह दी गई। वहीं, बीडीओ ने कहा कि जैविक खेती से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और यह स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए भी लाभदायक है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने का आग्रह किया। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ने रासायनिक कीटनाशकों के हानिकारक प्रभावों पर चर्चा की और जैविक तरीकों से कीट नियंत्रण के उपाय सुझाए। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार, जनसेवक अधिकारी सतोष कुमार पासवान, किसान मित्र कामता सिंह, रामकेश यादव, कृष्णा कुमार, अनीता देवी, प्रियंका देवी सहित कई किसान उपस्थित थे।

## संत मरियम स्कूल में करियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन

# दिल्ली-कोटा जैसी उच्च स्तरीय शिक्षा विद्यार्थियों को अब पलामू जिले में ही मिलेगी : अविनाश

**मोटिवेशनल स्पीकर आनंद जायसवाल ने दी बच्चों को टिप्स**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कजरी स्थित संत मरियम विद्यालय में छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मेंटर्स एडूसर्व के फाउंडर आनंद जायसवाल, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, रिजिनल डायरेक्टर राहुल राजा, प्रवीण दुबे आदि ने किया। विद्यालय के चेयरमैन व प्राचार्य ने अतिथियों को अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विदित हो की विद्यालय ने देश के उच्च स्तरीय परीक्षा की तैयारी कराने वाली झारखंड बिहार का श्रेष्ठ संस्थान मेंटर्स एडूसर्व के साथ जुडकर छात्रों के हित में नई पहल की शुरूआत की है। जहां मेंटर्स एडूसर्व के फाउंडर आनंद जायसवाल ने स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की विशेष जानकारी दी, साथ ही उनके शिक्षा से संबंधित उलझे विचारों को नयी राह प्रशस्त कर जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, अविनाश देव ने अतिथियों व मेंटर्स एडूसर्व के समस्त सम्मानित शिक्षकों को आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो मैंने वर्षो पहले पलामू की शिक्षा की परिकल्पना की थी वह आज विद्यालय परिसर में हमें देखने को मिल रहा है। अब पलामू के मेधावी छात्रों को दिल्ली व कोटा जाने की आवश्यकता नहीं है। ना ही पैसों के अभाव में उन्हें पढ़ाई छोड़नी होगी। संत मरियम उनके भविष्य के लिए सदैव कृत संकल्पित है। विद्यालय ने इस नई पहल की शुरूआत की है। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में संत मरियम के विद्यार्थी अपनी कामयाबी का परचम लहराएंगे। उक्त मौके पर अभिभावक व हजारों बच्चे मौजूद थे।



## वाहन की टक्कर से तीन पशुओं की मौत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप शुक्रवार की अहले सुबह अज्ञात वाहन के टक्कर से तीन गोवंशीय पशुओं की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं एक पशु गंभीर रूप से जख्मी है। सभी पशु डुमरडीह निवासी प्रताप भगत का है। शुक्रवार के अहले सुबह प्रातः भ्रमण के लिए निकले लोगों की नजर सड़क पर पड़े गोवंश पशुओं पर पड़ी इसके बाद लोगों ने एक घायल गाय को किसी तरह सड़क के किनारे किया। वहीं घटना में दो बैल और एक गाय की मौत हो गई। कोई अज्ञात वाहन तेज रफ्तार से टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में गौ पालक को काफी नुकसान हुआ है। संभवतः सड़क पार करने के क्रम में वाहन ने मवेशियों को टक्कर मार दिया होगा। शुक्रवार दिन के 1 बजे तीनों पशुओं का पोस्टमार्टम कर शव को दफन कर दिया गया। वही पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### डुमरी की उदनी पंचायत स्थित औरापाठ गांव में लगा शिविर, डीसी ने किया निरीक्षण

# महिलाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** शुक्रवार को गुमला जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी के उदनी पंचायत स्थित औरापाठ ग्राम अंतर्गत पीएम जनमन योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों विभागों द्वारा अपने-अपने योजनाओं के संबंध के स्टॉल्स लगाते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिया गया। 30 परिवारों वाले औरापाठ ग्राम में पीवीटीजी समुदाय के नागरिक रहते हैं, अत्यंत सुदूरवर्ती क्षेत्र में में होने के कारण ग्रामीणों का जीवन कृषि पर आश्रित है। जिले के विभिन विभागों द्वारा लगाये गये शिविर के माध्यम से छुटे हुए ग्रामीणों को सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। हालांकि पिछले वर्ष भी उक्त ग्राम अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें सैकड़ों की संख्या में नागरिकों को योजनाओं से आच्छादित किया गया था।



**उपायुक्त ने किया शिविर का निरीक्षण :** आकांक्षी प्रखंड डुमरी के औरापाठ में लगाये गये शिविर का निरीक्षण करने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी पहुंचे। इस दौरान उपायुक्त सहित जिला स्तरीय एवं विभागीय सभी वरीय अधिकारी भी वहां उपस्थित रहें। उपायुक्त ने लगभग 3 घंटे का समय कैंप में बिताया। इस दौरान उन्होंने कैंप में आये सभी नागरिकों से भी मुलाकात की एवं उनके सभी समस्याओं को भी सुना। उपायुक्त ने कैंप में आये नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया, जो किसी एक योजना का लाभ लेने के लिए कैंप पहुंचे थे उन्हें अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गयी एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उपायुक्त ने मुख्यतः आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं वितरण पर जोर दिया उन्होंने शत प्रतिशत पीवीटीजी नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने एसएचजी की महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया एवं एसएचजी समुदाय को उनके स्वरोजगार हेतु आवश्यकता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराने की भी बात कही।

**शिविर में दर्जनों योजनाओं के लगाये गये स्टॉल :** उपायुक्त के निर्देश पर औरापाठ के सभी नागरिकों को शत प्रतिशत योजनाओं से आच्छादित करने के उद्देश्य से आज जिले के सभी कल्याणकारी विभागों द्वारा स्टॉल्स लगाये गये। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजना से छुटे हुए नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिया गया। वहीं समाज कल्याण विभाग द्वारा लगाए स्टॉल में महिलाओं एवं बच्चों के विकास संबंधित योजनाओं का लाभ छुटे हुए नागरिकों को दिया गया। मौके पर कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग,कल्याण विभाग, यूडीआइडी, जेएसएलपीएस सहित कई दर्जनों स्टॉल्स लगाये गये एवं शिविर में आये नागरिकों को ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ मिला।

## डुमरी में फूलो झानो पुस्तकालय का उद्घाटन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को डुमरी प्रखंड में प्रखंड स्तरीय फूलो झानो पुस्तकालय का उद्घाटन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा किया गया। उक्त पुस्तकालयों में हर एक प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा की पुस्तकों सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। हजारों की संख्या में विभिन्न विषय की पुस्तके मौजूद है जो किसी भी प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सहायक सिद्ध होगी। इसके अलावा अच्छी इंटरनेट सुविधा के साथ कंप्यूटर भी लगाये गये है। इस दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी अभियार्थियों से उक्त पुस्तकालय का अधिक से अधिक सदुपयोग करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा पुस्तकालय भवन निर्माण कर दिया गया है परंतु इसे जीवंत रूप देने की जिम्मेदारी स्थानीय लोगो की होगी।

## ई-पंचायत वीएलइ का प्रशिक्षण शुरू



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की उपस्थिति में आज चैनपुर सभागार में ई-पंचायत वीएलई (ग्राम स्तरीय उद्यमी) का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। यह कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें चार ब्लॉकों रायडीह, चैनपुर, डूमरी और जारी से कुल 52 वीएलइ ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण झारखंड पंचायती राज विभाग, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड और डिजीग्राम के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों में 'सबकी योजना सबका विकास' अभियान 2025-2026 के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य की डिजिटल पंचायत योजना के तहत वीएलइ को सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत विकास सूचकांक, प्रशिक्षण प्रबंधक पोर्टल (टीएमपी) और जेईएम पोर्टल के उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह प्रशिक्षण संकुलस्तरीय था और गैर-आवासीय रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, सीएससी ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर डिजीग्राम मनोज सत्यपति, प्रखंड समन्वयक संजय ओहदार, तथा डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत जिला प्रखंड स्तर के प्रशिक्षक प्रियंका सिंह, बहुरन तुरी, और रवि प्रसाद उपस्थित थे। प्रशिक्षण का उद्देश्य भीएलई को तकनीकी और प्रबंधन कौशल में दक्ष बनाना है, ताकि वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को सुगम और प्रभावी तरीके से लागू कर सकें। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता और विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रशिक्षण शिविर में जारी, चैनपुर, डुमरी, रायडीह के पंचायत भवन के वीएलइ उपस्थित रहे।

## जिप सदस्य ने जतरा मेला का किया उद्घाटन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ईटाम पंचायत अंतर्गत आमडेगा में जतरा मेला सह आर्केस्टा का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जतरा मेला ओर सांस्कृतिक आयोजन से लोगो के बीच आपसी भाईचारगी और आपसी सौहार्द बढ़ता है। इस मौके पर विशेष रूप से आर्या मुखिया जसिंता बागे, ईटाम मुखिया अनिमा डूंगडुंग, जतरा मेला के अध्यक्ष बसंत सिंह, सचिव पेशकर सिंह, कोषाध्यक्ष गोवर्धन सिंह, पुर्णधर ओहदार, प्रकाश सोरेंग, परमेश्वर सिंह, कुंजबिहारी सिंह, बरसकेतु सिंह, बालू बागे बावन बागे समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# सिसई अंचल कार्यालय के पांच कर्मी सेवानिवृत्त, सम्मान समारोह आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सिसई से शुक्रवार को एक साथ पांच अनुभवी कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान प्रमुख मीना देवी, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, सहित अन्य सहकर्मियों द्वारा सेवानिवृत्त होने वाली एलियो सुषमा तिर्की, पंचायत सचिव सुभाष भगत, पंचायत सचिव देलपाल सिंह, जनसेवक मुमताज आलम व जनसेवक संतोष झा को पुष्प गुच्छ व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्जवल भविष्य और स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनाएं दी, वहीं सभी सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने सेवाकाल के अपने अनुभवों को साझा किया। बताते चलें कि सिसई प्रखंड में पदस्थापित एलियो सुषमा तिर्की ने सरकारी सेवा की शुरूआत 1989 से अपने पद पर रहते हुए विशुनपुर, घाघरा, भरनो और सिसई में महिला प्रसार पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित रहीं। अपने संपुर्ण सेवा काल में आम लोगों के साथ-साथ पदाधिकारी के साथ मिलनसार, मृदुभाषी और सबके बीच लोकप्रिय व इमानदार छवि के साथ सेवानिवृत्त हुई। सुभाष भगत पंचायत सचिव के पद पर रहते हुए सिमडेगा,बोलबा, सिसई, बसिया व पुनः जुलाई 2022 से पुनः सिसई में पदस्थापित रहें। मुमताज आलम 20 अक्टूबर 1986 से जनसेवक के पद पर रहते हुए कोलेबिरा, गुमला,डुमरी, चैनपुर व मई 2018 में सिसई में कार्यरत रहें। वहीं संतोष झा ने 22 अक्टूबर 1986 में जनसेवक के पद पर सेवा देते हुए घाघरा, बोलबा, गुमला, विशुनपुर, पालकोट और 10 अगस्त 2022 में सिसई में पदस्थापित रहें।



## कटर मशीन से युवक के दोनों पैर कटे

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के कोयंजारा गढ़ टोली में बांस काटने के क्रम में 24 वर्षीय युवक सुनील उरांव का कटर मशीन से दोनों पैर कट गया। युवक अपने बागान को घेरने के लिए बांस की कटाई कर रहा था। तभी अचानक उसके हाथ से कटर मशीन छूट कर नीचे गिर गया। जिसके बाद वह गोल-गोल घूमने लगा और युवक के दोनों पैर को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में युवक का दोनों पैर आधा कट गया इसी बीच सुनील के सहयोगी ने मशीन के तार को खींचकर किनारे किया। वही युवक के पैर से खून बहने लगा और वह लहू लुहान हो गया। घटना के बाद तत्काल परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# बीच सड़क पर बसों को रोककर चढ़ाये जा रहे पैसेंजर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुरुवार को नगर भवन में गुमला के प्रबुद्ध लोग चैंबर ऑफ कॉमर्स सामाजिक संगठन व प्रशासन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आम जनता की समस्या सुनने के बाद उपायुक्त ने कई निर्देश जारी किये थे।

कहा गया कि बस पड़ाव से जो भी बस निकलेगी वह सीधे अपने स्टॉपेज पर ही रुकेगी अगर बीच में बस कहीं रूकती है और यात्रियों को चढ़ाया उतारा जाता है तो संबंधित बस के संचालक से जुर्माना वसूला जायेगा। बावजूद कई यात्री बसें शुक्रवार दिन के 2 बजे मेन रोड जशपुर रोड व अन्य सड़कों पर भी सड़क यत्र तत्र रोककर यात्रियों को चढ़ाया उतारा जा रहा था जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। बता दें कि बस स्टैंड से निकालने के बाद शहर के सभी रोड में बस रुकने के लिए निर्धारित स्थल का चयन किया गया है। जहां बसों का ठहराव होना है। लेकिन यात्री बसों द्वारा शहर में जहां तहां रुक कर यात्रियों को चढ़ाया उतर जाता है। जिसे जाम की समस्या बनी रहती है। बसों से होने वाली जाम की समस्याओं को लेकर बैठक में शहर के प्रबुद्ध लोगों ने प्रमुखता से उठाया था। लेकिन पदाधिकारी के निर्देश का बस चालकों व मालिकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। शहर में बस कछुए की चाल से रेंगते हुए यात्रियों को चढ़ाने उतारने का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा। जिसके कारण बसों के पीछे लंबी जाम लगी रही।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में आगामी सरस्वती पूजा को लेकर प्रभारी थाना प्रभारी शैलेश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष पूजा समिति व आमजनों के द्वारा क्षेत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी के साथ साथ सरस्वती पूजा शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने पर चर्चा की गयी। बैठक में प्रशासन के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि कहीं भी किसी के द्वारा अश्लील गाना नहीं बजाया जाये। साथ ही मूर्ति विसर्जन के दौरान सतर्कता के साथ शाम होने से पहले नजदीकी तालाब व नदी में विसर्जन करना सुनिश्चित किया जाये। अगर कहीं से किसी प्रकार की संदिग्धता नजर आये तो प्रशासन को तत्काल सूचित करें। प्रशासन का सहायता लें और प्रशासन को सहायता दें। सभी पूजा समिति के अध्यक्षों से पांच पांच लोगों का नाम एंव मोबाइल नंबर लिख कर थाना में जमा किया जाये ताकि प्रशासन को सहयोग मिले। बैठक में पुलिस अधिकारी माहादेव यादव, नितीश कुमार सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह, अशोक तिवारी,अनीश चंद्रा, प्रमोद सिंह, सुशील उरांव, सीताराम खेरवार, अमर चीक बडाईक, निरंजन कुमार सिंह, संगीता देवी, सरस्वती देवी, हीरामुनी देवी, रितेश खरेवार, बिनय टाना भगत, बिंदेश्वर साहू, प्रकाश कुमार, सहित काफी संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## बाइक से गिरकर युवक घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नवाटोली मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर सिसई लसिया डूंमर टोली गांव निवासी रोशन बड़ाईक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस के सहयोग से 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# मोटिया मजदूरी में 1 फरवरी से होगी 20 प्रतिशत की वृद्धि




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में आम व्यापारी और गुमला के मोटिया संघ की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने की। इस बैठक में विशेष रूप से मोटीया संघ द्वारा मजदूरी का रेट बढ़ाने संबंधी विषय पर चर्चा हुई। चेंबर पदाधिकारी की पहल से सारे बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से यह तय पाया के मोटीया संघ का मजदूरी का रेट 20% बढ़ाया जाता है। जो 01 फरवरी से प्रभावी होगा। मौके पर चैंबर की तरफ से चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के अलावा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, सचिव बबलू वर्मा, उपाध्यक्ष राजेश लोहानी, अभिजीत जायसवाल, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष पदम कुमार साबु, अमित महेश्वरी, पवन अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य ब्रिज फोगला, व्यापारीगण में विनोद अग्रवाल, टिंकू केसरी, चीनू साबू, रूपक कुमार, अनिल साहू आदि उपस्थित थे।

### अंतर जिला अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट


# देवघर ने चतरा को सात विकेट से हराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 के दूसरे सुपर डिवीजन मुकाबले में देवघर ने चतरा को सात विकेट से पराजित कर राज्य स्तरीय प्लेट ग्रुप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शुक्रवार को जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में चतरा की टीम पहले बल्लेबाजी करते 48.1ओवरो में 132 रनो पर सिमट गयी। चतरा के रौशन कुमार ने सर्वाधिक 43 रनो की पारी खेली। भागवत भारद्वाज 21व नैतिक पांडेय ने 15रनो का योगदान किया। देवघर की ओर से यश सिन्हा व ऋषव ने तीन -तीन विकेट हासिल किये। शरीश शर्मा को दो विकेट मिला। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवघर की टीम 28ओवरो में तीन विकेट के नुकसान पर जीत का आंकड़ा छू लिया। टीम की ओर से यश सिन्हा ने 65 रनो की नाबाद पारी खेली। सुधांशु मंडल ने 27, जुनैद सिद्दीकी 23 व सुमित ने 13रनो का योगदान किया। चतरा की ओर से श्रेयांश, नैतिक व आयुष ने एक-एक विकेट लिया। देवघर के यश सिन्हा प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये। जेएससीए द्वारा यहां प्रतिनियुक्ति टीआरडीओ राजेश झा, अंपायर रुपेश कुमार, अरबिंद कुमार व स्कोरर दीपक ने मैन ऑफ द मैच को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर मनोज चौधरी, लाल चंद्रशेखर, आयुष अग्रवाल, आकाश आनंद, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, शशि प्रकाश, विनीत साहू, यमुना झा, सनी साहू, मधुसूदन उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



मुकाबले के तीसरे दिन श्रीलंका ने 44/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 92 रन बनाकर 2 विकेट और गंवायें।

# पांच दिनी शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-6 फरवरी से

**टूर्नामेंट में 16 टीमें होंगी शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किया गया है। इस टूनामेंट में कुल 16 टीमें शामिल होंगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष नेसार खान, उपाध्यक्ष मो. साकिब और वसीम ने संयुक्तरूप से बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन छह फरवरी, 2025 और समापन 10 फरवरी 2025 को होगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन झारखंड सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, अंजुमन इस्लामिया रातू प्रखंड के सचिव मुख्तार अंसारी और मांडर थाना प्रभारी राहुल संयुक्त रूप से करेंगे।

मो. साकिब ने बताया कि टूर्नामेंट के विजेता को 50 हजार रुपये नगद और बड़ा ट्रॉफी, उपविजेता को 30 हजार रुपये नगद और बड़ा ट्रॉफी दिया जायेगा। साथ ही तृतीय और चतुर्थ स्थान पानेवाले टीम को क्रमशः 5500 हजार रुपये नगद और ट्रॉफी व 5000 हजार रुपये नगद व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सिरीज होने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जायेगा। मो. साकिब ने बताया कि शहीद एतवा उरांव के नाम से पिछले 25 साल से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट टूर्नामेंट का यह पहला आयोजन है।

## गॉल टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया 518 रन से आगे



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच गॉल में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। शुक्रवार को मुकाबले के तीसरे दिन श्रीलंका ने 2 ही विकेट गंवाये, क्योंकि बारिश के कारण 27 ओवर का खेल ही हो सका। टीम ने फिलहाल 5 विकेट खोकर 136 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया 518 रन से आगे है। मुकाबले के तीसरे दिन श्रीलंका ने 44/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 92 रन बनाकर 2 विकेट और गंवा दिये।

## 2 को लगेगा लायंस क्लब का नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आगामी 2 फरवरी यानी रविवार के दिन नेत्र मरीजों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 2:00 तक अयोजित किया जायेगा। इस शिविर में 26 जनवरी 2025 को जितने भी ऑपरेशन हुए थे उन मरीजों को फॉलो किया जायेगा। इसके अलावा आंखों की जांच भी की जायेगी। सभी जरूरतमंद लोगों से निवेदन किया गया है कि वह अपनी आंखों की जांच करा लें। यह जांच उन लोगों के लिए जो डायबिटीज शुगर के मरीज है। जिससे रेटिना में प्रॉब्लम है वह भी जाकर जांच करा सकते हैं। यह जांच बिल्कुल ही निशुल्क है। यह जानकारी लायन्स क्लब के सचिव अशोक जायसवाल ने दी।

# बकरी चोरों से मुरुमकेला और चार गांव परेशान मिशन बदलाव की टीम ने एसपी से की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मुरुमकेला गांव के ग्रामीण इन दिनों बकरी चोरी को लेकर काफी परेशान हैं। आये दिन हथियार बंद चोर गांव में रात को आते हैं और ताला तोड़ कर बकरियों को चुरा ले जाते हैं। ग्रामीणों की माने तो ये चोर पहले ग्रामीणों के दरवाजों को बाहर से कुंडी लगा देते हैं। त्तपश्चात बकरी चोरी कर फरार हो जाते हैं। जिससे कोई भी इनका विरोध नहीं कर पाता है। इसी समस्या को लेकर मिशन बदलाव की टीम मुरुमकेला गांव के ग्रामीण और चार गांवों के जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह से मिलने पहुंचे। टीम का नेतृत्व मिशन बदलाव की टीम सोनामती कुमारी कर रही थी। टीम में मिशन बदलाव के प्रतिनिधि के रुप में जिला अध्यक्ष बिनोद साहू, नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा, नगर सचिब ज्योति गलोयरिया कुजूर मिशन बदलाव सदस्य भूषण सिंह मौजूद थे।



इस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक गुमला को बताया गया कि हम चार गांव के लोग बकरी चोरों से परेशान है और निरंतर हमारे बकरियों पशुओं की चोरी हो रही है, आये दिन ग्रामीणों बकरियों की चोरी होने से किसान आतंकित है और बकरियों की चोरी से किसानों में डर का माहौल है। चोर हथियारों के साथ रात को आते है और ताला तोड़ कर घरों में घुसकर बकरी चोरी करते है। इस मामलों को लेकर पुलिस अधीक्षक गुमला ने बहुत गंभीरता से लिया पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए कारवाई कर रही है।

# कोयला कारोबारी सौरभ सिंघल के ठिकानों पर जीएसटी का छापा

## जीएसटी की चोरी और कोयले के अवैध कारोबार की हो रही जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहर के प्रमुख कोयला कारोबारी सौरभ सिंगल के विभिन्न ठिकानों पर शुक्रवार की सुबह जमशेदपुर से आई जीएसटी की टीम ने धैया स्थित आवास पर स्थित हार्ड कोक भट्ठा और घर पर छापामारी की। इस दौरान जीएसटी की छापामारी टीम कई भाग में बंटे थे। प्रत्येक में चार से पांच अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने गहनता से दस्तावेजों की जांच की। सूत्रों की




मानें तो यह कार्रवाई अवैध कोयले के कारोबारियों द्वारा जीएसटी में किये गये घपले को लेकर हुई है। विशेष रूप से हवेली स्थित आवास पर बारीकी से जांच की जा रही है। सौरभ सिंघल पर इससे पहले भी फर्जी जीएसटी बिलिंग और अवैध कोयले का व्यापार करने का आरोप लगा है। प्रशासन को आशंका है कि करोड़ों रुपए के लेनदेन में टैक्स की चोरी की गई है। जीएसटी विभाग की यह छापेमारी अवैध कारोबार से जुड़े कई खुलासों की ओर इशारा करती है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**कतरास (आजाद सिपाही)।** धनबाद-चन्द्रपूरा रेलखंड के सिजुआ बांसजोड़ा पोल संख्या डीके 9/ 21 और डीके 9/25 के बीच ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। सिजुआ स्टेशन मास्टर द्वारा दी गई सूचना पर कुसुंडा रेल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए धनबाद एसएनएमसीएच भेज दिया। घटना शुक्रवार अपराह्न 3.30 बजे की बताई जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही घटना स्थल के आसपास बसे लोगों मौके पर इकट्ठा हो गये। पर मृतका की पहचान नहीं कर सके। शव क्षत विक्षत अवस्था में होने के कारण पहचान नहीं हो पा रही है। एएसआई दशमत मुर्मू ने बताया की मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## भूली नेहरू बालिका विद्यालय की छात्राएं पढ़ाई के साथ ही खेल में भी प्रतिभावान : ब्रजेंद्र सिंह

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नेहरू बालिका विद्यालय के सचिव सह प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि भूली के नेहरू बालिका विद्यालय में केवल लड़कियों के लिए पढ़ाई की अलग से व्यवस्था है। वहां केवल लड़कियां ही शिक्षा ग्रहण करती है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ ही खेल जगत में भी यहां की छात्राएं प्रतिभावान है। बताया कि पहले विद्यालय की छात्रा संगीता सोरेन जो वर्ग दशम में थी। फुटबॉल में झारखंड में पहला स्थान बनाई थी। अब दूसरी लड़की बांस मुड़ी गांव की रहने वाली सोनी महतो जो विद्यालय के 10वीं की छात्रा है ने पिछले दिनों



झारखंड के चतरा में हुए 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके पहले 2024 में उसने महाराष्ट्र के नागपुर में पूरे देश में दौड़ में प्रथम स्थान पाई है। 2023 में लखनऊ में 200 मीटर के दौड़ में भी पहला स्थान हासिल की थी और अब छह फरवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियन के लिए दौड़ में भी वह भाग लेने जाएगी। हम कामना करते हैं कि आने वाले दिनों में वह विद्यालय के साथ ही जिला और राज्य का भी नाम रोशन करें। धनबाद वासियों से आग्रह है कि धनबाद की सोनी महतो दौड़ में ऑल इंडिया चैंपियन बने इसके लिए सभी शुभकामनाएं दें।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAVAN , KUTCHERY ROAD, RANCHI-834001, JHARKHAND.
Ph No.: +91-651-2225878, e-mail ld-pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: -JUIDCO/NIT/InD-STPs Santhal/642 Date :30-01-2025
Tender ID.: 2025_UDD_97528_1
PR No. - 344008

**CORRIGENDUM-01**

All bidders are hereby announced that corrigendum 01 is released for 1st call tender of NIT Ref No:- **JUIDCO/NIT/InD-STPs Santhal/642** and Tender ID **2025_UDD_97528_1** for "Request for Proposal for Selection of Consultant for preparation of Detailed Project Report (DPR) and providing Project Management Consultancy (PMC) services for Interception & Diversion and STPs along with related infrastructure in 10 towns in Santhal Cluster in Jharkhand". The bidders are advised to take in to account the same before submission of their bids against the tender.
NOTE: Corrigendum-01 and all other information can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e. **(http://jharkhandtenders.gov.in)**

PR 345561 Urban Development and Housing(24-25).D

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd.


## बेरमो में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झामुमो के बोकारो जिला संयोजक डॉक्टर रतनलाल मांझी और वरीय नेता अनिल अग्रवाल की अगुवाई में जरीडीह बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। डॉक्टर रतनलाल मांझी ने बताया कि बोकारो जिले में झामुमो के 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए गांव-गांव में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक गांव से कम से कम 100 सदस्यों को जोड़ा जाएगा। झारखंड में सबसे अधिक सदस्य बोकारो जिले में बनाने का प्रयास होगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान से जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए आम जनता तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाना महत्वपूर्ण कदम होगा। मौके पर रिजू खान, परवेज आलम, साबिर खान, पंकज भाटिया, राजू श्रीवास्तव, गगन जायसवाल, याकिब राजा, आशुतोष कुमार, गुलाब प्रसाद, अनिल प्रजापति, टिंकू श्रीवास्तव, विष्णु तांती, सन्नी देवाल, विकास जायसवाल, ऋषि विश्वकर्मा, संतोष श्रीवास्तव, बबलू सिद्दीकी और सुरेश लोहार आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना हमारी प्राथमिकता : मंत्री योगेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआटांड़।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत कंडेर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित बैठक में राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही उनके सर्वांगीण विकास के



लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उधर, कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मंत्री जी का ढोल नगाड़े एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्वागत किया गया।

## भाजपा नेता पर पूर्व पार्षद की पिटाई का आरोप



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हिरापुर विवाह भवन के निकट 71 डिसमिल जमीन पर काम करने को लेकर हुए विवाद में निगम कार्यालय परिसर में पूर्व पार्षद निर्मल मुखर्जी के साथ मारपीट की घटना घटी है। निर्माण मुखर्जी ने भाजपा नेता संजय झा समेत तीन लोगों के खिलाफ मारपीट कर घायल करने का आरोप लागाते हुए धनबाद थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। निर्मल मुखर्जी ने कहा कि सरकारी जमीन पर संजय झा कब्जा कर रहा था। जिसे लेकर निगम से शिकायत कर काम को रुकवा दिया था। इसी का बदला लेने के लिए निगम कार्यालय में मारपीट की गयी है। वहीं भाजपा नेता सजंय झा का कहना है कि उनके मित्र हीरापुर निवासी सुजीत दास अपनी जमीन पर काम करवा रहे थे। लेकिन पूर्व पार्षद निर्मल मुखर्जी नगर निगम में शिकायत कर काम को रुकवा दिया। जिसकी शिकायत करने वह निगम में आए थे। तभी निर्मल मुखर्जी उनसे उलझ पड़े। इसी को लेकर हल्की-फुल्की बहस हुई है। मारपीट की घटना उनके साथ नहीं की गई है।

## चेक बाउंस मामले में एक साल की जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** व्यवहार न्यायलय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने चेक बाउंस के दोषी दुग्दा निवासी प्रह्लाद सिंह को एक साल की सजा सुनाई। साथ ही 65 लाख रुपए जुर्माना भी लगाया है। बताते चलें कि परिवादनी सुमन देवी ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम की न्यायालय में 2021 में एक परिवाद पत्र दाखिल कर बताया था कि अभियुक्त प्रह्लाद सिंह को पेट्रोल पंप में पूंजी लगाने और ट्रेलर गाड़ी निबंधन के लिए 21 दिसंबर 2018 को 40 लाख रुपए का दोस्ताना कर्ज दिया था। इससे पहले भी वह 10 लाख रुपए का दोस्ताना कर्ज ले चुका था। इस तरह कुल 50 लाख रुपए दोस्ताना कर्ज दो साल में लौटाने की बात कही थी। पर दो साल बीत जाने पर जब रुपए नहीं मिले तो परिवादिनी ने कर्ज वापस करने की मांग की। तब अभियुक्त ने 50 लाख रुपए का एक चेक दिया जिसे बैंक में डाला तो वह बाउंस हो गया। जिसकी जानकारी



अभियुक्त को दिया। बावजूद इसके उसने रुपया नहीं लौटाया। थक हार कर सुमन देवी ने प्रह्लाद सिंह के विरुद्ध न्यायालय में चेक बाउंस का मुकदमा दाखिल किया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस बाद सुनने के बाद न्यायाधीश ने प्रह्लाद को को दोषी पाते हुए एक साल की सजा और 65 लाख जुर्माना की सजा सुनाई। इसके बाद प्रह्लाद सिंह के अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करने का आवेदन दिया। जिसके बाद उसे जमानत पर छोड़ दिया गया। परिवादिनी सुमन देवी की ओर से अधिवक्ता सुरेश यादव ने बहस की।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**झरिया (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा को लेकर झरिया थाना परिसर में शुक्रवार की शाम शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता शशिरंजन कुमार और संचालन भगत सिंह ने किया। बैठक में थाना प्रभारी शशिरंजन कुमार ने कहा कि ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा को मनाने वाले ज्यादातर विद्यार्थी युवा वर्ग के है। उन सभी से अपील है कि त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनायें। पूजा पंडाल में डीजे और फुहर गाना बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। पूजा पंडाल में डीजे बजाते हुए पाये जाने पर कार्रवाई होगी। यही नहीं, डीजे भी जब्त कर लिया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडे, अंचल कार्यालय के सर्किल इंस्पेक्टर अभय सिन्हा, जगदीश गुप्ता, करीम अंसारी, प्रमाणिक पार्थ, अनीता सिंह, सुषमा गुप्ता, पिंकी साहू, दिलीप आडवाणी आदि थे।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

–:आम सूचना :–

" दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन "

पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सूनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत | शिविर स्थल का नाम | दिनांक | पशु चिकित्सक/ कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | जरगा | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ0 निर्मला मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तिलैया। 2. श्री विनोद तिवारी (अनुसेवक) | 9934748130 |
| | | कोलगरमा | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | लरियाडीह | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | बेकोबार द0 | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | बेकोबार उ0 | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | मेघातरी | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | लोकाई | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ0 विनिता कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा। 2. श्री सुदर्षन चौधरी (अनुसेवक) | 9431537040 |
| | | इन्दरवा | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | खरकोटा | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | झुमरी | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | पाण्डेडीह | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | पथलडीहा | पचांयत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| 2 | सतगॉवा | मीरगंज | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ रविकांत प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सतगांवा। 2. श्री नीतीष कुमार (पशुधन सहायक) | 8540956364 |
| | | कटैया | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | टेहरो | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | अम्बावाद | पचांयत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | खुटटा | पचांयत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | नावाडीह | पचांयत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | बासोडीह | पचांयत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | मरचोई | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| | | इटाई | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | राजाबार | पंचायत भवन | 24.02.2025 25.02.2025 | | |
| | | कोठियार | पंचायत भवन | 27.02.2025 28.02.2025 | | |
| 3 | जयनगर | योगियाटिल्हा | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ0 तीनी एक्का भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जयनगर। 2. श्री विषुन महतो (रात्रि प्रहरी) | 9931742693 |
| | | नईटॉड | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | पिपचो | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | बेको | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | खरियोडोह | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | तेतरॉन | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | कटिया | पंचायत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | गड़गी | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| | | गोहाल | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | तिलोकरी | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 01.डा0 शोएब खान प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, जयनगर 2. श्री रजनीश कुमार (पशुधन सहायक) | 7858096780 |
| | | घरौजा | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | रूपायडीह | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | कन्द्रपडीह | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | तमाय | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | करियावॉ | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | होरोडीह | पंचायत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | कटहाडीह | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| 4 | डोमचॉच | पारहो | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | ढोढ़ाकोला | पंचायत भवन | 24.02.2025 25.02.2025 | | |
| | | खरखार | पंचायत भवन | 27.02.2025 28.02.2025 | | |
| | | बच्छेडीह | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ राजेष कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचॉच 2. श्री हरीषचन्द्र मिश्र (अनुसेवक) | 8789914345 |
| | | नावाडीह | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | फूलवरिया | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | पूर्नाडीह | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | घरगॉव | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | मसमोहना | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | बेहराडीह | पंचायत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | मधुवन | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| | | कुण्डी धनवार | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | ढोढ़ाकोला | पंचायत भवन | 24.02.2025 25.02.2025 | | |
| | | मसनोडीह | पंचायत भवन | 27.02.2025 28.02.2025 | | |
| 5 | चन्दवारा | चन्दवारा पूर्वी | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ कृष्ण चन्द्र झा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चन्दवारा 2. श्री देवलाल राम (अनुसेवक) | 9934182005 |
| | | चन्दवारा पश्चिमी | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | बिरसोडीह | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | पिपराडीह | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | मदनगुण्डी | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | ऊरवॉ | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | पथलगढ़ह | पंचायत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | बडकीधमराय | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| | | कांको | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | थाम | पंचायत भवन | 24.02.2025 25.02.2025 | | |
| | | खाण्डी | पंचायत भवन | 27.02.2025 28.02.2025 | | |
| | | बिरसोडीह | पंचायत भवन | 01.03.2025 03.02.2025 | | |
| 6 | मरकच्चो | चोपनाडीह | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ अरविन्द कुमार सिंह प्रभारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मरकच्चो 2. श्री कृष्णा सिंह ( अनुसेवक) | 7903560601 |
| | | दशारोखुर्द | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | जामू | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | महुगाय | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | मरकच्चो उत्तरी | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | मरकच्चो दक्षिण | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | सिमरिया | पंचायत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | तेलोडीह | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| | | देवीपुर | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | डगरनावां | पंचायत भवन | 24.02.2025 25.02.2025 | | |
| | | कादोडीह | पंचायत भवन | 27.02.2025 28.02.2025 | | |
| | | पूर्णानगर | पंचायत भवन | 01.03.2025 03.03.2025 | | |
| | | मरकच्चो मध्य | पंचायत भवन | 04.03.2025 05.03.2025 | | |

नोट :– शिविर आयोजन का उदेश्य पशुपालकों को समीपवत्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेंगे।
शिविर का समय :– सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत होगी।
1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जॉच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जॉच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयेजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज करायें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।
निवेदकः– जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 345530 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D

विश्वासभाजन
जिला पशुपालन पदाधिकारी
कोडरमा।


## 'संवहनीय खनन और गवेषण हेतु तकनीकी प्रगतियां' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# खनन आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण चालक होगा: प्रो अरविंद मिश्रा

## टिकाऊ खनन प्रभावी खदान बंद करने पर निर्भर करता है: प्रो डीडी मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय खनन, भूवैज्ञानिक एवं धातुकर्म संस्थान (एमजीएमआइ) और सीएसआआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआइएमएफआर) ने संयुक्त रूप से 'संवहनीय खनन और गवेषण हेतु तकनीकी प्रगतियां' (टीएएसएमइ-2025) पर शुक्रवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र की शुरूआत टीएएसएमइ-2025 के अध्यक्ष और सीएसआइआर-सिंफर के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा के भाषण से हुई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खनन क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 2.5 फीसदी का योगदान देता है और देश के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जैसे-जैसे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, खनन इस आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण चालक होगा। वहीं, टीएएसएमइ-2025



के संयोजक और सीएसआइआर-सीआइएमएफआर के मुख्य वैज्ञानिक डॉ मुरारी प्रसाद रॉय ने सेमिनार के लक्ष्यों और विषय का उधारण प्रस्तुत किए, जिसमें टिकाऊ खनन प्रथाओं को बढ़ावा देने वाले तकनीकी नवाचारों पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने बताया कि 36 उद्योगों के 250 से अधिक प्रतिभागी इस सेमिनार में शामिल हुए जो भारत के उत्तरोत्तर खनन उद्योग के महत्व पर एक टिकाऊ भविष्य को गढ़ने पर केंद्रित उत्साही चर्चाओं को बढ़ावा देंगे। वहीं, एमजीएमआइ के मानद सचिव रणजीत तालापात्रा ने अपने संबोधन की शुरूआत भारत भर में एमजीएमआई के विविध प्रयासों और प्रथाओं को रेखांकित करके की। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष और इस सेमिनार के विशिष्ट अतिथि प्रो डीडी मिश्रा ने माइन क्लोजर के महत्व पर बात की। बताया की टिकाऊ खनन प्रभावी खदान बंद करने पर निर्भर करता है। कहा कि खनन को अनिश्चितकालीन गतिविधि के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि, खदान के संचालन शुरू होने से पहले, इसे बंद करने की योजना पहले से ही बना लेनी चाहिए। टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (रॉ मैटेरियल) डीबी सुंदर रामम ने इस क्षेत्र में टाटा स्टील की पहलों पर चर्चा की और खनन उद्योग के सामने आने वाली कई चुनौतियों, विशेष रूप से खदानों के बंद होने के मुद्दे और इससे उत्पन्न होने वाले चुनौतियों अपने मन्तव्य रखे। कहा कि कोल इंडिया देश की कुछ सबसे बड़ी खदानों का संचालन करती है। उन्होंने खनन में टिकाऊ प्रथाओं के महत्व पर भी जोर दिया। कहा कि संसाधनों का पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण टिकाऊ खनन रणनीति के महत्वपूर्ण घटक हैं। सुंदर रामम ने ओपन-कास्ट माइनिंग को सबसे प्रभावी खनन तकनीकों में से एक बताया और देश के लिए इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। जबकि कोल इंडिया लिमिटेड प्रबंध निदेशाक पीएम प्रसाद और इस समारोह के मुख्य अतिथि ने स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार खनन के महत्व पर जोर दिया। बताया कि खनन क्षेत्र में अनुसंधान निधि वर्तमान में सीमित है, और खनन और अन्वेषण में अनुसंधान को बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने इस क्षेत्र में उन अवसरों पर प्रकाश डाला जिन्हें अभी भी पूरी तरह से तलाशने की आवश्यकता है। उन्होंने भूमि पुनर्स्थापन प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड की प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की। खनन गतिविधियों के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से इको-पार्क और विभिन्न पर्यावरण कार्यक्रमों की स्थापना का उल्लेख किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सुरक्षा हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और खनन से प्रभावित समाज, लोगों और समुदायों के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी है। उधर, सेमिनार के उद्घाटन सत्र का समापन टीएएसएमइ-202 स्मारिका के अनावरण और डॉ कृपामय सरकार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। दूसरी ओर, विशिष्ट वक्ताओं आइआइइएसटी, शिबपुर के निदेशक प्रो वीएमएसआर मूर्ति, टाटा स्टील लिमिटेड के ईआईसी, एफएएमडी पंकज सतीजा, आईआईटी खड़गपुर के प्रो. खनिंद्र पाठक और जिंदाल पावर मीनिंग बिजनेस के सीईओ ओम प्रकाश ने भी अपने-अपने विचार साझा किये।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# वेदांता एल्युमीनियम का स्टॉल उत्कर्ष ओड़िशा-मेक इन ओड़िशा कॉन्क्लेव 2025 में आकर्षण का केंद्र बना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने उत्कर्ष ओड़िशा-मेक इन ओड़िशा 2025 कॉन्क्लेव में अपने परिचालन का व्यापक प्रदर्शन किया, जिसमें इसके इएसजी अभ्यास, अत्याधुनिक तकनीक और सामाजिक प्रभाव पहलों को शामिल करते हुए विविध प्रदर्शनियां शामिल थीं। कॉन्क्लेव के पहले दिन, वेदांता ने ओड़िशा में 1 लाख करोड़ के नये निवेश की घोषणा की, जो राज्य के औद्योगिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। निवेश सम्मेलन में कंपनी की उपस्थिति का नेतृत्व वेदांता समूह के संस्थापक और अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने किया, जिनके नेतृत्व में कंपनी राज्य की समृद्धि के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को आगे




बढ़ा रही है। वेदांता एल्युमीनियम ने रोजगार, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के लिए उत्प्रेरक बनने के अपने प्रयासों को प्रदर्शित किया, जिससे ओड़िशा एक औद्योगिक शक्ति बन गया है। स्टॉल पर आये आगंतुकों को कंपनी के विश्व स्तरीय उत्पादों का व्यावहारिक प्रदर्शन और राज्य की प्रगति में कंपनी के व्यापक योगदान के बारे में जानकारी मिली। वेदांता एल्युमीनियम ने आगंतुकों को अपने आगामी एल्युमीनियम पार्क से भी परिचित कराया, जो भारत का सबसे बड़ा धातु पार्क बनने वाला है। वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ सुनील गुप्ता ने कहा कि ओडिशा के साथ हमारी साझेदारी को प्रदर्शित करने के लिए मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव एक बेहतरीन मंच रहा है, जिसमें राज्य के अपार मूल्य और क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए दुनिया भर के प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक राज्य को विकसित भारत के लिए विकास इंजन में बदलने के दृष्टिकोण के साथ, उनका विश्वास न केवल आर्थिक प्रगति के लिए बल्कि लोगों को सशक्त बनाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता के साथ गहराई से जुड़ता है। हम स्थायी प्रभाव पैदा करने, समुदायों के जीवन में सुधार लाने, अवसर प्रदान करने और सभी के लिए एक उज्जवल, अधिक समृद्ध भविष्य का निर्माण करने के लिए और अधिक रास्ते तलाशने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# 'शहीद दिवस' आयोजित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत की आजादी के संघर्ष के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोगों की याद में, खोरधारोड मंडल के कार्यालयों तथा विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत सभी रेल कर्मियों द्वारा दो मिनट की निरवता पालन की गयी।

# मुख्यमंत्री ने बारबाटी स्टेडियम में मैच को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत-इंग्लैंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच 9 फरवरी को कटक के बारबाटी स्टेडियम में होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित मैच दो साल के अंतराल के बाद बारबाटी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए बारबाटी स्टेडियम में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी बारबाटी स्टेडियम पहुंचे और तैयारियों की समीक्षा की और संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध संगीत निर्देशक प्रेमानंद द्वारा रचित मैच का थीम संगीत 'स्वागत... सुस्वागत' का विमोचन किया।

समीक्षा और अध्ययन के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा कि बारबाटी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। तैयारी का काम ओसीए आयोजन समिति के कर्मचारियों और टीमों,




जिला प्रशासन, राज्य प्रशासन विशेष रूप से खेल मंत्री सूर्यवंशी सूरज की देखरेख में किया जा रहा है। यह हमारी सरकार के लिए एक चुनौती है। यह हमारे लिए सम्मान की बात है। इसके लिए पूरी टीम कड़ी मेहनत कर रही है। दो साल बाद यह मौका हमारे पास आया है। इस मैच का सफल आयोजन किया जायेगा। हमारी सफलता न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में खुशी लायेगी।

मुख्यमंत्री के साथ खेल एवं युवा सेवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रकाश मिश्र, महाधिवक्ता पितांबर आचार्य, अंगुल विधायक और ओसीआर एपेक्स काउंसिल सदस्य प्रताप चंद्र प्रधान, बडंबा विधायक विजय कुमार दलबेहेरा, कटक सदर विधायक प्रकाश चंद्र सेठी, बांकी विधायक देवी रंजन त्रिपाठी, पूर्व विधायक ललितेंदु विद्याधर महापात्र के साथ ओसीए के संपादक संजय बेहेरा आदि उपस्थित थे।

# लोको पायलटों के लिए तनाव मुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** लोको पायलटों के लिए चल रहे तीन दिवसीय तनाव मुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम के दौरान, खोरधारोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा, अपर मंडल रेल प्रबंधक, पीके बेहेरा और आर्ट ऑफ लिविंग एसोसिएशन के ओड़िशा राज्य समन्वयक, एचके दत्ता उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 जनवरी को ट्रैफिक कॉलोनी स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में शुरू किया गया। इसमें पारादीप, जखपुरा, खोरधारोड, भद्रक, कटक, छत्रपुर, पलासा और केंदुझरगढ़ आदि विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत 34 लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों ने भाग लिया। सभी को योगासन, प्राणायाम, ध्यान और सुदर्शन क्रिया - एक शक्तिशाली श्वसन तकनीक जैसे व्यावहारिक, सरल परंतु अत्यधिक प्रभावी तरीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस



अवसर पर खोरधारोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने कहा कि लोको पायलटों पर अपने चुनौतीपूर्ण कार्य के प्रति बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। इन कर्मचारियों की जीवनशैली अन्य लोगों से काफी अलग होती है। उन्हें कार्यालयीन जीवन, व्यक्तिगत जीवन और सामाजिक जीवन के बीच संतुलन बनाये रखना होता है और यह केवल तनाव मुक्त मन से ही संभव हो सकता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी गैर सरकारी संस्थानों में से एक आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से आयोजित किया गया था। भारतीय राजस्व सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी और आर्ट ऑफ लिविंग, भुवनेश्वर के प्रसिद्ध संकाय सदस्य ललित मोहंती और प्रदीप पटनायक ने लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों को प्रशिक्षण प्रदान किया। खोरधारोड मंडल के विद्युत विभाग के वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सुभोजित दास के मार्गदर्शन में तथा मंडल विद्युत इंजीनियर शेख. टी रहमान और सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर सुमंत बेहुरा के सहयोग से तनाव मुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। संचालन मंडल चल कर्मचारी प्रशिक्षण केंद्र, खोरधारोड के मुख्य लोको निरीक्षक अबनी कुमार महापात्र द्वारा किया गया।

# मधुसूदन पाढ़ी ने चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला



**भुवनेश्वर (आजाद सिपीह)।** सेवानिवृत्त वरिष्ठ आइएएस अधिकारी मधुसूदन पाढ़ी ने शुक्रवार को राज्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला है। इसके बाद उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को प्राथमिकता दी जायेगी। मतदाताओं को आकर्षित किया जायेगा ताकि मतदाता बड़ी संख्या में आयें और मतदान प्रक्रिया में भाग लें। मधुसूदन पाढ़ी ने राज्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने भुवनेश्वर के तोशाली भवन में कार्यभार संभाला है। पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त आदित्य प्रसाद पाढ़ी ने उन्हें कार्यभार सौंपा। आदित्य प्रसाद पाढ़ी का कार्यकाल अगस्त 2024 में समाप्त हुआ। तब से यह पद खाली पड़ा था। उनकी जगह मधुसूदन पाढ़ी ने कार्यभार संभाला है। वह 1991 बैच के सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी हैं। वह पहले भी कई महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। उनके पास राज्य सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव, खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण विभाग के प्रधान सचिव, परिवहन आयुक्त और ओमफेड के प्रबंध निदेशक के रूप में काम करने का अनुभव है। वह अक्टूबर 2022 में नौकरी से सेवानिवृत्त हुए थे।

# प्रश्नपत्र लीक मामले में 12 आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** बरगढ़ जिले के बरपाली में युक्त तीन प्रश्नपत्र लीक मामले। गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 12 तक पहुंच गयी है। बरपाली पुलिस ने 10 छात्रों के साथ एक कंप्यूटर दुकानदार और एक क्लर्क को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि पुलिस केस संख्या 29/25 आइपीसी 318(4)612,66 आइटीआर (9) में 12 जने को गिरफ्तार कर कोर्ट चालान किया गया है। जानकारी के मुताबिक पता चला कि 29 तारीख को बरगढ़ जिले के बरपाली महाविद्यालय में तीसरे सेमेस्टर का प्रश्नपत्र लीक हुआ था। निरीक्षण के दौरान स्क्वाड टीम को कुछ छात्रों के पास से एक




ही तरह का प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका मिली। इस की सूचना महाविद्यालय की अध्यक्ष जयंती दास को दी गयी तो वह हॉल में आईं और निरीक्षण किया। प्रश्नपत्र लीक होने की जानकारी होने पर उन्होंने तुरंत बरपाली थाने में इसकी सूचना दी। इसके बाद प्रश्नपत्र में छेड़-छाड़ के मामले में पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# नथिंग कंपनी 4 मार्च को फोन (3ए) सीरीज का अनावरण करेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** लंदन स्थित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने शुक्रवार को अपने नवीनतम कम्युनिटी क्वॉर्टर्ली अपडेट वीडियो में घोषणा की है कि वह 4 मार्च को दिन के 3:30 बजे अपने फोन (3ए) सीरीज का अनावरण करेगी। सूचना पाने के इच्छुक फ्लिपकार्ट पर साइन अप कर सकते हैं। अपडेट के दौरान, नथिंग के सह-संस्थापक आकिस इवेंजेलिडिस ने कहा कि (ए) सीरीज के लिए हमारे पास अलग तरह के यूजर्स हैं। जब लोग स्मार्टफोन खरीदते हैं, कुछ लोग बेहतरीन स्पेसिफिकेशन की तलाश में होते हैं। वे नये से नया इनोवेशन और प्रोसेसर चाहते हैं,




लेकिन कुछ अन्य यूजर्स ऐसे भी होते हैं, जो टेक्नोलॉजी को लेकर उतने ही उत्साहित होते हैं, लेकिन उनके लिए एक बेहतरीन यूजर एक्सपीरियंस ही काफी होता है। यही हैं वे लोग जिनके लिए (ए) सीरीज है। हम वाकई कैमरा, स्क्रीन, प्रोसेसर और खासतौर से डिजाइन जैसी जरूरी चीजों पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा नथिंग ने अपने अपडेट में बताया कि कंपनी ने अपनी स्थापना अक्टूबर 2020 में होने के बाद से अब तक $1 बिलियन से अधिक का रेवेन्यू पार कर लिया है, यानी केवल चार साल में।

नथिंग के मुख्य वित्तीय अधिकारी, टिम होलब्रो ने कहा कि इसमें से आधे से ज्यादा रेवेन्यू सिर्फ. पिछले साल यानी 2024 में आया है। और सबसे ज्यादा खुशी की बात यह है कि हम यही करना चाहते थे। हमने फोन (2) और ईयर (2) की सफलताओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, फोन (2ए), फोन (2ए) प्लस और सीएमएफ फोन 1 के साथ 2024 में प्रवेश किया। हमने इन प्रोडक्ट्स को बाजार में उतारा और बिजनेस को बड़ा बनाने पर काम किया। इससे हमारे राजस्व में जबरदस्त वृद्धि आयी है।

# सम हेल्थ केयर सर्विसेज ओड़िशा में 50 बिस्तरों वाले अस्पतालों में 1,000 करोड़ का निवेश करेगी

**आजाद सिपाही संवाददात**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सरकार ने जमीनी स्तर पर लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए राज्य के प्रत्येक जिले में 50 बिस्तरों वाले मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करने के सम हेल्थ केयर सर्विसेज के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।


सम हेल्थकेयर सर्विसेज के परियोजना प्रबंधक अनुराग नायक ने कहा कि 1000 करोड़ रुपये



की इस परियोजना का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय शहर में प्राथमिक, माध्यमिक, आघात, आपातकालीन, नैदानिक, जराचिकित्सा देखभाल और फिजियोथेरेपी सुविधाओं के साथ-साथ फामेर्सी आउटलेट प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस निवेश से 900 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 6000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे।

प्रस्ताव की स्वीकृति की घोषणा यहां उत्कर्ष ओडिशा सम्मेलन में राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संसदीय कार्य, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ मुकेश महालिंग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की आयुक्त सह सचिव एस अश्वथी की उपस्थिति में की गयी।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**